ईश्वर में हमारा विश्वास

सत्यमेव जयते

# राष्ट्रीय नवीन मेल

डालटनगंज एवं रांची (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com ● डालटनगंज ● आश्विन शुक्ल पक्ष 03 ● विक्रम संवत 2080 ● मंगलवार, 17 अक्टूबर 2023 ● वर्ष-30 ● अंक-04 ● पृष्ठ-12 ● मूल्य ₹ 2.00

## नवरात्र : तीसरा दिन

### मां चंद्रघंटा



पिण्डज प्रवरारूढा चण्डकोपास्त्रकैयुर्ता।
प्रसादं तनुते मह्यम् चन्द्रघण्टेति विश्रुता॥

**ध्यान मंत्र**–जो पक्षिप्रवर गरुड़ पर आरूढ़ होती हैं, उग्र कोप और रौद्रता से युक्त रहती हैं तथा चंद्रघंटा नाम से विख्यात हैं, वह दुर्गा देवी मेरे लिए कृपा का विस्तार करें।

पलामू के रास्ते शराब की तस्करी का खुलासा

## ट्रक सहित भारी मात्रा में शराब की खेप जब्त

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू पंजाब से बिहार जा रही शराब की खेप को पलामू पुलिस ने जब्त कर लिया है। साथ ही मामले में पुलिस ने एक शराब तस्कर को भी गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तस्कर पंजाब के फिरोजपुर का रहने वाला है। पलामू एसपी रीष्मा रमेशन ने शराब की खेप पकड़े जाने की पुष्टि की है। दरअसल, पलामू पुलिस को सूचना मिली थी कि शराब की एक बड़ी खेप बिहार के इलाके जाने वाली है। इस सूचना पर पलामू पुलिस ने अभियान शुरू किया था। विश्रामपुर थाना क्षेत्र में पलामू पुलिस ने चेकिंग अभियान की शुरूआत की थी। अभियान के क्रम में विश्रामपुर थाना के पास से एक ट्रक पार हो रहा था। पुलिस को देखते ही चालक ट्रक लेकर तेजी से भागने लगा, लेकिन पुलिस ने पीछा कर ट्रक को पकड़ लिया। पुलिस ने ट्रक रोक कर ट्रक की तलाशी ली। इस क्रम में ट्रक से 450 पेटी से अधिक शराब बरामद की गई। इस क्रम में पुलिस ने ट्रक चालक को गिरफ्तार कर लिया। जब्त शराब अंग्रेजी है और उस पर एक कंपनी का लेवल लगा हुआ है। बरामद शराब की खेप की कीमत लाखों में आंकी जा रही है। गिरफ्तार ट्रक चालक ने पुलिस को बताया है कि माफिया व्हाट्सएप कॉल से उससे बात करते थे। शराब की खेप कहां जानी है उसे इसकी जानकारी नहीं है। पंजाब से निकलने के ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर



पलामू पुलिस को मिली बड़ी सफलता

## टॉप नक्सली कमांडर महेश्वर राम गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू प्रतिबंधित नक्सली संगठन तृतीय सम्मेलन प्रस्तुत कमेटी टीएसपीसी के खिलाफ पलामू पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। टॉप कमांडर महेश्वर राम को पलामू पुलिस ने गिरफ्तार किया है। वह पलामू के हरिहरगंज थाना क्षेत्र के भंवरदह का रहने वाला है। दरसल पलामू पुलिस को सूचना मिली थी कि महेश्वर राम इलाके में टीएसपीसी को मजबूत करने में लगा हुआ है। हिंसक घटना को अंजाम देने के फिराक में है। इसी सूचना के आलोक में पलामू की हरिहरगंज पुलिस ने सर्च अभियान शुरू किया था। इसी सर्च अभियान में महेश्वर राम को पलामू पुलिस ने गिरफ्तार किया। पलामू एसपी रीष्मा रमेशन ने टीएसपीसी के कमांडर महेश्वर राम की गिरफ्तारी की पुष्टि की है। दरसअल महेश राम कुछ वर्ष पहले नक्सल हमले के आरोप में जेल गया था, जेल से बाहर निकलने के बाद वह फिर से टीएसपीसी के दस्ते में शामिल हो गया था। महेश्वर राम टीएसपीसी के सबजोनल कमांडर नगीना के दस्ते में शामिल था। नगीना के साथ दस्ते में एक और सबजोनल कमांडर एरिया 1 कमांडर बुटन, महेंद्र सिंह खरवार शामिल है। गिरफ्तार महेश्वर राम ने पलामू पुलिस को बताया है कि टीएसपीसी के दस्ते में करीब 15 से 20 लोग शामिल हैं। दस्ते के पास कौन-कौन से हथियार और सामग्री मौजूद हैं, यह भी पुलिस को जानकारी दी है। महेश्वर राम ने पलामू पुलिस को बताया है कि छतरपुर, हरिहरगंज, विश्रामपुर नावाबाजार, पांडू, हुसैनाबाद और नौडीहा बाजार के इलाके में कौन कौन से लोग मददगार हैं। दस्ते को सूचना के साथ साथ हथियार और गोली कौन कौन उपलब्ध करवा रहे हैं। महेश्वर से मिली जानकारी के बाद पलामू पुलिस कई इलाकों में छापेमारी कर रही है।



## गागर में सागर

### झारखंड कैबिनेट की बैठक कल



**रांची।** राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक 18 अक्टूबर को होगी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में होने वाली इस बैठक में जनहित के कई निर्णय लिए जायेंगे। राज्य कर्मियों को दुगार्पूजा गिफ्ट के रूप देने के लिए कुछ घोषणाएं की जा सकती है। कैबिनेट की बैठक दोपहर तीन बजे से प्रोजेक्ट भवन सभागार में होगी। इस संबंध में मंत्रिमंडल सचिवालय एवं समन्वय विभाग ने आदेश जारी कर दिया है। कैबिनेट बैठक के लिए प्रस्ताव सभी विभागों से मांगा है।

### जमीन घोटाला मामला : छवि रंजन ने दायर की जमानत याचिका

**रांची।** जमीन घोटाले मामले में आरोपित निलंबित आईएएस छवि रंजन ने सोमवार को ईडी के विशेष न्यायाधीश दिनेश राय की अदालत में जमानत याचिका दाखिल की है। यह मामला चेशायर होम रोड में फर्जी दस्तावेज के सहारे जमीन की खरीद-बिक्री से जुड़ा है। इससे पहले उन्होंने बरियातू के सेना की जमीन से जुड़े दूसरे केस में जमानत अर्जी दाखिल की थी, जिसे अदालत ने खारिज कर दिया था। ईडी रांची में जमीन से जुड़े दो मामलों की जांच कर रही है। दोनों ही मामलों में छवि रंजन आरोपित है। फिलहाल छवि रंजन बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार (जेल) में बंद है।

### बड़े भाई के हत्यारे छोटे भाई को सात साल की सजा

**दुमका।** अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, द्वितीय राकेश कुमार मिश्र की अदालत ने सोमवार को नौ साल पहले रामगढ़ में जमीन विवाद में भाई की हत्या करने वाले छोटे भाई बाजे हेम्ब्रम को दोषी करार देते हुए सात साल और दस हजार रुपया जुमार्ना की सजा सुनाई। जुमार्ना नहीं देने पर अभियुक्त को छह माह की अतिरिक्त सजा काटनी होगी। एपीपी ने बताया कि बड़ा सिमल पहाड़ी गांव की दुल्लड़ सोरेन ने 15 फरवरी 17 को पुलिस के समक्ष बयान दिया कि उसके पति अठवार हेम्ब्रम का देवर बेजा हेम्ब्रम के साथ जमीन को लेकर पहले से विवाद चल रहा था। घर के समीप दोनों के बीच कहासुनी हुई। इसके बाद देवर नाराज हो गया और घर के अंदर से कुल्हाड़ी लाकर पति पर हमला कर दिया। सिर पर प्रहार होने से पति गिर गए और मौके पर ही मौत हो गई। मौत के बाद ग्रामीणों ने बैजा को पकड़ लिया और पुलिस के आने पर उसके हवाले कर दिया।

मुख्यमंत्री ने शिक्षकों को सौंपा नियुक्ति पत्र, बोले

## बड़े पैमाने पर हो रही हैं नियुक्तियां

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि राज्य में बड़े पैमाने पर नियुक्तियों की प्रक्रिया जारी है। कई विभागों में नियुक्ति हो चुकी है तो कई पदों के लिए नियुक्ति प्रक्रिया चल रही है। यह सिलसिला आगे भी जारी रहेगा। इसी कड़ी में आज आपके बीच नियुक्ति पत्र का वितरण हो रहा है। आपसे उम्मीद है कि एक शिक्षक के रूप में आप बच्चों का भविष्य संवारने के साथ राज्य के विकास में अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा से करेंगे। मुख्यमंत्री सोमवार को डॉ रामदयाल मुंडा फुटबॉल स्टेडियम मोरहाबादी में आयोजित शिक्षक नियुक्ति पत्र वितरण समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने माध्यमिक विद्यालयों के लिए चयनित स्नातक प्रशिक्षित 827 शिक्षकों में से 24 शिक्षकों को सांकेतिक रूप से नियुक्ति पत्र प्रदान किया।

**पहली बार नियुक्ति नियमावली के तहत हो रही नियुक्तियां :** मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड अलग राज्य गठन के दो दशक से ज्यादा हो चुके हैं, लेकिन कभी नियुक्ति नियमावली नहीं बन सकी। इस वजह से पहले जो भी नियुक्तियां हुई, वह विवादों के घेरे में आती रही। मामला न्यायालयों में पहुंचा। इस वजह से नियुक्तियों में तो विलंब हुआ ही, साथ ही भ्रष्टाचार की बातें लगातार सामने आईं। हमारी सरकार पहली बार नियुक्ति नियमावली बनाकर विभिन्न विभागों में खाली पदों पर नियुक्तियां कर रही है। जेपीएससी का रिजल्ट रिकॉर्ड समय में जारी हुआ और इसमें 32 ऐसे अधिकारी बने, जो बीपीएल श्रेणी से आते हैं। यह इस बात का गवाह है कि जेपीएससी की परीक्षा में पूरी ईमानदारी और पारदर्शिता बरती गई और कहीं कोई विवाद पैदा नहीं हुआ।

**सरकारी विद्यालयों को निजी विद्यालयों की तर्ज पर किया अपग्रेड :** मुख्यमंत्री ने कहा कि आज प्रतिस्पर्धा का जमाना है। ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर



### जी-गुरुजी एप की लॉन्चिंग

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग द्वारा तैयार जी-गुरुजी एप को लांच किया। इस एप के जरिए राज्य के सरकारी विद्यालयों के विद्यार्थी डिजिटल कंटेंट के साथ ऑडियो-वीडियो माध्यम से विद्यालय के अलावा अपने घर में भी पढ़ाई कर सकते हैं।

### निजी क्षेत्र में भी नौकरी के खुले द्वार

मुख्यमंत्री सोरेन ने कहा कि सरकारी विभागों में तो नियुक्तियों का दौर चल ही रहा है। डॉक्टर, इंजीनियर, पशु चिकित्सक, आयुष चिकित्सक, कृषि पदाधिकारी, खेल पदाधिकारी, पंचायत सचिव, नर्स और लिपिकों आदि के पदों पर नियुक्ति हो चुकी है। वहीं, रोजगार मेला लगाकर निजी संस्थानों और कंपनियों में भी लगभग 34 हजार नौजवानों को ऑफर लेटर मिल चुका है। सरकार का प्रयास है कि यहां के नौजवानों को अपने पैरों पर खड़ा कर सकें। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार जो कहती है उसे निश्चित तौर पर पूरा करती है। मैं यह तो दावा नहीं करता कि राज्य की सारी समस्याओं का समाधान हो गया है। लेकिन, इस दिशा में लगातार प्रयास कर रहे हैं। जनता की समस्याओं को विशेष प्राथमिकता के तौर पर दूर किया जा रहा है। यही वजह है कि हमारी सरकार से जनता की उम्मीदें और आकांक्षाएं भी काफी बढ़ रही है। हमारी सरकार तमाम चुनौतियां के बीच राज्य को नई दिशा प्रदान करने का काम कर रही है।

## अवैध खनन के दौरान धंसी चाल, दो की मौत, कई के दबने की आशंका



**धनबाद।** झारखंड के धनबाद में अवैध खनन के दौरान चाल धंसने से बड़ा हादसा हो गया। घटना ईसीएल मुगमा क्षेत्र के कापासारा आउटसोर्सिंग की है, जहां अवैध कोयला उत्खनन के दौरान चाल धंसने से दो लोगों की मौत हो गई है, जबकि दस से बारह लोगों के दबे होने की आशंका है। घटना को लेकर स्थानीय लोगों में आक्रोश है। बताया जाता है कि हादसा निरसा के ईसीएल मुगमा क्षेत्र अंतर्गत कापासारा आउटसोर्सिंग के बंद खदान में हुआ है। यहां पर सोमवार तड़के कुछ मजदूर अवैध खनन कर रहे थे। इसी दौरान खदान के पास स्थित गर्म खाद नाम के तालाब का सारा पानी आउटसोर्सिंग में समा गया। जिस कारण यह घटना घटी।

घटना में जिन दो लोगों को मौत हुई है, उनकी पहचान एग्यारकुंड दक्षिण पंचायत के सियारकनाली निवासी यमुना राजवंशी (37) और केशरकूलर निवासी तापस दास (24) के रूप में हुई है। घटना के बाद आउटसोर्सिंग परिसर में सन्नाटा पसरा हुआ है। गोपनीय रूप से प्रबंधन सूत्र के लोग आना-जाना कर रहे हैं। घटनास्थल से महज 100 मीटर की दूरी पर स्थित कोलियरी कार्यालय के अधिकारी एवं कर्मी तत्काल इस मामले में कुछ भी बताने से परहेज कर रहे हैं। हालांकि, घटनास्थल के समीप ईसीएल प्रबंधन की ओर से जेसीबी मशीन लगाकर भराई का काम शुरू करवा दिया गया है। पुलिस प्रशासन से जुड़े कोई भी अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचे हैं। घटना के संबंध में बताया जाता है कि रविवार की देर रात एक दर्जन से अधिक लोग अवैध खनन करने के लिए कापासारा ओसीपी के मुहाने में प्रवेश कर गए। हाल के करीब चार माह से कोलियरी का उत्पादन तकनीकी एवं न्यायिक कारणों से बाधित है। इधर ओसीपी प्रबंधन द्वारा जहां बेंच कटिंग कर उत्पादन किया गया था, जिसे 200-300 से अधिक कोयला तस्करों द्वारा खोलकर रख दिया गया है। इसी अवैध खदान में कोयला उत्पादन के दौरान यह घटना घटी है।

## अमीषा पटेल फिर नहीं पहुंची कोर्ट वकील ने अदालत से मांगा समय

**रांची।** चेक बाउंस और धोखाधड़ी मामले में अभिनेत्री अमीषा पटेल अपना बयान दर्ज कराने रांची नहीं पहुंचीं। उन्हें सोमवार को रांची सिविल कोर्ट में पेश होना था। लेकिन सोमवार को इस मामले में जज डीएन शुक्ला की अदालत में अमीषा पटेल की जगह उनके अधिवक्ता उपस्थित हुए। अभिनेत्री के अधिवक्ता ने कोर्ट से समय की मांग की है। साथ ही उनके द्वारा धारा 311 के तहत पिटीशन भी दाखिल की गई। धारा 311 के तहत अमीषा पटेल के वकील ने शिकायतकर्ता से एक बार फिर कोर्ट में गवाही देने की मांग की है। जिसका शिकायतकर्ता के वकील ने विरोध किया। बता दें कि अमीषा पटेल की ओर से पहले भी दो बार समय मांगा जा चुका है। इसके लिए जज डीएन शुक्ला की अदालत ने अभिनेत्री अमीषा पटेल पर 500 रुपये का जुर्माना भी लगाया था। शिकायतकर्ता अजय कुमार सिंह की ओर से सिविल कोर्ट में केस दायर करने के बाद अमीषा पटेल के खिलाफ वारंट भी जारी किया गया था। जिसके बाद जून महीने में अमीषा पटेल सशरीर कोर्ट में पेश हुई थी। लेकिन उसके बाद से वह लगातार समय की मांग कर रही हैं।

## डिलीवरी ब्वॉय से लेकर कैब ड्राइवर तक की न्यूनतम मजदूरी के लिए बन रही पॉलिसी, कमेटी का हुआ गठन

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** फूड-पिज्जा डिलीवरी या इस तरह के काम करने वालों को मिनिमम वेज हासिल हो, इसके लिए झारखंड सरकार पॉलिसी बनाने की तैयारी कर रही है। राज्य सरकार के श्रम विभाग ने इसके लिए कमेटी गठित कर दी है। झारखंड पहला राज्य है, जिसने स्विगी-जोमैटो-ओला-उबर-रैपिडो जैसी कंपनियों के लिए कांट्रैक्ट या कमीशन पर काम करने वालों को न्यूनतम मजदूरी के दायरे में लाने की दिशा में कदम बढ़ाया है। ऐसी पहल अब तक देश के किसी राज्य की सरकार ने नहीं की है। राज्य के श्रम विभाग के अंतर्गत झारखंड राज्य न्यूनतम मजदूरी परामर्शदातृ पर्षद की ओर से गठित की गई कमेटी में श्रम आयुक्त संजीव कुमार बेसरा, न्यूनतम वेतन बोर्ड के डायरेक्टर राजेश प्रसाद, झारखंड फेडरेशन ऑफ चैंबर के अध्यक्ष किशोर मंत्री, इंटक के प्रदेश अध्यक्ष राकेश्वर पांडेय सहित सीटू, बीएमएस और एटक ट्रेड यूनियन के प्रतिनिधियों को शामिल किया गया है। कमेटी अध्ययन करेगी कि स्विगी-जोमैटो, ओला-उबर ड्राइवर, गिग वर्कर्स, ऑनलाइन डिलीवरी ब्वॉय किन परिस्थितियों में काम कर रहे हैं। इसी आधार पर इनकी न्यूनतम मजदूरी को लेकर अनुशंसा की जाएगी। अनुमान है कि पूरे झारखंड के विभिन्न जिलों में लगभग 12 लाख लोग ऐसे कामों में लगे हैं। बता दें कि इसके पहले झारखंड सरकार राज्य में काम करने वाले सभी प्राइवेट कंपनियों में 40 हजार रुपए मासिक तनख्वाह वाली नौकरियों में 75 प्रतिशत पद राज्य के स्थानीय लोगों के लिए आरक्षित करने का कानून बना ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर




### हाई कोर्ट से भाजपा सांसद निशिकांत दुबे को राहत बरकरार

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट में भाजपा के गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे की याचिका पर सोमवार को सुनवाई हुई। न्यायाधीश जस्टिस संजय कुमार द्विवेदी की अदालत ने निशिकांत दुबे को मिली राहत को बरकरार रखने का फैसला सुनाया है। उनके खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक के आदेश को 12 दिसंबर तक विस्तार दिया। सांसद निशिकांत दुबे ने सचिवालय घेराव के दौरान धुर्वा थाना में दर्ज प्राथमिकी को निरस्त करने के लिए याचिका दाखिल की थी। निशिकांत दुबे की ओर से अधिवक्ता प्रशांत पल्लव और पार्थ जालान ने पक्ष रखा। इस मामले में अदालत अब 12 दिसंबर को सुनवाई करेगा। मामले में राज्य सरकार की ओर से जवाब दाखिल कर दिया गया है, जिसका याचिकाकर्ता को प्रतिउत्तर देना है। इस साल के अप्रैल माह में भाजपा के सचिवालय घेराव कार्यक्रम में हुए उपद्रव के बाद तीन पूर्व मुख्यमंत्री, पांच सांसद समेत 41 लोगों पर धुर्वा थाना में केस दर्ज किया गया था, जिसकी कांड संख्या 107/2023 है। आरोपितों पर उपद्रव करने, दंगा भड़काने, सरकार के निर्देशों का उल्लंघन करने, सरकारी कार्य में बाधा डालने, अपराध के लिए उकसाने और दूसरे व्यक्ति को नुकसान पहुंचाने से संबंधित धाराएं लगायी गयीं।

### आईसीसी वर्ल्ड कप 2023




आस्ट्रेलिया -215/5 ( 35.2 ओवर)

श्रीलंका - 209/10 (42.3 ओवर)

**आज का मैच**

साउथ अफ्रीका बनाम नीदरलैंड्स धर्मशाला (2 बजे से)

मिशन-2024 के लिए भाजपा सेट कर रही है सियासी फॉर्मूला

## जातीय समीकरण पर फोकस

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में भाजपा ने जातीय समीकरण को देखते हुए दलित नेता अमर कुमार बाउरी को विधायक दल का नेता चुना है। वहीं पिछड़ा वर्ग से आने वाले जयप्रकाश भाई पटेल को विधानसभा में सचेतक बनाया गया है। जबकि कुछ दिन पहले ही आदिवासी नेता बाबूलाल मरांडी को पार्टी का प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया है। मिशन 2024 को देखते हुए पार्टी ने झारखंड की टीम को सियासी तौर पर मजबूत करने की चाल चल दी है।

जानकारों की मानें तो झारखंड में पिछड़ों की आबादी 55 प्रतिशत के आसपास है। वहीं 26.3 प्रतिशत आबादी आदिवासियों की है। इसके साथ ही करीब 11 प्रतिशत दलित (एससी) की आबादी है। इसलिए भाजपा की ओर से आबादी के हिसाब से पार्टी और सरकार में नेताओं को जगह दी जा रही है। जिस तरह से पिछड़ों की आबादी है, उसी हिसाब से चार बड़े नेताओं रघुवर दास, अन्नपूर्णा देवी, बिरंची नारायण और जयप्रकाश भाई पटेल को संगठन और सरकार में जिम्मेवारी दी गई है। वहीं दो बड़े आदिवासी चेहरे बाबूलाल मरांडी और अर्जुन मुंडा को प्रदेश अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री की जिम्मेवारी दी गई है। दलित नेता अमर कुमार बाउरी पर पार्टी नेतृत्व ने बड़ा दाव खेला है। उन्हें विधायक दल का नेता बनाया गया है। बता दें कि अमर कुमार बाउरी वर्तमान में झारखंड के चंदनकियारी से विधायक और भाजपा एससी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष हैं। वह एक युवा और ऊजार्वान नेता हैं। पिछली रघुवर दास सरकार में वे खेल एवं युवा मामलों के मंत्री थे। अमर बाउरी 2014 में जेवीएम के टिकट पर चुनाव जीतकर झारखंड विधानसभा पहुंचे थे, लेकिन कुछ ही दिन बाद वह बीजेपी में शामिल हो गए और उन्हें मंत्री बनाया गया। वहीं, जयप्रकाश भाई पटेल, पिता टेकलाल महतो के निधन के बाद अक्टूबर 2011 में राजनीति में सक्रिय हुए। उसी साल हुए उपचुनाव में उन्होंने जेएमएम के टिकट पर उपचुनाव लड़ा और जीत दर्ज की। फिर 2014 में उन्होंने जेएमएम से ही जीत दर्ज की, लेकिन 2019 चुनाव से ठीक पहले बीजेपी में शामिल हो गए और अपने ही सगे भाई को चुनाव के मैदान में पटखनी दी और जीत दर्ज किया। जयप्रकाश भाई पटेल सदन से लेकर सड़क तक काफी मुखर रहे हैं। टेकलाल महतो की महतो वोट बैंक पर अच्छी पकड़ थी। इसलिए माना जाता है कि उन्हें इस समाज का समर्थन हासिल है। उधर, ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर



## हाई कोर्ट में सरकारी जमीन की खरीद-बिक्री के मामले में हुई सुनवाई

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट में सोमवार को जंगल की जमीन एवं सरकारी जमीन की खरीद बिक्री की जांच कराने को लेकर कृषि ज्ञान संस्था के डॉ लाल राजीव रंजन नाथ शाहदेव की जनहित याचिका पर सुनवाई हुई। मामले में मिनिस्ट्री ऑफ एनवायरमेंट एंड क्लाइमेट चेंज, मिनिस्ट्री ऑफ कोल और राज्य सरकार का जवाब कोर्ट में दाखिल नहीं हो सका। कोर्ट ने जवाब दाखिल नहीं होने पर नाराजगी जताते हुए प्रतिवादियों को जवाब दायर करने के लिए दो सप्ताह का समय दिया। चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मामले की सुनवाई की। पिछली सुनवाई में कोर्ट ने सचिव, मिनिस्ट्री ऑफ एनवायरमेंट एंड क्लाइमेट चेंज और नेशनल मिनरल डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड को प्रतिवादी बनाया था। याचिकाकर्ता की ओर से ज्ञानरंजन नाथ शहदेव ने पैरवी की। कोर्ट को बताया गया था कि कुछ प्राइवेट कंपनियों और कुछ व्यक्तियों के द्वारा राज्य में जंगल एवं सरकारी भूमि की खरीद बिक्री की गई है और जमीन का अतिक्रमण किया गया है, जो नियम विरुद्ध है, जिसकी जांच कराई जानी चाहिए। इसके बाद कोर्ट ने उक्त प्राइवेट कंपनियों को नोटिस जारी किया था। याचिकाकर्ता की ओर से कोर्ट के समक्ष राज्य के फॉरेस्ट की ऑडिट रिपोर्ट भी प्रस्तुत की गई थी। इसमें बताया गया था कि सुप्रीम कोर्ट ने सभी राज्य को 30 सितंबर 2002 तक के तय समय सीमा में जंगल से अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया था। लेकिन 20 वर्ष होने के बाद भी जंगल से अतिक्रमण नहीं हटाया गया और राज्य में 62952 एकड़ जंगल में निजी कंपनी और अतिक्रमणकारियों के द्वारा रजिस्ट्री के माध्यम से जमीन को खरीद लिया है। फॉरेस्ट सर्वे ऑफ इंडिया एवं राज्य सरकार के कुल फॉरेस्ट एरिया में लगभग 2.5 लाख का अन्तर है।

## गागर में सागर

### दिहाड़ी मजदूर का पांच दिन बाद श्रीलंका से गांव पहुंचा शव

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के भगवान विगहा गांव निवासी दिहाड़ी मजदूर युगुल राम (33) वर्ष का शव श्रीलंका से सोमवार की सुबह गांव पहुचा है। मालूम हो कि मजदूर श्रीलंका के अशोक टीएमटी नामक कंपनी में काम करता था । जहां उसकी मौत हो गयी थी, मजदूर का शव श्रीलंका से दिल्ली और दिल्ली से पटना और पटना एम्बुलेंस से हुसैनाबाद भेजा गया। मृतक युगल रामका शव देखने के बाद उसकी पत्नी ललिता देवी व परिजन के चित्कार से गांव में माहौल गमगीन हो गया। मजदूर के घर का आर्थिक स्थिति भी ठीक नही है।मजदूर के 8 वर्ष के बच्ची व 10 वर्ष का बेटा है। मजदूर के परिजनों को कंपनी द्वारा बताया गया कि तबियत खराब था, जिसके कारण उसकी मौत हो हुई है।इस घटना पर कई लोगों ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। इसमें राजद प्रदेश अध्यक्ष संजय कुमार सिंह यादव, भाजपा नेता सह किसान बिग्रेड के संरक्षक कर्नल संजय सिंह,राम जी राम, अजय भारती,मुखिया विजय राम ,पप्पू सिंह,मंदीप राम सहित कई लोगों ने गांव पहुंच कर शोक संवेदना व्यक्त किया है।

### रामचरित मानस पाठ से बहने लगी भक्ति की बयार



**हुसैनाबाद।** पलामू के हुसैनाबाद शहर स्थित महावीर जी भवन परिसर में आयोजित 43वां रामचरित मानस नवाह्न परायण महायज्ञ में वैदिक मंत्रोच्चार से शहर में भक्ति की बयार बहने लगी है। महावीर जी भवन में मानस नगरी रजवरिया से पधारे आचार्य धर्मराज पांडेय के नेतृत्व में महायज्ञ जारी है। जिसमें सहायक पाठ कर्ता के रूप में सौरभ पांडेय, नवनित मिश्रा, संजय पाठक, पियूष मिश्रा, शिवम पाडेय, महेंद्र पांडेय, संजीत मिश्रा, रविन्द्र मिश्रा, पवन मिश्रा शामिल हैं। यहां आचार्यो द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण से शहर में भक्ति की बयार बहनें लगी है। वही संध्या आरती में भी श्रद्धालु उपस्थित होकर सुखमय जीवन की कामना कर रहे है। संध्या आरती में आचार्य धर्मराज पांडेय ने कहा कि मानव जीवन भागम-भाग जीवन में सुख-शांति की कामना करता है। यह अंतर्मन से शांति मिलेगा। इसके लिये अध्यात्म की शरण जरूरी है। उन्होंने कहा कि रामनाम जप से ही सभी अमंगलों का नाश होगा। आज विश्व स्तर पर आपसी प्रेम व समन्वय का क्षरण हो रहा है। प्रेम ही वह धुरी है, जो मानवीय मूल्यों को जीवित रखा है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में मंदिर के पुजारी गोपाल पाठक, महायज्ञ समिति के अध्यक्ष राजेंद्र पाल, सचिव राजेश सिंह, मुरारी अग्रवाल,संतोष कुमार, सूरज प्रसाद गुप्ता, मनीष, पप्पू, कल्लू, सुबोध कश्यप, मनीष, छोटे लाल, शनि, मोनू आदि सक्रिय है।

# पलामू डीसी व एसपी के नेतृत्व में निकाला गया फ्लैग मार्च

### आपसी भाईचारे एवं शांतिपूर्वक वातावरण के साथ त्यौहार मनाने की अपील : उपायुक्त

**नवीन मेल संवाददाता**

**पांकी।** पांकी में दुर्गा पूजा को लेकर पलामू डीसी शशि रंजन एवं पलामू एसपी रिष्मा रमेशन के नेतृत्व में प्रशासनिक पदाधिकारी के द्वारा सोमवार की दोपहर फ्लैग मार्च निकाला गया। इस दौरान पलामू डीसी एवं पलामू एसपी ने प्रखंड के सभी प्रमुख चौक चौराहे का निरीक्षण करते हुए मुख्य बाजार के रास्ते श्री राम जानकी मंदिर पहुंचे जहां उन्होंने मंदिर समिति के लोगों से मुलाकात कर दुर्गा पूजा के विभिन्न कार्यक्रमों की विधि व्यवस्था का जायजा लिया। इसके साथ ही मंदिर परिसर स्थित तालाब का भी अवलोकन करते हुए साफ सफाई की व्यवस्था करने के साथ पूरे परिसर में पूजा समिति के लोगों को सीसीटीवी कैमरे लगवाने के निर्देश भी दिये ताकि हर गतिविधि पर नजर रखी जा सके। निरीक्षण के दौरान पलामू डीसी एवं पलामू एसपी मुख्य चौक स्थित जामा मस्जिद पहुंचे जहां उन्होंने मस्जिद कमिटी को लोगों से मुलाकात कर विधि व्यवस्था का जायजा लिया एवं मस्जिद परिसर का अवलोकन भी किया। फ्लैग मार्च के पश्चात पलामू डीसी शशि रंजन ने पत्रकारों को बताया कि दुर्गा पूजा को लेकर पांकी प्रखंड क्षेत्र का मुआयना किया गया साथ ही लोगों से बातचीत कर उनकी समस्याओं को सुनते हुए उनसे भय मुक्त ,आपसी भाईचारे एवं शांतिपूर्वक वातावरण के साथ त्यौहार मनाने की अपील भी की गई जिसका लोगों से आश्वासन भी मिला। उन्होंने कहा कि समाज में सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखना समाज के प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेदारी है, त्योहार हमेशा खुशियों के साथ खुशियों का संदेश लेकर आता है ऐसे में समाज के प्रत्येक व्यक्ति की यह जिम्मेदारी है कि त्यौहार को सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनायें। इस दौरान मौके पर पलामू डी डी सी, पलामू सदर एसडीओ, पलामू आपूर्ति पदाधिकारी, अंचलाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी राजकुंवर सिंह, पुलिस इंस्पेक्टर अरुण कुमार महथा, थाना प्रभारी उपेंद्र नारायण सिंह, आशीष कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित थे।



## बिना चलान के स्टोन ले जाते तीन ट्रक समेत 29 सौ सीएफटी स्टोन चिप्स जब्त

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** उपायुक्त शशि रंजन के निर्देश के आलोक में जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार के द्वारा अवैध खनन,परिवहन एवं भंडारण को लेकर लगातार कार्रवाई की जा रही है जिला खनन पदाधिकारी द्वारा रविवार की रात में सिंगरा अमानत नदी के पास वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। जिसमें बिना चलान के स्टोन चिप्स ले जाते तीन ट्रक को जब्त किया गया एवं वाहन मालिक,चालक एवं संलिप्त व्यक्तियों के खिलाफ थाने में प्राथमिकी दर्ज करवायी गयी साथ ही संलिप्त व्यक्तियों को चिहिंत करते हुए कार्रवाई का निर्देश दिया।

**2900 चिप्स समेत तीन ट्रक जप्त :** अवैध खनन,परिवहन एवं भंडारण के रोकथाम को लेकर उपायुक्त शशि रंजन के निर्देश के आलोक में जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार रात्रि दस बजे से थाना प्रभारी गौतम कुमार एवं पुलिस बल के साथ सिंगरा अमानत नदी के पास रविवार की रात्रि दस बजे वाहन चेकिंग आरंभ किया,वाहन चेकिंग के दौरान वाहन ट्रक निबंधन संख्या-ः बीआर21जीए-7748, ट्रक निबंधन संख्या-ःजेएच0 एएस-0991 एवं ट्रक निबंधन संख्या-जेएच12जे-3373 पर स्टोन चिप्स लोड पाया गया,वाहन चालक से कागजात की मांग की गयी तो चालक द्वारा किसी प्रकार के कोई भी कागजात उपलब्ध नहीं करवाया गया एवं बिना चलान के ही ट्रक पर स्टोन चिप्स ले जाया जा रहा था. जिसके बाद डीएमओ के द्वारा ट्रकों में लोड 2900 सौ सीएफटी चिप्स समेत ट्रक को जप्त करते हुए वाहन मालिक,चालक एवं संलिप्त व्यक्तियों के खिलाफ थाने में प्राथमिकी दर्ज करवायी गयी।

## भव्य व आकर्षक बना है तोलरा का दुर्गा पूजा पंडाल

### कलकत्ता के कारीगर दे रहे अंतिम रूप



**नवीन मेल संवाददाता**

**नावा बजार।** भारत में धर्म के प्रति लोगो में गहरी आस्था है और इन दिनों श्रद्धा से शारदीय नवरात्र की जगह-जगह धूम मची है। कही लाखो रुपए तो कहीं करोड़ो रुपए खर्च कर भक्त इन दिनों दुर्गा पुजा के लिए पंडाल बनाने में लगे हैं। पलामू जिला के विश्रामपुर प्रखंड अंतर्गत तोलरा गांव में भी इन दिनों कलकत्ता के कुशल कारीगर द्वारा भव्य व आकर्षक पंडाल बनाया जा रहा है। नवयुवक संघ तोलरा के युवाओं द्वारा रात्री में छोटे पर्दे पर रामायण का एपीसोड दिखाया जा रहा है। भक्ती के रंग में रंगा यह गांव अनोखा छटा बिखेर रही है कमेटी के अध्यक्ष प्रेमशंकर तिवारी सचिव रंधा तिवारी कोषाध्यक्ष मुकेश तिवारी मिडिया प्रभारी राम निवास तिवारी दिपु तिवारी सहित दर्जनों युवा रामायण सिरियल के सफल संचालन को लेकर तैयारी में लगे हैं तोलरा के मीडिल स्कूल में भक्तों के लिए सायंकाल से हीं राम लक्ष्मण माता सीता सहित रामायण में हनुमान सुग्रीव वशिष्ठ एवं अन्य की झलक के रुप में देख सकेंगे।

### राम की कृपा वहीं होती है, जहां उनके भक्त मिलते हैं

# रामकथा के श्रवण से ही मनुष्य के धूल जाते हैं सभी पाप : सुश्री देवी

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** श्री दुर्गा पूजा समिति चौक बाजार हैदरनगर की ओर से आयोजित संगीतमयी श्री राम कथा के पहले दिन रविवार की रात काफी संख्या में श्रद्धालु कथा श्रवण को उमड़े हैं। संगीतमयी श्री राम कथा में वृंदावन से आये कथा वाचिका सुश्री स्वाती दीदी ने कहा कि राम कथा श्रवण से सभी मानव का जीवन में कष्ट दूर होती है। संसार के सभी जीवों का मंगल राम कथा के श्रवण से ही संभव हो सकेगा। उन्होंने कहा कि राम कथा से ही घर परिवार के बीच वातावरण शुद्ध होता है। इसे केवल सुनना नहीं बल्कि अनुसरण करने की जरुरत है। जितने सरल व सहज प्रभु श्रीराम हैं, उतना ही सरल श्री राम कथा है। जिसके श्रवण मात्र से ही मनुष्य के सभी पाप धुल जाते व मन, पवित्र, शुद्ध हो जाता है। जिसका मन पवित्र होता है, उसे ही श्रीराम स्वीकार करते हैं। राम कथा पाप करने की प्रवृत्ति को खत्म कर देता है। उन्होंने कहा कि जहां भगवान श्रीराम की कृपा होती है, उसी जगह रामकथा संभव हो पाती है। राम की कृपा वहीं होती है, जहां उनके भक्त मिलते हैं। भगवान का सच्चा भक्त उन्हें जिस रुप में याद करता है, वह उसी रुप में दर्शन देते है। वहीं श्री राम के चरित्र का वर्णन करते हुए कहा कि जिसका चरित्र उत्तम होता है, वही संसार में पूजनीय होता। उन्होंने कहा कि प्रभु ने ही मानव शरीर बनाया है। लेकिन पुरुषार्थ मानव का धर्म है। बिना परिश्रम के कुछ भी मिलना असंभव है। उन्होंने कहा कि भगवान भक्ति के अधीन होते हैं। श्रद्धापूर्वक की गई भक्ति के आगे वह विवश होते हैं। कथा कार्यक्रम के प्रारंभ में जिला परिषद सदस्य संगीता देवी व अन्य कई महिलाओं ने उन्हें प्रसिद्ध स्थानीय देवी मंदिर की तस्वीर भेंट की। वहीं मुखिया संतोष कुमार सिंह ने दीप जलाकर कथा का शुभारंभ कराया। आयोजक मुकेश मेहता, डॉ. अजय जयसवाल, रामप्रवेश मेहता, संतन चौधरी, धनंजय सिंह, मंटू मेहता, अर्जुन प्रजापति, आशीष गुप्ता, पिन्टू सोनी सहित कई युवाओं का योगदान विशेष रहा है।



## टीचर्स एसोसिएशन ने किया सम्मेलन

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** ऑल इंडिया आइडियल टीचर्स एसोसिएशन के तत्वावधान में हुसैनाबा के राजकीय मध्य विद्यालय में राष्ट्र व्यापी अभियान के तहत टीचर्स मीट आयोजन किया गया। इस अभियान का उद्देश्य शिक्षकों का ज्ञानवर्धन, प्रतिभाओं का पोषण, परिवर्तनकारी समाज निर्माण आदि है। अध्यक्षता मुजफ्फर हुसैन एवं संचालन राज्य एडवाइजरी काउंसिल के सदस्य मो. जुबैर अंसारी ने किया। इसका उद्देश्य, शैक्षिक संस्थाओं में बेहतर शैक्षिक माहौल को बढ़ावा देना, शिक्षा को अज्ञानता के प्रभाव से मुक्त करना, शिक्षकों का शैक्षिक, वैचारिक, तकनीकी, नैतिक और व्यवसायिक क्षमताओं के विकास के लिए मार्गदर्शन करना तथा शिक्षकों को सुदृढ़ समाज की स्थापना में अपना सकारात्मक रोल अदा करने के काबिल बनाना, शिक्षकों के जायज अधिकारों के लिए प्रयास करना है।

## पलामू सांसद की पहल पर ग्राम में लगा न्यू ट्रांसफार्मर

**नवीन मेल संवाददाता**

**नावा बजार।** प्रखंड क्षेत्र स्थित ग्राम रजदिरीया के सुख नदिया टोला मे पलामू सांसद विष्णु दयाल राम के पहल पर ग्रामीण जनता के लिए 25 केबी का ट्रांसफार्मर लगवाया गया, इसकी सूचना नावा बजार सांसद प्रतिनिधि पंकज तिवारी ने दी। उन्होंने बताया कुछ दिन पहले ग्राम वासी ने संसद को लिखित आवेदन दिया था एवं बिजली नहीं रहने के कारण ग्रामीण को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। ग्रामीणों की समस्या को समझते हुए संसद के द्वारा नया ट्रांसफार्मर ग्राम में मिला जिससे ग्रामीणों में काफी खुशी की लहर है।




## शपथ-पत्र

मैं शमीम अख्तर अंसारी पिता- स्व. अली अहमद, ग्राम-न्यू मुहल्ला, पो.- शाहपुर, थाना-चैनपुर, जिला-पलामू, झारखंड का निवासी हूं। मैं शपथ पूर्वक घोषणा करता हूं कि इरफान कादरी मेरा पुत्र है। इरफान कादरी का आधार कार्ड और जन्म प्रमाण पत्र में जन्म तिथि 19/08/2009 ई. है। जबकि उसके विद्यालय संत जेबीयर स्कूल के पुस्तिका पंजी में भूलवश जन्म तिथि 12/10/2008 ई. दर्ज हो गया है। जो कि गलत है। इरफान कादरी का सही जन्म तिथि 19/08/2009 है।

**शपथ पत्र संख्या : 43/ 21265 दिनांक : 20/09/2023**

## पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा

### आवश्यक सूचना (नोटिस)

नाम–(1) शंकर पासवान, पे0–गोरख पासवान, सा0–बौलिया, थाना–डंडई, जिला–गढवा आप धुरकी थाना काण्ड सं0–48/2020, दिनांक–02.03.2020, धारा– 366(ए) भा0द0वि0 के प्राथमिकी अभियुक्त हैं, आप उक्त काण्ड में फिरार है। माननीय न्यायालय, अपर मुख्य न्यायीक दण्डाधिकारी अनुमंडल कोर्ट, नगर उटॉरी से फिरार है। आपको सूचित किया जाता है कि माननीय न्यायालय अपर मुख्य न्यायीक दण्डाधिकारी अनुमंडल कोर्ट, नगर उटॉरी में अविलम्ब आत्मसमर्पण करना सुनिश्चित करें।

पुलिस अधीक्षक,
गढ़वा

PR 309200 (Police)23-24*D

## जिला अभियन्ता, जिला परिषद, लोहरदगा (अभियंत्रण कोषांग)

### अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या 14/2023–24

1. विज्ञापनदाता का नाम :जिला अभियन्ता, जिला परिषद, लोहरदगा
2. परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि :दिनांक25.10.2023 को 01.00 बजे अपराह्न तक
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :दिनांक26.10.2023 को04.00 बजे अपराह्न तक
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :दिनांक 26.10.2023 को04.30 बजे अपराह्न में
5. परिमाण विपत्र बिक्री की स्थान : जिला अभियन्ता का कार्यालय, जिला परिषद, लोहरदगा।
6. निविदा प्राप्त करने / खोलने का स्थान :जिला अभियन्ता का कार्यालय, जिला परिषद, लोहरदगा।
7. योजनामद : अनाबद्ध मद
8. कार्य का विवरण

| क्र0/ ग्रुप संख्या | प्रखण्ड | पंचातय | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र की राशि | अग्रधन की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | कुडू | चन्दलासो | ग्रामकौ आखाप अवस्थित तेल उत्पादन भवन में शौचालय एवं पानी की व्यवस्था | 748900.00 | 1250.00 | 15000.00 | 03 (तीन) माह |

योजनाओं की विस्तृत विवरणी, निविदा की शर्तें जिला परिषद, लोहरदगा के सूचनापट्ट पर देखी जा सकती है।

2. जिला परिषद लोहरदगा में समुचित श्रेणी में निबंधित संवेदक ही निविदा में भाग ले सकेंगे। संवेदको को UCAN में निबंधन अनिवार्य होगा।

3. परिमान विपत्र हेतु बैंक ड्रॉफ्ट **DDC-Cum-CEO, ZilaParishad, Lohardaga**के पदनाम से देय होगा, जो बैंक ऑफ इण्डिया के कोर्ट एरिया लोहरदगा शाखा (बैंक कोड–4968) में भुगतेय होगा।

जिला अभियन्ता,
जिला परिषद, लोहरदगा

PR309291 (Lohardaga)23-24*D

## वाडेन,छात्रा–छात्रावास, मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज, पलामू का कार्यालय पलामू

### अल्पकालीन –निविदा आमत्रंण सूचना (NIT)

निविदा संख्या– 01/2023–24

वाडेन,छात्र–छात्रावास, मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज, पलामू के लिए चालु वर्ष 2023–24 में छात्रावास के लिऐ सामाग्री,उपकरण एवं अन्य समानों के खरीद के लिये निविदा दिनांक 18.10.2023 के अपराह्न 12:30 बजे से आमंत्रित किया जाता है।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | समाग्री,उपकरण एवं अन्य समानो के खरीद हेतु |
|---|---|---|
| 1 | निविदा प्रकाषित होने की तिथि एवं समय | दिनांक 18.10.2023,समय 12:30 PM |
| 2 | निविदा खोलने का तिथि, समय एवं स्थल | 03.11.2023 को प्राचार्य,कार्यालय प्रकोष्ठ, 12.30 P.M |
| 3 | निविदा शुल्क(डी0डी0)जो वाडेन,छात्रा–छात्रावास ,मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज,पलामू के नाम से देय होगा। | 1000.00(एक हजार) रू0 Non-Refundable |
| 4 | अग्रधन की राषि (डी0डी0)जो वार्डन छात्रा–छात्रावास मेदनीराय मेडिकल कॉलेज,पलामू के नाम से देय होगां। | 40000(चालीस हजार) रू0 Refundable |
| 5 | निविदा आमंत्रित करने वाले का नाम एवं पता | वाडेन,–छात्रा–छात्रावास मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज,पलामू पोखराहा, (झारखण्ड) 822118 |
| 6 | DD /(Hard Copy) कार्यालय में स्पीड पोस्ट अथवा रजि0 पोस्ट से जमा करने की अंतिम तिथि | 02.11.2023 05 P.M तक |

1. निविदा शुल्क जमा कर निविदा का शर्ते आदि कार्यालय अवधि में वार्डन छात्रा–छात्रावास,मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज,पलामू के कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।
2. उक्त अंकित निहित समय तथा तिथि पर निविदा, क्रय समिति द्वारा तकनीकी भाग खोलते समय निविदाकर्त्ता अथवा उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि उपस्थित रह सकते हैं। निविदाओं के तकनीकी मूल्याकंन के पश्चात् ही सफल निविदादाताओं का मूल्य भाग खोला जाएगा।

वाडेन
छात्रा–छात्रावास
मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज,पलामू

PR 309240 District(23-24)#D

## जिला स्वास्थ्य समिति,गढ़वा

### गढ़वा जिला के प्रत्येक पंचायत में ममता वाहन की सुविधा उपलब्ध कराने के निमित निबंधन हेतु आवेदन आमंत्रण सूचना

झारखण्ड राज्य के अन्तर्गत संस्थागत प्रसव के माध्यम से मातृत्व एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाने के उद्देश्य को दृष्टिगत रखते हुए सभी गर्भवती महिलाओं एवं एक वर्ष तक के बीमार शिशुओं को निःशुल्क परिवहन की सुविधा उपलब्ध करायी जानी है। इस क्रम में राज्य की प्रत्येक पंचायत में कम से कम एक ममता वाहन को उपलब्ध कराया जाना अत्यंत आवश्यक है।

तदनुसार जिले की प्रत्येक पंचायत, जिनकी विवरणी www.garhwa.nic.in पर देखी जा सकती है, में ममता वाहन की सुविधा उपलब्ध कराने के निमित निबंधन हेतु आवेदन आमंत्रित किए जाते है।

राज्य में ममता वाहन संचालन की प्रक्रिया को सरल एवं सुगम बनाने के लिए निम्नांकित व्यवस्थाएँ गई है:–

**प्रशिक्षण:–**

सभी ममता वाहन चालकों को प्राथमिक उपचार तथा वेसिक लाइफ सपोर्ट का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

**भुगतान की प्रक्रिया:–**

ममता वाहन के इस्तेमाल के उपरान्त ऑनलाईन/डी0बी0टी0 के माध्यम से तुरन्त भुगतान सुनिश्चित किया जाएगा।

**ममता वाहन हेतु ऑनलाईन पंजीकरण प्रक्रिया**

गूगल प्ले स्टोर से ममता वाहन ड्राइवर ऐप्लिकेशन को अपने Android फोन में इंस्टॉल करें, एप्लिकेशन को इंस्टॉल कर के आपेन करने पर ममता वाहन रजिस्ट्रेशन के लिए एक फॉर्म दिखेगा। इसमें अपनी जानकारी, जैसे अपना नाम तथा कुछ अन्य जानकारी, वाहन का रजिस्ट्रेशन नम्बर, ड्राइविंग लाइसेंस से जुड़ी जानकारी अपलोड करें, रजिस्ट्रेशन के लिए फॉर्म को सबमिट करें। आपका फॉर्म स्वीकृत/अस्वीकृत हो जाएगा।

**यहाँ सम्पर्क करें**

अधिक जानकारी के लिए अपने क्षेत्र के सिविल सर्जन कार्यालय, गढ़वा/ प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी (मो. नंबर.......) से संपर्क करें। जिला स्तरीय कॉल सेन्टर नंबर 7367986005 पर कॉल के द्वारा।

ममता वाहन की सुविधा प्राप्त करने के लिए 104 कॉल

ममता वाहन आवेदन करने की अंतिम

आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 15 अक्टूबर 2023 था जिसे बढ़ाकर 30 अक्टूबर 2023 किया जाता है।

ह/0
असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–
मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी,गढ़वा

PR 309292 Health Med Edu and Family Welfare(23-24).D

## उपायुक्त का कार्यालय, (समाज कल्याण शाखा) लातेहार

### (निविदा)

सूचना संख्या – 04/2023–24

वित्तीय वर्ष 2023–24 में लातेहार जिला अन्तर्गत समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित आंगनबाड़ी केन्द्रों में पंजीकृत 3–6 वर्ष तक के बच्चों के लिए गर्म पोशाक (हूडी) का क्रय/आपूर्ति निर्धारित दर पर करने हेतु आपूर्तिकर्ता के चयन के निमित मुहरबंद निविदा दिनांक 03.11.2023 को अपराह्न/पूर्वाहन 05.00 बजे तक जिला समाज कल्याण कार्यालय, लातेहार में आमंत्रित किया जाता है। प्राप्त निविदा दिनांक 06.11.2023 को अपराह्न/पूर्वाहन 12.30 बजे जिला स्तरीय क्रय/निविदा समिति के सदस्यों के समक्ष खोला जाएगा, जिसमें निविदादाता या उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि गर्म पोशाक – हूडी के नमूने के साथ भाग लेंगे।

| Sl. | Particulars | Specification |
|---|---|---|
| 01 | Sweater Quality | Unisex |
| 02 | Colour | Maroon |
| 03 | Material (Blend Composition) | Acrylic – 100% (±2%) |
| 04 | Yarn | High Bulk Yarn |
| 05 | Neck Type | Hoodie |
| 06 | Sleeve | Full regular sleeve |
| 07 | Weight | 225 gm & above |
| 08 | Shrinkage or elongation on Washing (max) | 4% or Better |
| 09 | Colour fastness to Light | 4% or Better |
| 10 | Colour fastness to Washing | Change in colour 3 or Better, Stain on Adjacent Fabric 3 or Better |

**विवरणी**

| क्र0 | विवरणी | तिथि |
|---|---|---|
| 1. | निविदा प्रकाशन की तिथि | 14.10.2023 |
| 2. | निविदा जमा करने का स्थान | जिला समाज कल्याण कार्यालय, लातेहार |
| 3. | निविदा जमा करने की अंतिम तिथि व समय | 03.11.2023 को अपराह्न/पूर्वा0 05.00 बजे तक |
| 4. | निविदादाताओं का जिला क्रय समिति के साथ बैठक एवं निविदा खोलने की तिथि | 06.11.2023 को अपराह्न 12.30 बजे (निविदादाता या उनके प्रतिनिधि हूडी के नमूने के साथ बैठक में भाग लेंगे) |

निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी कार्यालय के सूचना पट्ट पर एवं https://www.latehar.nic.in पर देखा जा सकता है।

उपायुक्त, लातेहार।

PR.NO.309190 Women, Child Development & Social Security(23-24):D

## गागर में सागर

### पोल खोल, हल्ला बोल की कांग्रेसी गूंज पाटन व पड़वा में भी

**मेदिनीनगर।** जिले का पाटन प्रखंड एवं पंडवा प्रखण्ड मुख्यालय में कांग्रेस पार्टी द्वारा पोल खोल-हल्ला बोल अभियान के तहत नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया। अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक के नेतृत्व में जुड़ेगा भारत जीतेगा इंडिया लक्ष्य-2024 को लेकर केंद्र सरकार की जन विरोधी नीतियों के खिलाफ पोल खोल हल्ला-बोल अभियान सभी प्रखंड में आयोजित किया जा रहा है। पाटन में आयोजित नुक्कड़ सभा की अध्यक्षता अभय पांडे तथा पंडवा में सिराजुद्दीन ने किया। कार्यक्रम का संचालन अशोक पासवान ने किया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पलामू लोकसभा के संयोजक भीम कुमार उपस्थित थे। सभा को संबोधित करते हुए पार्टी के जिलाध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक ने कहा कि लोकतंत्र खतरे में है। कार्यक्रम में विधानसभा प्रभारी पप्पू पासवान ने कहा कि मोदी सरकार ने सिर्फ एक ही काम किया है केंद्र की एजेंसियों का दुरुपयोग। मौके पर वरिष्ठ सत्यानंद दुबे प्रदेश सचिव अरविंद तूफानी जिला 20 सूत्री उपाध्यक्ष विमला कुमारी अनुसूचित जाति के जिला अध्यक्ष अशोक पासवान प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष रामानंद पांडे त्रिपुरारी सिंह राजा राम सिंह अरुण पासवान प्रदीप पासवान बसंत पासवान राकेश दुबे श्याम पासवान लव सिंह बबन राम सहजाद अली मोहित अंसारी निजामुद्दीन अंसारी शहाबुद्दीन अंसारी अलादीन अंसारी चंपा देवी सविता देवी सरिता देवी सुनीता देवी सैकड़ो की संख्या में महिलाएं एवं पुरुष उपस्थित हुए।

### रामजी सिपाही ने रिलीज किया अपना नया भक्ति गाना




**मेदिनीनगर।** शहर थाना टीओपी वन में कार्यरत टाइगर मोबाइल के जवान रामजी दास सिपाही ने दुर्गा पूजा त्यौहार के अवसर पर एक नया और बेहतरीन गाना झुरू झुरु बहेला पवनवा झूलनवा निमन लागेला। गाना को रिलीज किया है। यह गाना लोग यूट्यूब पर सर्च कर खूब सुन रहे हैं। जिस वजह से उनका यूट्यूब पर सब्सक्राइब लाखों में होने उम्मीद है। रामजी पुलिस जवान में तैनात होकर पब्लिक की सेवा कर रहे हैं। इसके साथ ही वे लोगों के मनोरंजन के लिए अपना बहुमूल्य समय निकाल कर इन दिनों एक से बढ़ कर एक गीत प्रस्तुत करते नजर आ रहे हैं। जो आपको यूट्यूब चैनल और फेसबुक पर देखने को मिल जायेगा।

## डांडिया नाइट की तैयारी पूरी : चैंबर



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज महिला विंग द्वारा नवरात्र के शुभ अवसर पर आयोजित डांडिया नाइट की तैयारी पूरी कर ली गई है। इस संबंध में महिला विंग की अध्यक्ष शर्मिला वर्मा ने बताया हम बहनों ने पहली बार इस कार्यक्रम को आयोजित किया है। जिसमें मात्र 500 लोगों की व्यवस्था की गई है । हम सब ने जहां मुंबई से आ रहे कलाकार शेफाली जरीवाला और मिस इंडिया रही सिमरन आहूजा को डांडिया हेतु आमंत्रित किया है। वहीं मुंबई के मशहूर डीजे भी आ रहे हैं । जो कार्यक्रम में अपनी धुन देंगे। उन्होंने सभी सदस्यों को धन्यवाद दी है। कार्यक्रम के स्पॉन्सर रोटरी क्लब, लायंस क्लब ,प्रेमसंस मोटर ,हेरीटेज टोयोटा ,जय मां शारदा मोटर, रतनलाल हीरो, आनंद ऑटो बाइक्स ,पलामू ट्रैक्टर ,आनंद मोटर्स ,रिपब्लिक हुंडई ,खढर ऑटोमोबाइल, अर्जुन ऑटोमोबाइल ,मां दुर्गा ऑटोमोबाइल, श्री दुर्गा ऑटोमोबाइल एवं ओसम डेयरी हैं। कार्यक्रम गांधी उद्यान में होगा।

## डीसी ने सीएम के प्रस्तावित कार्यक्रम से संबंधित बैठक की



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** मुख्यमंत्री के प्रस्तावित 30 अक्तूबर पलामू दौरे को लेकर उपायुक्त शशि रंजन ने सोमवार को समाहरणालय के सभागार में विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों संग बैठक की। इस दौरान उन्होंने अलग-अलग पदाधिकारी को अलग-अलग टास्क सौंपा साथ ही सभी के साथ कार्यक्रम के दौरान समुचित व्यवस्था पर चर्चा की.नगर आयुक्त को स्थल का साफ-सफाई कराने के निर्देश दिये। उन्होंने सुरक्षा की दृष्टि से सभी तैयारी को फूल प्रूफ करने को लेकर संबंधितों को निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम का पैरेंट विभाग श्रम विभाग है ऐसे में उन्होंने श्रम अधीक्षक को सभी कार्य ससमय करने पर बल दिया.उन्होंने कहा कि सभा स्थल पर जेएसएलपीएस की ओर से लोगों के लिए खाने का प्रबंध किया जायेगा। बतादें कि मुख्यमंत्री 30 अक्टूबर को मेदिनीनगर में प्रमंडलीय रोजगार मेला कार्यक्रम के तहत स्थानीय युवाओं के बीच ऑफर लेटर का वितरण करेंगे।

### जिले के एकेडमिक टॉपरों को भी लैपटॉप देने की योजना

उपायुक्त श्री रंजन ने कहा कि 30 अक्टूबर के दिन मंच से जिले के कुछ टॉपरों को भी जिले की ओर से लैपटॉप प्रदान किया जायेगा.उन्होंने कहा कि जिला स्कूल,कस्तूरबा गांधी विद्यालय के 10वीं व 12 वीं के एकेडमिक टॉपरों सहित आईटीआई के किसी बेस्ट छात्र को जिला प्रशासन की ओर से लैपटॉप भी दिया जायेगा। मौके पर एसपी रीष्मा रमेशन,डीडीसी रवि आनंद,अपर समाहर्ता सुरजीत कुमार सिंह,तीनों एसडीओ समेत जिला स्तरीय विभिन्न पदाधिकारी उपस्थित थे।

### डीसी ने दुर्गा पूजा के अवसर पर विधि व्यवस्था संधारण को लेकर की बैठक

## सभी पूजा पंडालों में होगी तीसरी आंख से निगरानी

**सोशल मीडिया पर भड़काऊ या आपत्तिजनक पोस्ट करने वाले व्यक्तियों पर विशेष निगरानी रखने का निर्देश दिया**



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** दुर्गा पूजा के अवसर पर सुरक्षा व्यवस्था व विधि व्यवस्था संधारण को लेकर उपायुक्त शशि रंजन ने बैठक की। उपायुक्त ने पुलिस अधीक्षक रिष्मा रमेशन, जिला प्रशासन के सभी पदाधिकारी और जिले के सभी पुलिस पदाधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया। बैठक में डीसी ने सभी पूजा पंडालो में सीसीटीवी कैमरा लगाने, संवेदनशील स्थानों को चिन्हित कर उन स्थानों में पुलिस बल एवं दंडाधिकारी प्रतिनियुक्त करने का निर्देश दिया। सोशल मीडिया पर भड़काऊ या आपत्तिजनक पोस्ट डालकर अथवा अफवाह फैला कर सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश करने वाले व्यक्तियों पर विशेष निगरानी रखने का निर्देश दिया। बैठक में डीसी व एसपी ने सभी थाना प्रभारी को सख्त निर्देश दिया कि त्यौहार के दौरान विधि व्यवस्था को हर हाल में कायम करने के लिए सभी पुलिस पदाधिकारियों को अपनी थाना क्षेत्रों में गश्ती तेज करना है तथा सभी पदाधिकारियों को अलर्ट रहना है। साथ ही त्योहारों के दौरान विधि व्यवस्था बिगाड़ने का प्रयास करने हो व्यक्तियों की सूची तैयार कर उन पर कानूनी कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने सभी पंडालों एवं धार्मिक स्थलों की लगातार निगरानी करने और असामाजिक तत्वों से निपटने के लिए कर कदम उठाते हुए विधि-व्यवस्था को हर हाल में चुस्त-दुरुस्त बनाए रखने पर जोर दिया। कलश यात्रा, मूर्ति विसर्जन के मार्गों में पड़ने वाले धार्मिक स्थलों और संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखने का भी निर्देश दिया। उपायुक्त श्री रंजन ने एसपी और पुलिस पदाधिकरियों के साथ पांकी प्रखंड क्षेत्र में फ्लैग मार्च किया। इस दौरान उन्होंने स्थानीय लोगों से मिलजुल कर शांति से दुगार्पूजा मनाने की अपील की।

## युवाओं को धार्मिक प्रवचनों से प्रेरणा लेना चाहिए : अर्जुन पांडेय



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** धर्म कार्य और राजनीति दोनों दो बातें हैं और मेरे धार्मिक कार्य को राजनीति से जोड़ने की बातें नहीं होनी चाहिए। यह कहना है सनातन धर्मरक्षक अर्जुन पाण्डेय का। श्री पाण्डेय रविवार को देर रात पोलपोल के सरजा में दुर्गा पूजा महोत्सव के अवसर पर नवयुवक विकास समिति के द्वारा आयोजित श्री राम कथा के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रुप में बोल रहे थे। श्री पाण्डेय ने कहा कि धार्मिक कार्य करने से समाज में सामाजिक समरसता बढ़ती है। धार्मिक कार्य में जब कभी मुझे बुलाया जायेगा मैं सबसे पहले आऊंगा। इसके पूर्व सनातन धर्मरक्षक अर्जुन पाण्डेय व राष्ट्रीय परशुराम युवा वाहिनी के प्रदेश अध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी, कृष्णकांत चौबे (मुखिया),प्रवीण सिंह ने द्वीप प्रज्जवलित नौ दिवसीय श्री राम कथा का उद्घाटन किया।नवरात्रि के अवसर पर आयोजित श्री कथा आयोजन समिति के सदस्यों ने सैकड़ों दो पहिया वाहन के साथ पोलपोल बाजार क्षेत्र से ही सभी अतिथियों का भव्य स्वागत किया। उदघाटन समारोह में शैलेश दूबे, शैलेश तिवारी, नवीन तिवारी, राकेश पाण्डेय, रवि शर्मा, आनंद प्रकाश दूबे, रजनीकांत तिवारी (चंदन) ,दिलीप तिवारी, बब्लू पाण्डेय, लल्लू पाण्डेय सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

### बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत कार्यशाला का आयोजन

## बाल विवाह रोकना हमारी नैतिक जिम्मेवारी: उपायुक्त

### कार्यशाला में पुस्तक व्हेन चिल्ड्रेन हैव चिल्ड्रेन का किया गया लोकार्पण



#### जिले की तीन किशोरियों को किया गया सम्मानित

उपायुक्त श्री रंजन ने जिला समाज कल्याण पदाधिकारी के नेतृत्व में एक क्विक रेस्क्यू टीम बनाने का निर्देश दिया। यह टीम बाल विवाह, बाल मजदूरी,बाल तस्करी और बाल यौन शोषण के खिलाप कार्य करेगी और अग्रेतर कार्रवाई हेतु सीडब्ल्यूसी को रिपोर्ट करेगी ताकि संबंधितों पर कानूनी कार्रवाई की जा सके। बाल विवाह के खिलाप खडी होने वाली जिले के तीन किशोरियों को उपायुक्त ने कार्यशाला में सम्मानित किया। इन सभी के अभिभावक इनकी शादी बाल अवस्था मे कर रहे थे। इन तीन लड़कियों ने अपनी शादी के खिलाप जाकर इसकी शिकायत सबंधित थाना में की थी। उपायुक्त ने तीनों लड़कियों को सम्मानित कर इन्हें पांच-पांच हजार रुपये की राशि से पुरस्कृत करने की बाते कही।

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** बाल विवाह बच्चों के अधिकारों का घोर उल्लंघन है। यह बच्चों के जीवन मे अंधकार लाता है और बचपन को नष्ट कर देता है। इंसानियत के नाते हम सभी का फर्ज है कि इन कुरीतियों के खिलाप खड़े होकर इस कुप्रथा को रोकना होगा। ये बातें उपायुक्त पलामू श्री शशि रंजन ने बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत आयोजित कार्यशाला की अध्यक्षता करते हुए बोल रहे थे। उपायुक्त की अध्यक्षता में सोमवार को समाहरणालय सभागार में कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेन फाउंडेशन के बैनर तले अग्रगति इंडिया संस्था के द्वारा बाल विवाह मुक्त भारत अभियान को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में उपायुक्त ने प्रखर अधिवक्ता भुवन ऋभु की लिखी पुस्तक व्हेन चिल्ड्रेन हैव चिल्ड्रेन का लोकार्पण किया। साथ ही उपायुक्त श्री रंजन ने कार्यशाला में मौजूद सभी पदाधिकारियों को बाल विवाह को रोकने की शपथ दिलाई। कार्यशाला में उपायुक्त ने कहा कि बाल विवाह न सिर्फ एक कम उम्र की लड़की के बचपन को अचानक से खत्म कर देता है, बल्कि उसके स्वास्थ्य के लिए खतरा पैदा करता है और यह पीढ़ी दर पीढ़ी उनके भविष्य को भी बर्बाद कर देता है। कभी-कभी बाल विवाह के खिलाफ कानून होने के बावजूद कानून लागू नहीं किया जाता है ताकि लोग बच्चे के साथ विवाह कर सके, लेकिन यह एक अपराध है। उन्होंने कहा कि स्कूलों कॉलेजों में लोगों को बाल विवाह के बुरे प्रभावों के बारे में जागरूक करना चाहिए ताकि लोग बाल विवाह के मामलों की रिपोर्ट कर सके। हमें यह भी सुनिश्चित करना चाहिए कि बाल विवाह में शामिल लोगों को कड़ी सजा मिले।

#### रवाना किया जागरूकता रथ

कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेन फाउंडेशन के सौजन्य से अग्रगति संस्था के द्वारा चलाए जा रहे बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के जागरुकता रथ को उपायुक्त श्री शशि रंजन ने समाहरणालय परिसर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रथ जिले के विभिन्न गांवों में जाकर बाल विवाह, बाल तस्करी,बाल यौन शोषण,बाल मजदूरी के दुष्प्रभावों के प्रति लोगों को जागरूक करेगा। कार्यशाला में उपायुक्त शशि रंजन के अलावा रिष्मा रमेशन एसपी पलामू, रवि आनंद डीडीसी, अपर समाहर्ता, प्रीति किस्कु डीएसओ, श्री आनंद डिप्टी डायरेक्टर आईपीआरडी, बिमलेश शुक्ला डीपीएम जेएसएलपीएस, सेवाराम साहू डीडब्ल्यूओ, किरण सरकार दत्ता स्टेट हेड अग्रगति संस्था,पीयूष कांति घोष प्रोग्राम मैनेजर,संजय कुमार जिला समन्वयक सहित कई पदाधिकारी व अन्य लोग उपस्थित थे।

### कार्यक्रम मेरी माटी मेरा देश सम्पन्न

**पांकी।** नेहरू युवा केंद्र के तत्वावधान में तरहसी के कसमार पंचयत में मेरी माटी मेरा देश का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष किसलय तिवारी समेत कई लोग मौजूद थे। मौके पर कहा गया कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'मेरी माटी-मेरा देश' अभियान की शुरूआत की है। जिसका व्यापक प्रभाव है। मौके पर, गिरेन्द्र प्रभाकर, नकुल प्रसाद, अशोक प्रसाद गुप्ता, उपेंद्र शर्मा, अनुरुद्ध विश्कर्मा, धर्मजीत यादव, डॉक्टर रामजत शर्मा, प्रेमचंद पासवान, नितेश ठाकुर, बैनाथ राम, शिक्षक संदीप यादव, शिक्षक सतीश कुमार मेहता, कमलेश प्रजापति सहित सकैड़ो लोग उपस्थित थे।

## सांस्कृतिक पाठशाला की 24वीं कड़ी प्रारंभ



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर ।** सांस्कृतिक पाठशाला की 24वीं कड़ी युवा कवि घनश्याम कुमार और ज्ञान विज्ञान समिति के प्रांतीय अध्यक्ष शिव शंकर प्रसाद की अध्यक्षता में प्रारंभ हुई। इस कड़ी में लोक परंपरा की प्रेम कहानियों विषय पर चर्चा का आयोजन किया गया। चर्चा से पूर्व ज्ञान विज्ञान समिति के प्रांतीय अध्यक्ष शिव शंकर प्रसाद ने संस्कृतिक पाठशाला के पुस्तकालय को समृद्ध करने के लिए तीन पुस्तक प्रदान किया। इसके बाद विषय प्रवेश करते हुए रंगकर्मी प्रेम प्रकाश ने कहा कि लोक परंपरा की कई कहानी प्रचलित है। जिसमें लैला मजनू, हीर रांझा, सिरि फरहाद, जट जटीन एवं गोनू झा की कहानियों के साथ कई लोक कथाएं लोकप्रिय हैं। लेकिन समय के साथ-साथ कहानियां बदलती रहती हैं। शिव शंकर प्रसाद ने अपने जीवन की घटना को सुनाते हुए कहा कि मैं शादी करके आया था नवाज की मां हमें अपने घर आमंत्रित की थी। उस वक्त उन्होंने मेरी पत्नी को खोइंछा देकर विदा की थी। यह मेरे जीवन के लिए प्रेम का अलग ही स्वरूप था। युवा कवि घनश्याम ने अपने मां के प्रेम की चर्चा की। कार्यक्रम के अंत में रविशंकर ने जीवन की थी सारी घटनाओं को कहानियों के रूप में संग्रहित करने पर जोर दिया। साथ सूर्यकांत त्रिपाठी निराला और एपीजे अब्दुल कलाम को याद करते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए धन्यवाद प्रेषित किया।

## प्राकृतिक कलश यात्रा में पर्यावरणविद ने कन्याओं की पूजा की



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष कौशल किशोर जायसवाल ने छतरपुर प्रखंड के सहरसवा में कलश स्थापना और नौ दिनी रामकथा प्रवचन का शुभारंभ किया। पाटन प्रखंड के कस्तूरबा बालिका आवासीय विद्यालय परिसर में वैदिक मंत्रोच्चार के उद्घोष के साथ नवरत्न पौधों का स्थापना कर कन्याओं की पूजा की। उन्होंने कहा कि नवरात्र में फलहार भोजन करने का विधान है । इस अवसर पर पूर्व मुखिया दशरथ प्रसाद ,बसंत विश्वकर्मा, सरिता देवी, मुरली प्रसाद, बैजनाथ प्रसाद, पूरन यादव, उपेंद्र पासवान, कमलेश शर्मा, वीरेंद्र विश्वकर्मा, अनिल प्रसाद, नाथ जी यादव, राजेंद्र प्रसाद, रामजीवन प्रसाद, कमलेश प्रसाद, विवेक प्रसाद, आराधना सिंह , रीना कुमारी, प्रीति सिंह, रिचा कुमारी, आदि शामिल थे।

## लिलिपुट प्ले स्कूल में रास गरबा का आयोजन

मेदिनीनगर। नावाटोली स्थित लिलिपुट प्ले स्कूल में सोमवार को रास गरबा का आयोजन किया गया । सभी बच्चों एवं स्कूल की शिक्षिकाओं ने गरबा थीम ड्रेस पहना था। जिसमें वे बेहद आकर्षक लग रहे थे । कार्यक्रम की शुरूआत माँ दुर्गा की आरती के साथ हुई । इसके बाद बच्चों ने डांडिया के साथ बहुत ही सहजता से गरबा नृत्य किया । कुछ दिनों पहले से ही इसकी तैयारी प्रारंभ कर दी गई थी। जिसमें स्कूल की शिक्षिका सपना,अंजली ने बच्चों को गरबा नृत्य सिखाया । पूरे स्कूल को गरबा थीम पर रंगारंग तरीके से सजाया गया था । स्कूल की प्राचार्या ने बताया कि गरबा का आयोजन करने का मकसद यह है कि हम हर त्यौहार से अपने बच्चों को अवगत करायें । उन्होंने कहा हमारी कोशिश रहती है की स्कूल में बच्चों को मस्ती के साथ साथ हर बार कुछ नया सीखने को मिले । कार्यक्रम के समापन में स्कूल के निदेशक राजीव गोयल ने बच्चों को नवरात्रि और दशहरा के बारे में विस्तार से बताया कि इन दिनों बुराई पर अच्छाई की जीत हुई थी। इसलिए हमें भी बुरे कर्मों से दूर रहना चाहिए। उन्होंने कहा हमें सभी का सम्मान करना चाहिए । इस आयोजन को सफल बनाने में स्कूल के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं की अहम भूमिका रही। रश्मि हिम्मतरामका कार्यक्रम के सफल आयोजन में विशेष रूप से सक्रिय रहीं।

## अज्ञात वाहन की चपेट में आकर बाइक सवार की मौत

**मेदिनीनगर/छतरपुर।** पलामू जिले के छतरपुर थाना क्षेत्र के कउवल गांव के पास एनएच-139 के फोरलेन बाइपास सड़क पर रविवार की अल सुबह अज्ञात वाहन की चपेट में आ जाने से बाइक सवार की मौत हो गई। मृतक की पहचान पिपरा थाना क्षेत्र के पिपरा बाजार निवासी 19 वर्षीय अतुल कुमार गुप्ता के रूप में की गई है। छतरपुर थाना की पुलिस घटना स्थल से शव को कब्जे में लेकर रविवार को मेदिनी राय मेडिकल कॉलेज अस्पताल में पोस्टमार्टम कराकर उसे परिजनों को सौंप दिया है।

## मेहंदी प्रतियोगिता में तमन्ना तरन्नुम व सैबुन पुरस्कृत



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** छात्र-जीवन में प्रतियोगिता का बड़ा महत्व है। इससे अपनी क्षमता और प्रतिभा का पता चलता है। उक्त बातें रा.उर्दू उत्क्र.मध्य विद्यालय बी.एम.सी. नेउरा के प्रधानाध्यापक एम.जे. अजहर ने मेहंदी प्रतियोगिता पुरस्कार वितरण समारोह के अध्यक्षीय संबोधन में कही। उन्होंने कहा कि प्रतियोगिता से विभिन्न प्रकार के कौशल का विकास होता है जो आगे जीविकोपार्जन या अन्य समस्या-समाधान में काम आता है। मेहंदी प्रतियोगिता परिणाम में तमन्ना परवीन, तरन्नुम खातून, सैबुन खातून ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेता प्रतिभागियों को विद्यालय द्वारा पुरस्कृत किया गया। मौके. पर सहायक शिक्षिका मुसर्रत जहां, रेशमा कुमारी, रामप्रवेश सिंह, हलीमा खातून, नेहा श्रीवास्तव, दीनानाथ कुमार सहित सैकड़ो विद्यालय के बच्चे मौजूद थे।मेहंदी प्रतियोगिता का संचालन शिक्षिका रेणु कुमारी जायसवाल व धन्यवाद ज्ञापन बाल-संसद की प्रधानमंत्री सफीना खातून ने किया।

### धर्म

### पंडालों के आसपास बिजली की भी सजावट शुरू

## दुर्गा पंडाल लगभग बनकर तैयार मां के आगमन का है इंतजार

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** शहर में दशहरा मेले की तैयारी ने जोर पकड़ लिया है। जगह-जगह जहां पंडाल का निर्माण पूरा अंतिम चरण में पहुंच चुका है । वहीं प्रतिमा का निर्माण करीब-करीब पूरा हो चुका है। अब मां दुर्गा की प्रतिमा को सजाने और सवांरने में मूर्तिकार जुटे हुए हैं। शहर में साहित्य समाज चौक, जय भवानी संघ चौक, अस्पताल चौक,बेलवा टीकर का चौक, स्टेशन रोड, रेडमी बिजली ऑफिस, दुगार्बाड़ी आदि स्थानों पर बनने वाले पंडाल अब अपने आकार में भी आने लगे हैं। पंडालों के आसपास बिजली की भी सजावट शुरू हो गयी है। पूजा पंडाल के सामने बिजली की सजावट से शाम के बाद रौनक बदल गई है।हालांकि अभी बिजली की सजावट शुरू ही हुई है। पूरी तरह सजावट के बाद शहर की सुंदरता देखते ही बनेगी। पंडाल निर्माण के साथ ही मां की प्रतिमा का निर्माण भी अंतिम चरण में पहुंच गया है। लगभग सभी जगहों पर मा की प्रतिमा को अपने स्थान पर विराजमान भी कर दिया गया है। अब उसके रंग रोशन और सजावट के काम को पूरा किया जा रहा है। इधर, मेला स्थलों के आसपास खिलौने, साज-श्रृंगार, मिठाई, गोलगप्पे आदि के दुकान लगाने की तैयारी भी लोगो ने शुरू कर दी है। लोग अपने-अपने हिसाब से दुकान लगा रहे हैं।वही नावा बाजार थाना क्षेत्र अंतर्गत दुर्गा पूजा त्योहार को लेकर विभिन्न पुजा समिति द्वारा एक से एक बढ़कर पंडाल निर्माण व मां दुर्गा की प्रतिमा के अंतिम रूप देने के लिए कलाकार दिन रात जुटे हैं। युवा जागृति संघ तुकबेरा द्वारा अयोध्या के राम दरबार का प्रारूप के साथ श्री संकट मोचन सिद्धि धाम महावीर मंदिर नावा बाजार, देवी मंदिर कंडा, ठाकुरबाड़ी मंदिर कंडा तथा ईटको, राजदिरिया, सोहदागखुर्द, कुम्भीखुर्द ,ताली में छोटे-छोटे पंडालों का निर्माण किया जा रहा है।



### टाउन हॉल में फिल्म सितमगर का प्रिमियर शो संपन्न

**मेदिनीनगर।** पलामू के दिग्गज फिल्म निमार्ता पुलिन मित्रा की बहुप्रतीक्षित फिल्म सितमगर का प्रिमियर शो रविवार को टाऊन हॉल में संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम का उद्घाटन प्रथम पूर्व महापौर श्रीमती अरूणाशंकर, गढ़वा के दयाशंकर गुप्ता, रांची से आये चित्रपट भारती के राकेश रमण, सरबरी मित्रा, मीडिया प्रभारी ( भूमिका फिल्मस) शर्मिला वर्मा, रिनू शर्मा , हमीद जी और डॉक्टर सुशील पांडे ने संयुक्त रुप से दीप प्रज्ज्वलित करके किया। इस अवसर पर बोलते हुए पूर्व महापौर ने कहा कि पलामू की धरती कलाकारों से भरी पड़ी है, उन्हें पहचानने और उभारने की जरूरत है। गे और पलामू के कलाकारों को प्लेटफार्म देंगे ताकि इनकी प्रतिभा दूर दूर तक के लोगों के पास जाए और बाहर के फिल्मकार भी यहां के कलाकारों को अपनी फिल्मों में ऑफर दें।

## गागर में सागर

### आमसभा में वन समिति का किया गठन

**केतार।** बीडीओ के निर्देश पर वन अधिकार अधिनियम 2006 के तहत ग्राम स्तर पर वन समिति के गठन के लिए सोमवार को मुकुंदपुर पंचायत के मुकुंदपुर, सिंहपुर, ताली, बक्सीपुर और बेलाबार गांव में आमसभा का आयोजन किया गया। ग्राम सभा नोडल पदाधिकारी मुखिया मुंगा साह, रोजगार सेवक धीरेंद्र कुमार विश्वकर्मा और कनीय अभियंता आनंद कुमार की उपस्थिति में हुई। ताली गांव में वन समिति के लिए सुदीप कुमार गुप्ता को अध्यक्ष, राम केवल गुप्ता को सचिव, कंचन देवी को कोषाध्यक्ष चुना गया। वहीं सिंहपुर गांव में अशोक राम को अध्यक्ष, शिववरण साह को सचिव, रिंकी देवी को कोषाध्यक्ष, बेलाबार गांव में जमीला बीबी को अध्यक्ष, शमीम अंसारी को सचिव, अवधेश सिंह को कोषाध्यक्ष, बक्सीपुर गांव में शांतुन साह को अध्यक्ष, मीना देवी को सचिव, सुरेश साह को कोषाध्यक्ष, जबकि मुकुंदपुर गांव में सुदामा सिंह को अध्यक्ष, विष्णुदेव सिंह को सचिव और अंगद कुमार गुप्ता को कोषाध्यक्ष बनाया गया है।

### मुकुंदपुर : महाभारत प्रसारण का उद्घाटन

**केतार।** प्रखंड के मुकुंदपुर गांव में दुर्गा पूजा के अवसर पर नवरात्रि के प्रथम दिन रविवार की रात्रि में मुखिया मुंगा साह ने धारावाहिक सीरियल महाभारत के प्रसारण का शुभारंभ किया। सीरियल का प्रसारण प्रोजेक्टर के माध्यम से किया जा रहा है। इस मौके पर वार्ड सदस्य धर्मेन्द्र सिंह, राजा प्रसाद, सुग्रीव साह, संतोष प्रसाद, अरबिंद वर्मा, हिरामण साह, विरेंद्र लाल, ओमनरायण गुप्ता, इंद्रदेव गुप्ता, विकेश प्रसाद, सुधीर ठाकुर, दिल किशोर प्रसाद, विष्णु प्रसाद आदि मौजूद थे।

### जनप्रतिनिधियों के साथ की बैठक

**भवनाथपुर।** गढ़वा पुलिस अधीक्षक दीपक पांडेय के निर्देश पर भवनाथपुर थाना परिसर में जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की गई। थाना प्रभारी रामेश्वर उपाध्याय ने कहा कि जनप्रतिनिधि जनता व प्रशासन के बीच की खाई को मिटाते हैं। इस दौरान उन्होंने जनप्रतिनिधियों से नवरात्र पर्व को शांति व सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपर्क करने के लिए सहयोग की अपील की। साथ ही उन्होंने जनप्रतिनिधियों के साथ विचार व सुझाव भी साझा किये। इस मौके पर प्रखंड प्रमुख शोभा देवी, भवनाथपुर मुखिया बेबी देवी, चपरी मुखिया शैलेश चौबे, सिंदुरिया मुखिया नंदलाल पाठक, पंडरिया पंचायत मुखिया पति अनिल चौबे, सोना किशोर यादव, धनंजय साह, तासबीन अंसारी आदि उपस्थित थे।

### बालू लदा ट्रैक्टर पुलिस ने किया जब्त

**श्री बंशीधर नगर।** पुलिस ने अवैध उत्खनन के विरुद्ध छापेमारी कर रविवार की रात्रि में बारोडीह गांव के समीप से अवैध बालू लदे ट्रैक्टर को जब्त किया है। उक्त ट्रैक्टर धुरकी थाना क्षेत्र से अवैध बालू लेकर बंशीधर नगर जा रहा था। इस संबंध में थाना प्रभारी नीतीश कुमार सिंह ने बताया कि बालू लदा ट्रैक्टर जब्त कर थाने में रखा गया है। आगे की कारवाई की जा रही है। उल्लेखनीय है कि इन दिनों धुरकी, सगमा और बंशीधर थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों की नदियों से बड़े पैमाने पर अवैध बालू का उत्खनन कर बंशीधर नगर के बाजारों में ऊंची कीमतों पर बेचा जा रहा है। सरकार को प्रतिदिन हजारों रुपये के राजस्व का नुकसान बालू माफियाओं द्वारा पहुंचाया जा रहा है। हालांकि पुलिस की इस कार्रवाई से बालू माफियाओं में हड़कंप मचा है।

### छापेमारी कर शराब को किया गया नष्ट

**भवनाथपुर।** दशहरा पर्व शांति पूर्ण मनाने को लेकर भवनाथपुर पुलिस ने तीसरे दिन थाना प्रभारी रामेश्वर उपाध्याय ने पुलिस बल के साथ थाना क्षेत्र के बनसानी पंचायत के कच्छरवा टोला, जिरहुल्ला एवं झगड़ाखांड में गुप्त सूचना पर छापेमारी कर लगभग 70 किलो महुआ जावा व शराब बनाने के उपकर को नष्ट किया। वहीं शराब चुलाने वाले लोगों को कड़ी चेतावनी देकर छोड़ दिया गया है। थाना प्रभारी रामेश्वर उपाध्याय ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी, जिसके बाद कार्रवाई करते जावा महुआ को नष्ट किया है। कहा कि महुआ शराब बनाने के कारोबार में जो लगे हुए हैं वह अपना कारोबार बंद कर दें अन्यथा पुलिस को सूचना मिलने पर कार्रवाई करते हुए जेल भेजा जाएगा। छापामारी में एएसआई विजय सिंह एवं पुलिस जवान थे।

### मेरी माटी, मेरा देश कार्यक्रम आयोजित



**केतार।** प्रखंड मुख्यालय स्थित लोहिया समता उच्च विद्यालय के प्रांगण में सोमवार को नेहरू युवा केंद्र गढ़वा द्वारा प्रखंड स्तरीय मेरी माटी, मेरा देश कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसका शुभारंभ हाई स्कूल के प्रधानाध्यापक दिलेश गुप्ता, शिक्षक दिलीप गुप्ता और अनील कुमार, सोनू सिंह ने संयुक्त रूप से किया। इससे पूर्व मिट्टी संग्रह कलश को लेकर प्रभातफेरी निकाली गई। विद्यालय द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया। मौके पर नेहरू युवा केंद्र के केतार प्रखंड के राष्ट्रीय स्वयंसेवक रंजना सिंह, प्रखंड स्वयंसेवक दिलीप पासवान, प्रियरंजना कुमारी, बबिता कुमारी, शिक्षक सोनू सिंह, गौतम पाल, राहुल कुमार, प्रतिमा कच्छप, जिकेश कुमार आदि मौजूद थे।

# श्री बंशीधर नगर : नगर पंचायत ने अतिक्रमण के विरुद्ध चलाया अभियान

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**

नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी अमरेंद्र कुमार चौधरी ने थाना के समीप से बीएसएनएल ऑफिस तक एनएच 75 के दोनों ओर अस्थायी अतिक्रमण करने वाले लोगों के विरुद्ध अभियान चलाया। नप के अधिकारी ने सब्जी बाजार में अतिक्रमण को खाली कराया। नगर पंचायत की कार्रवाई से अतिक्रमणकारियों में हड़कंप मच गया। कार्यपालक पदाधिकारी ने जेसीबी चलवा कर अतिक्रमण साफ कराया। उन्होंने सड़क पर गिटी, बालू रखने वाले आधा दर्जन लोगों पर जुर्माना लगाया। उन्होंने कहा कि दुर्गा पूजा व होने वाले महायज्ञ को लेकर अतिक्रमण के खिलाफ अभियान



लगातार जारी रहेगा। अतिक्रमण हटाया जाएगा तथा इसके बाद वैसे लोगों को चिन्हित कर प्राथमिकी भी दर्ज कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि अतिक्रमणकारियों के विरुद्ध नापी कराकर विशेष अभियान चलाया जाएगा। अभियान में पुलिस इंस्पेक्टर रतन कुमार सिंह, नप के नगर प्रबंधक रवि कुमार, प्राणय मंडीलवार, अंचल अमीन योगेंद्र कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक चंद्रदेव राम, शशिकांत शुक्ला आदि उपस्थित थे।

## सड़क अतिक्रमण के विरुद्ध चला मापी अभियान

**नवीन मेल संवाददाता। रमना**

प्रखंड से होकर गुजरी एनएच- 75 और विभिन चौक चौराहों से अतिक्रमण हटाने को लेकर सोमवार को सड़क मापी अभियान चलाया गया। अंचल निरीक्षक राजकुमार सिंह के नेतृत्व में गुलरही बांध से लेकर शहीद भगत सिंह चौक तक मापी करते हुए अतिक्रमण हटाने को लेकर मार्किंग की गई। लोगों को अस्थायी कब्जा हटाने का निर्देश दिया गया। साथ ही मुख्य पथ के चौक चौराहों पर दोपहिया और चार पहिया वाहन पार्किंग कर यातायात को अवरुद्ध करने वाले चालकों और मालिकों पर भी कार्रवाई की चेतावनी दी गई। मुख्यपथ पर हमेशा लगने वाले



जाम से लोगों को निजात दिलाने के लिए प्रशासन सक्रिय हो गया है। इसके पहले कई यातायात अवरुद्ध करने वाले वाहनों के चालकों और मालिकों को चेतावनी भी दी गई है। मापी अभियान में हल्का कर्मचारी दिवाकर सिंह, अंचल अमीन कुंदन कुमार ठाकुर आदि मौजूद थे।

## चिनिया में बाल विवाह मुक्त भारत संकल्प को लेकर कार्यक्रम का आयोजन

# माता-पिता रोकें बाल विवाह : आईजी

**नवीन मेल संवाददाता। चिनिया**

बाल विवाह मुक्त भारत संकल्प को लेकर चिनिया के चिरका आईटीआई कॉलेज के मैदान में प्रेरणा संस्था की ओर से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका नेतृत्व बाल श्रमिक आयोग के पूर्व अध्यक्ष शांति किंडो सह वर्तमान में प्रेरणा के डायरेक्टर ने कियाा। इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि पलामू के आईजी राजकुमार लकड़ा और गढ़वा एसपी दीपक कुमार पांडे मौजूद रहे।

आईजी ने कहा कि बाल विवाह मुक्त भारत के संकल्प को साकार करने के लिए पुलिस हमेशा सक्रिय रही है। सुदूरवर्ती क्षेत्र में कार्यक्रम हो रहा है, परंतु इसका दूरगामी असर पड़ेगा। माता-पिता बाल विवाह को रोकें। वहीं सेवानिवृत्त जज सह लोक अदालत के अध्यक्ष कमल नयन पांडे ने कहा कि पूर्व में प्रभावशाली आतताइयों से बचने के लिए लोग बाल विवाह करते थे, परंतु कालांतर में इसे चलन में ले लाया गया, जिसे अब समाप्त करने की जरूरत है। बाल विवाह से बच्चे का भविष्य बर्बाद हो जाता है। वहीं मृत्यु दर बढ़ जाती है। प्रेरणा संस्था के निदेशक ने बाल विवाह को रोकने के लिए संस्था द्वारा विभिन्न तरह के कार्यक्रमों को चलाए जाने की जानकारी दी। वहीं कहा कि किसी क्षेत्र में बच्चों पर अपराध या बाल विवाह हो रहा है तो क्षेत्र के मुखिया, पुलिस, वार्ड सदस्य तथा संस्था को सूचित करें, जिसे रोका जा सके। मौके पर डीएसपी संतोष कुमार, प्रशिक्षु डीएसपी चिरंजीवी मंडल, इंस्पेक्टर रामजी महतो, थाना प्रभारी राजबल्लभ कुमार, संस्था की कंचन के तिग्गा, कृष्णा मेहता आदि मौजूद थे।




### बाल-विवाह कुप्रथा के विरुद्ध निकाली जागरूकता रैली

**रमना।** राज्यकीय मध्य विद्यालय सिलिदाग 2 से मुखिया अनीता देवी ने समाज में प्रचलित बाल विवाह की रोकथाम के लिए जागरूकता रैली निकाली। इसमें पंचायत सचिव सुरेंद्र सिंह, वार्ड सदस्य प्रदीप कुमार, मध्य विद्यालय के शिक्षक रविंद्र पाल, सहायक अध्यापक सुरेंद्र राम, आशुतोष सिंह आदि सम्मलित हुए। बताया गया कि बाल विवाह एक रुढ़िवादी प्रथा है। यह बच्चों के मानवाधिकारों को खत्म कर देता है, जिससे उनका बचपन छीन कर उन्हें ऐसे बंधन में बांध दिया जाता है, जिसके बारे में उन्हें बिलकुल भी ज्ञान नहीं होता है। उन्हें यह भी पता नहीं होता है कि उनके साथ क्या हो रहा है। इस प्रथा का शिकार



अधिकतर कम उम्र की लड़कियां होती हैं, क्योंकि इसमें न सिर्फ कम उम्र की लड़की का विवाह कम उम्र के लड़के से कराया जाता है, बल्कि कम उम्र की लड़की का विवाह उनसे बहुत अधिक उम्र के लड़के से भी करा दिया जाता है। इससे उनके जीवन पर शारीरिक एवं मानसिक रूप से गंभीर दुष्प्रभाव पड़ता है।

### बाल विवाह समाज के लिए अभिशाप : प्रधानाध्यापक

**खरौंधी।** उत्क्रमित मध्य विद्यालय मझिगावां के बच्चों ने समाज में प्रचलित बाल विवाह की रोकथाम के लिए जागरूकता रैली निकाली। प्रधानाध्यापक कामेश्वर सिंह ने बताया कि ग्रामीण परिवेश में अशिक्षा ज्यादा है। लोग अपनी बच्चियों की शादी कम उम्र में कर देते हैं, जिससे बच्चियों को बहुत ज्यादा परेशानी होती है। बाल विवाह समाज के लिए अभिशाप है। यह कानूनन अपराध की श्रेणी में आता है। बाल विवाह से मातृ मृत्यु दर अधिक होती है। समय पूर्व विवाह होने से शारीरिक एवं मानसिक तनाव उत्पन्न होता है। उन्होंने लोगों से अपने बच्चों को शिक्षित करने एवं समय पूर्व विवाह नहीं करने की अपील की।



शिक्षक अरविंद गुप्ता ने बाल विवाह से होने वाले नुकसान की स्कूली बच्चों की विस्तारपूर्वक जानकारी दी। मौके पर शिक्षक राजीव कुमार,अरविंद कुमार गुप्ता, इंद्रमण यादव, राजेंद्र सिंह, मुनेश्वर राम, अरविंद राम, मंजूषा गुप्ता आंगनबाड़ी सेविका अजंता गुप्ता आदि उपस्थित थे।

## निजी स्कूल में शिक्षक ने बच्चों को मारा, बदले में परिजनों ने कर दी शिक्षक की पिटाई

**गढ़वा।** गढ़वा थाना क्षेत्र के अशोक विहार स्थित एक निजी विद्यालय में एक शिक्षक ने बच्चों को पीटकर घायल कर दिया। इसके बाद आक्रोशित परिजनों ने स्कूल पहुंच कर संबंधित शिक्षक की जमकर पिटाई कर दी। घटना सोमवार की है।

जानकारी के अनुसार निजी विद्यालय के शिक्षक पंकज कुमार प्रजापति दसवीं कक्षा में बच्चों को पढ़ा रहे थे। इस दौरान महापुरुषों के बारे में बच्चों से जानकारी ले रहे थे। इसी बीच छात्र आकाश कुमार ने महापुरुषों के बारे में शरारत करने लगा। शिक्षक शरारत करने पर बच्चों को डांटा। उसके बाद भी वह नहीं माना। इसके बाद बच्चों की पिटाई कर दी। उक्त बच्चे ने मामले की जानकारी अपने परिजन को दी। इसके बाद परिजनों ने विद्यालय पहुंचकर शिक्षक के साथ जमकर मारपीट की। छात्र को सदर अस्पताल में भर्ती कराया, जहा उसका इलाज चल रहा है। वहीं दूसरी ओर इस मामले को लेकर क्षेत्र में लोगों के बीच चर्चा होती रही।

# तीन मामलों में आठ अपराधी गिरफ्तार

### गढ़वा पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 4 पिस्टल 3 कारतूस, घटना में प्रयुक्त पल्सर मोटरसाकल, तीन मोबाइल फोन बरामद

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

पुलिस ने अलग-अलग थाना क्षेत्रों से पिस्टल के साथ आठ लोगों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से 4 पिस्टल, 3 कारतूस, घटना में प्रयुक्त पल्सर मोटरसाकल, तीन मोबाइल फोन बरामद किए हैं। उक्त जानकारी एसपी दीपक कुमार पांडे ने अपने कार्यालय में प्रेस वार्ता कर दी है। उन्होंने बताया कि पहली घटना सहिजना में एक सीएसपी संचालक के साथ 11 अक्टूबर को 1 लाख लूट की है।

उन्होंने बताया कि 11 अक्टूबर को सहिजना निवासी आशीष कुमार ने गढ़वा थाने में आवेदन देकर सहिजना में 1 लाख की लूट की जानकारी पुलिस को दी थी। सूचना के आलोक में गढ़वा एसडीपीओ अवध कुमार यादव के नेतृत्व में टीम गठित की गई। लगातार छापेमारी की गई। उसी दौरान गढ़वा थाना क्षेत्र के बाना गांव निवासी बाबू खान उर्फ सरवर आलम उर्फ बामड़ को हिरासत में लिया गया। शक्ति से पूछताछ के दौरान उसकी निशानदेही पर अवैध रूप से रखे 2 देसी पिस्टल, 315 बोर की 2 कारतूस, 2 खोखा को बरामद किया गया। पूछताछ के दौरान उक्त लूट में शामिल होना स्वीकार किया। साथ ही घटना में शामिल सोनपुरवा निवासी रियाज अंसारी के बारे में भी जानकारी दी। उसने पुलिस को बताया कि सोनपुरवा निवासी रियाज अंसारी ने ही यह जानकारी दी थी कि गणेश मॉल से सीएसपी संचालक आशीष कुमार नियमित रूप से पैसा लेकर घर जाता है। रियाज के जानकारी के बाद बाना गांव निवासी आमिर सुहानी उर्फ मुस्कान और कोटा गांव निवासी शाहबाज खान उक्त लोग ब्लू रंग के पल्सर मोटरसाइकिल लेकर तेनार पहुंचे, जहां आमिर सुहानी को वहीं खड़ा कर सरवर एवं शहबाज नदी पार कर सहिजना पहुंचे। इस दौरान गणेश मॉल में अपना काम निपटा कर आशीष अपने घर पहुंच ही रहा था कि उक्त दोनों लोगों उसके साथ लूटपाट की घटना को अंजाम दिया। उक्त घटना में रियाज अंसारी लगातार इंस्टाग्राम के माध्यम से उक्त तीनों को गतिविधि की सूचना दे रहा था। उन्होंने बताया कि इस मामले में गढ़वा पुलिस ने छापेमारी के दौरान टंडवा निवासी सोनू सोनी एवं अंशु मालाकार के पास से एक पिस्तौल बरामद की है। उक्त मामले में भी प्राथमिक की दर्ज की गई है। उक्त सभी अभियुक्त को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। वहीं डंडई पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान दो युवकों के पास से एक देसी पिस्तौल बरामद की है। एसपी ने बताया कि गिरफ्तार युवक चिनिया थाना क्षेत्र के चिनिया निवासी बसंत कुमार राम एवं पप्पू विश्वकर्मा के पास से एक देसी पिस्तौल, दो मोबाइल फोन, दो सिमकार्ड, एक मोटरसाइकिल बरामद किये हैं। उन्होंने बताया कि जरही गांव में वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। इस दौरान दोनों एक मोटरसाइकिल पर सवार होकर जा रहे थे। पुलिस को देखकर दोनों भागने का प्रयास कर रहे थे। पुलिस ने जब दोनों को पकड़कर तलाशी ली तो उनके पास से एक पिस्तौल बरामद की गई।

प्रेस वार्ता में सीडीपीओ अवध कुमार यादव, थाना प्रभारी केके साहू, पुलिस अवर निरीक्षक सूर्य प्रकाश दुबे, राजेश मुंडा, श्रीकांत पासवान, इंद्र कुमार मंडल, अरुण प्रकाश बैठा, अमित कुमार सिंह, समेंदर कुमार सिंह, सूर्य भूषण सिंह सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## डंडई में कस्टम ज्वेलरी के प्रशिक्षण शिविर का समापन

**नवीन मेल संवाददाता। डंडई**

प्रखंड के पचौर पंचायत सचिवालय के प्रांगण में चल रहे 15 दिवसीय कस्टम ज्वेलरी का प्रशिक्षण शिविर का समापन सोमवार का हुआ। यह कार्यक्रम जन सहभागी केंद्र तथा जिला विकास प्रबंधक नाबार्ड गढ़वा द्वारा सूक्ष्म उद्यम विकास कार्यक्रम के तहत आयोजित किया गया। संबंधित पदाधिकारी ने प्रशिक्षणार्थियों के बीच प्रमाणपत्र वितरित किये। ट्रेनर अंकिता कुमारी ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य प्रखंड मुख्यालय सहित सुदूर कस्बों की समूह से जुड़ी महिलाओं को स्वावलंबी बनाना है। महिलाओं को सिंपल चूड़ी, दुल्हन चूड़ी, हिल चूड़ी, पैर के महावर, कान का झुमका, मंगलसूत्र, सिंपल माला, बिंदिया, कंगन सहित अनेक कस्टम ज्वेलरी का प्रशिक्षण दिया गया। महिलाएं कस्टम ज्वेलरी का प्रशिक्षण प्राप्त कर अपनी दुकान खोल सकती हैं। साथ ही महिलाएं घर पर कस्टम ज्वेलरी का निर्माण कर पास के श्रृंगार स्टोर या शहरी दुकानों में सप्लाई भी कर सकती हैं। वहीं प्रशिक्षण ले रही महिलाओं ने बताया कि हम लोगों द्वारा बनाये गये कस्टम ज्वेलरी बाजारों में



बिक चुके हैं और हम लोग खुद भी इस्तेमाल कर रहे हैं। प्रशिक्षण लेकर हम लोग बहुत खुश हैं और कस्टम ज्वेलरी का कारोबार करने के लिए इच्छुक हैं। पहले हम लोग घर से बाहर नहीं निकलते थे। समूह से जुड़कर बहुत कुछ सीख लिये हैं और अब हम लोग खुद आत्मनिर्भर और स्वावलंबी बनना चाहते हैं। निश्चित तौर पर कारोबार प्रारंभ कर अपनी आर्थिक स्थिति ठीक करेंगे। प्रशिक्षण प्राप्त करने वालों में ललिता देवी, कुंती देवी, सुशीला देवी, संगीता देवी, प्रिया देवी, शीला देवी, मीना देवी, रीता देवी, मानमती देवी, सरिता देवी, मीरा देवी, ममता देवी, रंजना देवी, चंद्रावती देवी, राधिका देवी, नीलम देवी, अमोला देवी आदि शामिल थे।

## धर्म-कर्म

### श्रीराम का चरित्र सदा के लिये प्रेरणास्त्रोत रहेगा : संजय सोनी

# कलश यात्रा के साथ श्रीराम कथा की शुरुआत

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

शहर से सटे गायत्री शक्तिपीठ कल्याणपुर में नवरात्रि के अवसर पर श्रीराम कथा का आयोजन किया गया है। रविवार की शाम में श्रीराम कथा की शुरूआत गायत्री परिवार के मुख्य प्रबंध ट्रस्टी संजय सोनी, व्यवस्था समिति के अध्यक्ष सरयू चंद्रवंशी एवं शोभा सोनी ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम में आयोजक ओम समिति के सदस्यों ने अतिथियों का स्वागत किया।

संजय सोनी ने श्रीराम कथा के आयोजन के महत्व पर प्रकाश डाला। कहा कि श्रीराम आज के



समय में भी उतनी ही प्रासंगिक हैं, जितना प्राचीन काल में थे। वे सदा के लिये प्रेरणास्त्रोत बने रहेंगे। इसके पूर्व शक्तिपीठ परिसर से ओम समिति के सदस्यों द्वारा भव्य कलश यात्रा निकाली गयी। इसकी शुरुआत पंचायत के मुखिया अशोक कुमार, सरयू चंद्रवंशी एवं भाजपा नेता विनय चंद्रवंशी ने बालिकाओं को मुख्य कलश प्रदान कर किया। कलश यात्रा में जयघोष के साथ निकाली गयी कलश यात्रा कल्याणपुर स्थित दानरो एवं घीवा नदी के संगम पर पहुंचकर मंत्रोच्चार के साथ कलश में जल भरा, जिसे शक्तिपीठ परिसर में लाकर स्थापित किया। मुख्य यजमान के रूप में अनिल विश्वकर्मा और उनकी पत्नी उर्मिला देवी ने पूजन किया। कलश यात्रा को सफल बनाने में गायत्री परिवार के प्रखंड समन्वयक अखिलेश कुशवाहा, प्रभुदयाल प्रजापति, अशोक विश्वकर्मा, मिथिलेश कुशवाहा, ओम समिति के अध्यक्ष चंद्रमणि कुमार, सचिव संदीप कुमार, पप्पू कुमार, वार्ड पार्षद अजीत शर्मा, गौतम विश्वकर्मा ने योगदान दिया।

## समारोह में बीडीओ व प्रभारी पंचायती राज पदाधिकारी सह जनसेवक को दी गई विदाई

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**

नगर उंटारी बीडीओ श्रवण राम व प्रभारी पंचायती राज पदाधिकारी सह जनसेवक उत्तम रंजन के तबादला होने पर प्रखंड कार्यालय के सभागार सोमवार को विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर उपस्थित लोगों ने उक्त दोनों के कार्यकाल की प्रशंसा की। जनप्रतिनिधियों व पदाधिकारियों ने माला पहनाकर व अंगवस्त्र देकर उन्हें सम्मानित किया। बीडीओ श्रवण राम ने कहा कि नगर उंटारी के सभी जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों व ग्रामीणों का सहयोग एवं प्यार हमेशा यादगार बना रहेगा। वहीं समारोह को



संबोधित करते हुए बीस सूत्री अध्यक्ष शैलेश चौबे ने बीडीओ श्रवण राम के कार्यकाल की सराहना करते हुए कहा कि यहां के लोग उन्हें हमेशा याद रखेंगे। मौके पर जिपस बाला रानी, बीपीओ राजदीप कुमार, प्रधान लिपिक अनिल सिंह, जिपस पति प्रमोद कुमार, कनीय अभियंता रणधीर कुमार, जितेंद्र कुमार, अशोक कुमार, नागेंद्र प्रसाद, प्रशांत कुमार, स्नेहा सिंह, उत्तम रंजन, वेंडर मिठू जायसवाल, पिंटू सिंह, पंचायत सचिव वीरेंद्र सिंह, विकास जायसवाल, पूर्व मुखिया राकेश चौबे, उषा देवी, कुमारी रेखा, अनुराग सोनी, भगवान राम, विवेक कुमार, वीरेंद्र प्रसाद, राजकुमार, मंजूर अंसारी, कंप्यूटर ऑपरेटर रोहित कुमार, विक्रम कुमार, साधना कुमारी आदि उपस्थित थे।

## गागर में सागर

### नए थाना प्रभारी से मिला प्रतिनिधिमंडल

**पत्थलगड़ा(चतरा)।** सोमवार को अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन का एक प्रतिनिधिमंडल पत्थलगड़ा थाने के नए थाना प्रभारी सचिन कुमार दास से मुलाकात की। थाना प्रभारी को संगठन को बनाने के उद्देश्य से अवगत कराते हुए बताया गया कि लोगों को अपने अधिकार की जानकारी नहीं होने के कारण उनके अधिकारों को छीना जा रहा है। इसे रोकने के लिए इस संगठन कार्य करती है। संगठन पुलिस-प्रशासन के सहयोग के लिए हमेशा तात्पर्य रहती है। प्रतिनिधिमंडल में रंजीत कुमार, दुर्गेश कुमार, रंजू कुमारी, कविता कुमारी, पूनम देवी, चंपा देवी, पुष्पा देवी, बसंती देवी, मीना देवी, मोहम्मद अमजद हुसैन, अमरेश दांगी, राजेश रविदास, सलाउद्दीन अंसारी व मोहम्मद मुशतक आदि शामिल थे।

### चार दिनी फुटबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ

**चतरा/पत्थलगडा।** जिले के पत्थलगड़ा प्रखंड अंतर्गत बरवाडीह पंचायत के कुब्बा-झुमरी मैदान में फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन नवरात्रि के शुभ अवसर पर किया जा रहा है। इसका उद्घाटन सोमवार को मुख्य अतिथि मुखिया संदीप कुमार सुमन उर्फ महेश दांगी ने किया। पहला उद्घाटन मैच मारंगी बनाम हुडमुड के बीच खेला गया, जिसमें निर्धारित समय तक दोनों टीमें गोल नहीं कर सकी, तो पेनल्टी शूटआउट में मारंगी ने जीत हासिल की। मौके पर समाजसेवी तारकेश्वर दांगी, आयोजन समिति के अध्यक्ष बब्लू राम, उपेंद्र कुमार, शिक्षक दामोदर यादव, अनिल ठाकुर आदि मौजूद थे।

### शिव मंदिर निर्माण का हुआ भूमि पूजन

**बालूमाथ।** प्रखंड की गणेशपुर पंचयात अंतर्गत हुंडराटाड़ टोला में दुर्गा पूजा के अवसर पर वैदिक मंत्रोच्चार के बीच शिव मंदिर निर्माण का भूमि पूजन पंडित विजय पाठक द्वारा किया गया। मौके पर मुख्य यजमान की भूमिका प्रदीप राम के साथ मंदिर निर्माण समिति के पदाधिकारी ने निभाई। वहीं मंदिर निर्माण को लेकर एक कमेटी गठित की गई, जिसके अध्यक्ष महेश राम, कोषाध्यक्ष शंभू राम, सचिव बहादुर साव, उप सचिव बिनोद उरांव को बनाया गया है। मौके पर मनोज साव, सुरेंद्र साव, मोहर साव, सुरेश साव, जतन साव, राजेंद्र उरांव, विनय उरांव, रामकिशन राम, संतोष राम, परमेश्वर राम, जागो राम, नरेश राम, मोहन राम, रघु राम, सुरेंद्र राम, बसंत उरांव मौजूद रहे।

### अर्धवार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित

**बारियातु।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर परिसर में सोमवार को अर्धवार्षिक परीक्षा का परिणाम प्रकाशित कर बच्चों को प्रगति कार्ड व मेडल पहना कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे सांसद प्रतिनिधि सत्येंद्र सिंह, प्रधानाचार्य जितेंद्र राम ने संयुक्त रूप से किया। इसके पश्चात अर्द्धवार्षिक परीक्षा परिणाम की घोषणा परीक्षा प्रमुख शशि कुमार सिंह ने की। कक्षा में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को मुख्य अतिथि एवं प्रधानाचार्य द्वारा मेडल पहना कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन आचार्य लक्ष्मण राम ने किया। धन्यवाद ज्ञापन आचार्या वीणा देवी द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में बसंत कुमार, किरण देवी, विनीता कुमारी, मधुबाला कुमारी का योगदान रहा।

### समिति के अध्यक्ष मिले अंचलाधिकारी से

**मनिका।** प्रखंड कार्यालय में भूमि अधिग्रहण समिति के अध्यक्ष सुरेंद्र पासवान समेत कई जमीन मालिकों ने मनिका प्रखंड कार्यालय पहुंचकर अंचलाअधिकारी मनोज कुमार तिवारी से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान मनिका अंचलअधिकारी से जमीन मालिकों को हो रही असुविधा के बारे में भूमि अधिग्रहण समिति के अध्यक्ष सुरेंद्र पासवान ने अंचलाधिकारी को अवगत कराया। भूमि अधिग्रहण का पेमेंट सरल सुविधा से भूमि मलिक को प्रदान किया जाए। मनिका, नामुदाग, सिंजो में शिविर का आयोजन किया जाए, जिससे शेष जमीन मालिकों की जो समस्या है उसका समाधान किया जा सके। मौके पर प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष विश्वनाथ पासवान, राजद जिला किसान मोर्चा अध्यक्ष जितेंद्र यादव, मनिका विधानसभा युवा अध्यक्ष मिथिलेश पासवान, विशाल पासवान, राजन पासवान, शंभू पासवान, रमेश पासवान आदि उपस्थित थे।

### उप प्रमुख ने बीडीओ का किया स्वागत



**बालूमाथ।** नव पदस्थापित बीडीओ सोमा उरांव को प्रखंड उप प्रमुख कामेश्वर राम ने बुके देकर स्वागत किया। इस शिष्टाचार मुलाकात के दौरान उप प्रमुख ने प्रखंड की जटिल समस्याओं से बीडीओ को अवगत कराया और उन समस्या का समाधान के लिए उप प्रमुख ने हर संभव सहयोग करने का बात कही। मौके पर बीडीओ ने उप प्रमुख का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जनप्रतिनिधि के सहयोग के बिना विकास करना असंभव है। सरकार की विकास योजना हर वंचित और अंतिम घर तक पहुंचे, इसी उद्देश्य के साथ हम सबको मिलकर काम करने की आवश्यकता है। मौके पर चेताग पंचायत समिति सदस्य पिंटू नायक के अलावे कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# चतरा में रंगदारी नहीं मिली तो फूंक डाली मिक्सर मशीन

## रंगदारी नहीं देने पर गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी, जांच में जुटी पुलिस

**नवीन मेल संवाददाता। चतरा**

रंगदारी नहीं मिलने से नाराज अपराधियों ने जिले के वशिष्ठनगर जोरी थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रतापपुर-जोरी मुख्य पथ पर स्थित टंकु-होसिल गांव में आगजनी की घटना को अंजाम दिया है। ज्ञात हो कि जिला प्रशासन द्वारा डीएमएफटी योजना के तहत 45 लख रुपये की लागत से बन रही पीसीसी सड़क के निर्माण कार्य में लगी मिक्सर मशीन में अपराधियों ने आग लगाई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दो अज्ञात लोगों ने इस पूरी घटना को अंजाम दिया है। मजदूरों के अनुसार कंस्ट्रक्शन कंपनी के प्लांट पर काम कर रहे मजदूरों को एक कमरे में बंद कर अपराधियों ने गाड़ी में आग लगाई थी।

साथ ही घटना को अंजाम देने के बाद रंगदारी नहीं देने पर गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी भी अपराधियों ने दी है। अगलगी की घटना में मिक्सर मशीन आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हुई है।



मजदूरों के अनुसार देर रात ही सड़क का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका था। कार्य एजेंसी प्रेमचंद सिंह कंस्ट्रक्शन कंपनी द्वारा 640 मीटर सड़क का निर्माण कराया गया है। हालांकि यह घटना नक्सली वारदात है या असामाजिक तत्वों की, इसकी पड़ताल में पुलिस जुट गई है। पूर्व में भी असमाजिक तत्वों ने रंगदारी की मांग को लेकर निर्माण कार्य को प्रभावित करने का प्रयास किया था लेकिन पुलिस के हस्तक्षेप के बाद अपराधी भाग निकले थे।

## राजद की बैठक में दिया संगठन की मजबूती पर जोर

**बरवाडीह।** प्रखंड राष्ट्रीय जनता दल कमेटी की बैठक छिपादोहर पंचायत भवन में प्रखंड अध्यक्ष आदित्य कुमार यादव की अध्यक्षता में हुई। इसमें संगठन मजबूती पर जोर दिया गया। आगामी लोकसभा की चुनाव की तैयारी हेतु रणनीति बनाई गई। राजद के जिला महासचिव नेशार अहमद ने कहा कि लालू प्रसाद यादव व्यक्ति नहीं, विचार हैं। जिला सचिव जगनारायण माली ने भी लालू प्रसाद के उल्लेखनीय कार्यों की चर्चा की। बैठक में छिपादोहर पंचायत कमेटी का गठन किया गया, जिसमें छिपादोहर पंचायत अध्यक्ष के रूप में चमरु सिंह को चुना गया। जितेंद्र सिंह उपाध्यक्ष, श्याम सुंदर सिंह महासचिव, पच्चु सिंह सचिव, महिला अध्यक्ष तारा देवी महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष, फूल देवी उपाध्यक्ष उपाध्यक्ष, शकुंतला देवी सचिव को सर्वसम्मति से चुना गया। मौके पर जयपाल सिंह, कामेश्वर सिंह, तपेश्वर सिंह, प्रमिला देवी, मानो देवी, जितनी देवी, मनाता देवी, सविता देवी, रविंद्र सोनी मौजूद थे।

## सरस्वती शिशू विद्या मंदिर में खुलेआम बाल श्रम करते दिखे बच्चे



**नवीन मेल संवाददाता। पत्थलगड़ा(चतरा)**

पत्थलगड़ा प्रखंड मुख्यालय स्थित सरस्वती शिशू विद्या मंदिर में अध्ययनरत बच्चे सोमवार को खुलेआम सुभाष चौक में काम करते दिखे बच्चे। मिली जानकारी के अनुसार सुभाष चौक में विद्यालय के आचार्य द्वारा खुले आम बच्चों को पढ़ाई के समय काम लिया जा रहा था। बच्चे सुभाष चौक से विद्यालय के लिए लोहे के एंगल से बने भारी सामग्री को ले जाते दिखे। इस कार्य में लगभग दर्जनभर बच्चे शामिल थे। इस संबंध में स्कूल आचार्य अक्षेवट पांडेय से पूछा गया तो उन्होंने बेतुका सा जवाब दिया कि बच्चों के द्वारा स्कूल का काम करा रहे हैं, बाहरी काम नहीं करा रहे हैं, जबकि ऐसा कार्य व्यवहारिक ज्ञान के अंतर्गत भी नहीं आता है, इसके बावजूद भारी व जोखिम भरा काम बच्चों से क्यों कराया जा रहा था।

## मनिका थाना परिसर में हुई शांति समिति की बैठक



**नवीन मेल संवाददाता। मनिका**

थाना परिसर में दुर्गा पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक सोमवार को बीडीओ मनोज कुमार तिवारी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक के दौरान मौजूद शांति समिति के सदस्यों को जानकारी देते हुए मनिका थाना प्रभारी राणा भानुप्रताप सिंह ने कहा कि दुर्गा पूजा को लेकर मनिका थाना पुलिस पूरी तरह से सजग है। थाना प्रभारी ने कहा कि पूजा को लेकर जिला पुलिस के साइबर सेल सोशल मिडिया पर पैनी निगाह रखी हुई है। किसी भी तरह की कोई भी भ्रामक खबर सोशल मिडिया ग्रुप में डालने वालों पर पुलिस सख्त कारवाई करेगी। वहीं शांति समिति की बैठक में उपस्थित बीडीओ मनोज कुमार तिवारी ने दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि दुर्गा पूजा हर्षोल्लास के साथ सभी लोग मिलजुल कर मनायें। वहीं पूजा समिति के लोग पूजा पंडाल के साथ-साथ आसपास रोशनी की व्यवस्था करें। मौके पर उपस्थित जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष सुरेंद्र पासवान, बीससुत्री अध्यक्ष विश्वनाथ पासवान, मनिका विधानसभा अध्यक्ष मिथिलेश पासवान, पंचायत समिति सदस्य प्रमोद राम, विधायक प्रतिनिधि दरोगी प्रसाद यादव, सांसद प्रतिनिधि विश्वनाथ राय, मुखिया बहादुर उरांव, अमर पूजा समिति अध्यक्ष वचन यादव, मनिका ग्राम प्रधान भारत प्रसाद, बांडी ग्राम प्रधान कयूम अंसारी, जितेंद्र यादव, अजीत यादव, बिरेंद्र यादव, सुरेंद्र भारती, डीग्लू राय आदि मौजूद थे।

## छात्राओं ने ली बाल विवाह न करने की शपथ

**नवीन मेल संवाददाता। पत्थलगड़ा (चतरा)**

कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रन फाउंडेशन द्वारा राज्यव्यापी बाल विवाह से आजादी अभियान (बाल विवाह के विरुद्ध) को लेकर विभागीय निर्देश के आलोक में सोमवार को बाल कल्याण समिति चतरा के अध्यक्ष धनंजय तिवारी के नेतृत्व में कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय पत्थलगड़ा में बाल विवाह उन्मूलन पर छात्राओं को शपथ दिलाई गई।

आयोजित समारोह में सीडब्ल्यूसी के अध्यक्ष तिवारी के साथ, थाना प्रभारी सचिन कुमार दास, मुखिया राधिका देवी, पंचायत सचिव राकेश कुमार, वार्डेन रीता कुमारी, पीएलवी मुनिलाला दांगी, स्थानीय पत्रकारों व छात्राओं ने बाल विवाह न करने व लोगों को इसके प्रति जागरूक करने की शपथ ली। सीडब्ल्यूसी के अध्यक्ष तिवारी ने इस अवसर पर कहा कि बाल विवाह पर रोक संबंधी कानून सर्वप्रथम 1929 में पारित किया गया था। बाद में 1949, 1978 और 2006 में इसमें संशोधन किए गए। केंद्र सरकार ने 1929 के बाल विवाह निषेध अधिनियम को निरस्त करके उसके स्थान पर 2006 में अधिक प्रगतिशील बाल विवाह निषेध अधिनियम लाकर इस प्रथा को रोकने की दिशा में बेहतर पहल की। यह कानून नवंबर 2007 में प्रभावी हुआ। इस समय विवाह की न्यूनतम आयु बालिकाओं के लिए 18 वर्ष और बालकों के लिए 21 वर्ष निर्धारित की गई है। वर्तमान समय में बाल विवाह चिंता का विषय है। ;़ किसी बच्चे को अच्छे स्वास्थ्य, पोषण और शिक्षा के अधिकार से वंचित करता है। कम उम्र में विवाह से लड़के और लड़कियों में शारीरिक, बौद्धिक, मनोवैज्ञानिक और भावनात्मक प्रभाव पड़ता है। बाल विवाह से लड़कियां बड़ी संख्या में प्रभावित होती हैं। कम उम्र के विवाह के मुख्य कारणों में सांस्कृतिक चलन, सामाजिक परंपराएं और गरीबी है। अध्यक्ष, थाना प्रभारी, मुखिया आदि द्वारा संयुक्त रूप से मौजूद छात्राओं को बाल विवाह न करने व लोगों को इसके प्रति जागरूक करने की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम का आयोजन जिला विधिक सेवा प्राधिकार व बाल कल्याण समिति के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। मौके पर प्रखंड कर्मी सतेंद्र कुमार, आशीष कुमार, सिंघानी पंचायत समिति सदस्य मीणा देवी, शिक्षक शितल कुमार, समाजसेवी पत्रकार अरविंद ठाकुर, प्रखंड श्रमिक मित्र सह पत्रकार सुनिल कुमार दांगी, संजय दांगी आदि उपस्थित थे।



## दुर्गा पूजा पंडालों में वाहन एक्ट बोर्ड लगवाएं : उपायुक्त

**नवीन मेल संवाददाता। चतरा**

समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में उपायुक्त अबु इमरान की अध्यक्षता में आपदा प्रबंधन, कारा सुरक्षा, उग्रवादी हिंसा, जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा टास्क फोर्स, मेगा प्रोजेक्ट, भू अर्जन समेत अन्य से संबंधित मामलों की गहन समीक्षा की गई। जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा टास्क फोर्स की बैठक में पूर्व की बैठक में दिए गये निर्देश के अनुपालन प्रतिवेदन की समीक्षा करते हुए सभी परियोजनाओं में चलने वाले वाहनों में स्पीड नियंत्रण को लेकर स्पीड ब्रेकर लगाने का निर्देश दिया गया। साथ ही निर्देशित किया गया कि पूजा पंडालों में वाहन एक्ट बोर्ड जागरूकता हेतु लगायें। उपायुक्त ने दुर्घटनाओं की जानकारी लेते हुए निर्देशित किया कि होनेवाली सड़क दुर्घटनाओं पर रोक लगाने हेतु लोगों को जागरूक करें जिससे कि दुर्घटना न हो। किसी प्रकार की दुर्घटना होने पर घायल व्यक्ति को अविलंब सहायता देने हेतु प्राथमिकता के आधार पर सभी अंचल अधिकारी,




बीडीओ, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी एवं थाना प्रभारी का नाम, मो. संख्या की सूचना से संबंधित प्रचार-प्रसार कराने को लेकर निर्देशित किया गया। त्योहारों को देखते हुए उपायुक्त ने जर्जर सड़कों की मरम्मती कराने का निर्देश संबंधित पदाधिकारी को दिया। जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम चतरा समीप बनकर तैयार वेंडिंग जोन में दुकानदारों को सिफ्ट मामले की समीक्षा के क्रम में नगर परिषद द्वारा बताया गया कि अभी तक कुल 32 आवेदन प्राप्त हुए हैं जिसपर कार्रवाई की जा रही है। कारा सुरक्षा की समीक्षा के क्रम में जेल अधीक्षक द्वारा बताया गया कि सुरक्षा के दुष्टिकोण से जेल परिसर में लगे पेड़ की टहनियां जो जेल के दिवारों से सटे है उन्हें हटाया जाना आवश्यक है। इस संदर्भ में उपायुक्त ने वन पदाधिकारी से समन्वय स्थापित कर कार्रवाई करने का निर्देश दिया। वहीं बैठक में कैदियों के लिए अलग से इलाज हेतु सदर अस्पताल में वार्ड उपलब्ध कराने पर विमर्श किया गया। मेगा प्रोजेक्ट के प्रबंधक समेत अन्य उपस्थित प्रतिनिधियों द्वारा जिले में चल रहे मेगा प्रोजेक्ट को लेकर अद्यतन प्रगति की जानकारी दी गई। साथ ही विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन में आ रही समस्याओं से भी अवगत कराया गया। संबंधित अधिकारियों को जल्द उन मामलों का निपटारा करने का निर्देश दिया। जिससे रैयतों को ससमय भुगतान हो सके एवं जिले में सभी प्रोजेक्ट के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की समस्या न हो। भारत माला प्रोजेक्ट की समीक्षा के क्रम में उन्होंने कहा कि इसमें लापरवाही बर्दास्त नहीं की जाएगी। सभी संबंधित अंचल अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि एफआरए/ एलपीसी/ जीम लैंड का कार्य शीघ्र पूर्ण कर लिया जाय। बैठक में मुख्य रूप से अपर समाहर्त्ता पवन कुमार मंडल, एसडीओ चतरा मुमताज अंसारी, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी वैभव सिंह, एसडीपीओ चतरा अविनाश कुमार, एसडीपीओ सिमरिया अशोक प्रियदर्शी, डीएसपी मुख्यालय केदारनाथ राम, जिला परिवहन पदाधिकारी इंदर कुमार, संबंधित अंचल अधिकारी, संबंधित परियोजनाओं के प्रबंधक/प्रतिनिधि समेत अन्य विभागों के पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

## नायक समाज की बैठक में लिये गये कई निर्णय



**नवीन मेल संवाददाता। बालूमाथ**

प्रखंड मुख्यालय स्थित झारीवा टोला में अबिन्द नायक की अध्यक्षता में नायक समाज की बैठक हुई। बैठक में मुख्य रूप से समाज के उत्थान के लिए विस्तार पूर्वक चर्चा की गई।

मौके पर नायक समाज के जिला उपाध्यक्ष रामप्रवेश नायक ने कहा कि नायक समाज अन्य समाज से शैक्षणिक, सांगठनिक, आर्थिक एवं राजनीति में काफी पिछड़ा हुआ है और तो और हमारे समाज में शराब घर बन चुका है जिससे युवा साथियों पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है। इस कारण हमारा समाज विकास नहीं कर पा रहा है। कहा कि अगर हमारे समाज को उत्थान करना है तो सबसे पहले शराब छोड़ हमें शिक्षा एवं संगठन की ओर अग्रषित होना होगा। हमें अपने हक, अधिकार के लिए आगे आना होगा। मौके पर दिपक नायक, करण नायक, जितेंद्र नायक, सुनिल नायक, विजय नायक, सुभम नायक, मन्टु नायक, बॉवी नायक, अरविन्द नायक आदि मौजूद थे।

## आयोजन: ऑल इंडिया स्टेशन मास्टर एसोसिएशन की बैठक संपन्न

# देश की लाइफलाइन है रेलवे : टोरी एसएम

**नवीन मेल संवाददाता। चंदवा**

आल इंडिया स्टेशन मास्टर एसोसिएशन की बरवाडीह ब्रांच का संरक्षा बैठक और शाखा विस्तार टोरी में किया गया। स्टेशन रक्षक टोरी रंजीत कुमार ने कहा कि रेलवे देश की लाइफ लाइन है। इसका संरक्षा के साथ परिचालन बहुत आवश्यक है। बिना संरक्षा के बहुत बड़ी दुर्घटना हो सकती है। धनबाद मंडल के मंडल अध्यक्ष रमेश महतो ने संगठन की आवश्यकता के बारे में बताया।

उन्होंने कहा कि यह संगठन केवल स्टेशन मास्टर की रक्षा नहीं करता है, बल्कि देश के मुश्किल वक्त में सहयोग भी करता है। ब्रांच सेक्रेटरी रामाशीष महतो ने कहा कि स्टेशन मास्टर आपस में मिलकर रहें, जब कभी कोई समस्या उत्पन्न हो तो, आपस में मिलकर उसे हल करें, अन्यथा उसे आगे अपने ऊपर के




अधिकारी को सूचित करें। रेलवे के सामान्य नियम का अध्ययन करें और ड्यूटी के दौरान नियमों का कड़ाई से पालन करें। इसके बाद संगठन के सदस्यों ने टोरी से लेकर शिवपुर तक सभी स्टेशनों पर सभी स्टेशन मास्टरों से मिलकर उनकी समस्याओं को सुना। उनको हल करने का आश्वासन दिया। साथ ही संरक्षा के साथ कार्य करने की सलाह दी गई। बैठक की अध्यक्षता यातायात निरीक्षक संजय कुमार एवं स्टेशन अधीक्षक रंजीत कुमार ने की। बैठक में स्टेशन अधीक्षक टोरी श्री रंजीत कुमार, इंद्रजीत सिंह एसएम/ चेतर, डी. के. पुरी एस एस/ पतरातू और टोरी से समस्त स्टेशन मास्टर और बालूमाथ में बालूमाथ के स्टेशन अधीक्षक जितेंद्र चौधरी मौजूद थे।

## मनिका : बंदुआ में 44 वर्षों से हो रही है दुर्गा पूजा

**नवीन मेल संवाददाता। मनिका**

प्रखंड स्थित बंदुआ पंचायत के बंदुआ गांव में 44 वर्षों से लगातार शांतिपूर्ण तरीके से हो रही है दुर्गा पूजा। सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति बंदूआ के संरक्षक महावीर प्रसाद ने बताया कि शांतिपूर्ण तरीके से दुर्गा पूजा ग्राम वासियों के सहयोग से होती आ रही है। वहीं महावीर प्रसाद ने सर्वप्रथम दुर्गा पूजा करने के लिए भूमि दान करने वाले भूमि दाता जोखन साव और विगन साव को दिल से आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि जमीन दाता दुर्गा पूजा करने को लेकर 1955 में ही दुर्गा पूजा के नाम से भूमि को दान कर दी थी। इसके बाद 1979 ई से दुर्गा पूजा होना आरंभ हुआ, जिसमें प्रथम अध्यक्ष पद के रूप में तपेश्वर साव दूसरा जगदीश प्रसाद तीसरा महावीर प्रसाद चौथ गौरी प्रसाद और अभी वर्तमान में दुर्गा प्रसाद दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष हैं। आपको बताते चलें कि दुर्गा पूजा के शुभ अवसर पर लगातार 44 वर्षों से सांस्कृतिक रंगारंग कार्यक्रम का भी चार दिवसीय आयोजन की जाती है। कार्यक्रम सप्तमी तिथि से



आरंभ होती है और दशमी तक चलता है। कार्यक्रम में कई गांव के लोग उपस्थित होकर शांतिपूर्ण तरीके से कार्यक्रम का आनंद उठाते हैं। सबसे अहम बात तो यह है कि कार्यक्रम होने के बावजूद भी कार्यक्रम शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो जाती है। कार्यक्रम को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने को लेकर कमेटी के 10 लोगों को के सदस्य बनाते हैं और सभी सदस्य आपस में मिलकर कार्यक्रम को शांतिपूर्ण तरीके से सफल करवाते हैं। बंदुआ पंचायत में टोटल 13 टोला है और बंदुआ पंचायत की आबादी लगभग 5000 है बंदुआ पंचायत में सभी जाति वर्ग के लोग निवेश करते हैं और पूजा आपसी भाईचारे के साथ मनाते हैं। बंदुआ दुर्गा पूजा की विशेषता यह भी है कि दशमी की तिथि को जब मां दुर्गा की प्रतिमा का विसर्जन की जाती है। उसके बाद सभी गांव के लोग एक दूसरे के घर में जाकर आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। और एक दूसरे से गले मिलते हैं और पिछली बातों को भूल जाने का वादा करते हैं। मौके पर महावीर प्रसाद, जनक प्रसाद, संतोष प्रसाद, सीताराम साव, भरदुल सिंह, रामसेवक उरांव, अनिल पासवान, दामोदर यादव, जनक प्रसाद, अभय कुमार आदि उपस्थित थे।

## गागर में सागर

### अवैध बालू लदे दो ट्रेक्टर किए जब्त

**कुडू।** खनन विभाग व कुडू थाना पुलिस ने संयुक्त कारवाई करते हुए अवैध बालू लदे दो ट्रैक्टर को टाटी चौक से जब्त किया है। वहीं मौके से दोबा बरटोली निवासी अताउल रहमान और कोलसिमरी निवासी प्रमोद पासवान को भी गिरफ्तार किया है। सूचना मिली थी कि रोक के बावजूद बालू घाट से टाटी चौक होते हुए चोरी छिपे अवैध रूप से बालू का परिवहन किया जा रहा है। इसी सूचना पर खनन पदाधिकारी राजा राम प्रसाद एवम कुडू थाना बिस्वजीत सिंह के द्वारा छापेमारी कर दो अवैध बालू लदा ट्रैक्टर पकड़ आगे की कार्रवाई की जा रही है। इधर पुलिस की कार्रवाई से बालू कारोबारियों में हड़कंप है। गिरफ्तार लोगों को सोमवार को जेल भेज दिया गया।

### आगामी चुनाव को लेकर कार्यकर्ता समर्पित भाव से लग जाएं : शकील

**कैरो।** कांग्रेस कमेटी के निर्देश अनुसार प्रखंड कमेटी, मंडल कमेटी,पंचायत कमेटी एवं सभी मंच मोर्चा कमेटी की भौतिक सत्यापन हेतु सोमवार को प्रखंड कांग्रेस कार्यालय स्वर्गीय शिव प्रसाद साहू स्मृति सामुदायिक भवन में बैठक हुई। बैठक में प्रखंड, मंडल, पंचायत एवं सभी अग्रणी मोर्चा स्तर तक के कमेटी का गंभीरता पूर्वक भौतिक सत्यापन किया गया एवं अपूर्ण कमेटी को जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। जिला कार्यकारी अध्यक्ष शकील अहमद ने कहा कि आगामी चुनाव को लेकर सभी कार्यकर्ता समर्पित भाव से अपने-अपने क्षेत्र में कार्य करें और पार्टी को बुथ स्तर तक मजबूत करें। कार्यकर्ता पार्टी की रिढ़ है,कार्यकर्ता के बदौलत ही हम चुनाव जितते हैं। बैठक में सभी 6 पंचायत के लिए सर्वसम्मति से प्रभारी का चयन किया गया, जिसमें गुड्डी पंचायत के लिए जोरावर खान और मुस्लिम अंसारी, कैरो पंचायत बुधवा उरांव एवं निरंजन राम, सढ़ाबे पंचायत इंतखाब आलम एवं मंगरा उरांव, हनहट पंचायत विजय कुमार एक्का और जगन्नाथ यादव, गजनी पंचायत नईम अंसारी और प्रवीण पांडे व नरौली पंचायत के लिए मुर्शिद आलम और मोजाहिर अंसारी को प्रभारी बनाया गया। मौके पर प्रखंड प्रभारी रीना प्रखंड अध्यक्ष अनीश अहमद खान आदि मौजूद थे।

### थाना में शांति समिति की बैठक हुई

**चैनपुर (गुमला)।** दुर्गा पूजा को लेकर चैनपुर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक रखी गई। बैठक में दुर्गा पूजा आपसी भाईचारगी व सौहार्द के साथ मनाने हेतु पुलिस प्रशासन ने उपस्थित ग्रामीणों से चर्चा करते हुए कहा की किसी भी समुदाय व्यक्ति विशेष, धर्म समाज को ठेस पहुंचाने वाले संगीत गाने का प्रयोग न करें जिससे सामाजिक सौहार्द बिगड़े। वहीं किसी भी प्रकार की भ्रामक सूचना फोटो वीडियो एवं धर्म पर आपत्तिजनक टिप्पणी सोशल मीडिया पर शेयर करने से बचें। किसी भी प्रकार की असामाजिक गतिविधि, भड़काऊ मैसेज, धार्मिक विद्वेष फैलाने वाले एवं वीडियो को पोस्ट करने वालों की सूचना नजदीकी पुलिस थाना को दें। साथ ही नशापान से दूर रहते हुए सांप्रदायिक सौहार्द के साथ शांति व्यवस्था बनाए रखने एवं भाईचारगी के साथ पूजा को मानने का निर्देश दिया गया। मौके पर चैनपुर अनुमंडल पदाधिकारी सुशील खाखा, प्रखंड विकास पदाधिकारी शिशिर कुमार सिंह, मुखिया शोभा देवी, सर्किल इंस्पेक्टर बैजू उरांव, चैनपुर थाना प्रभारी आशुतोष कुमार सिंह, जमुना केसरी, रघुनंदन प्रसाद, त्रिभुवन प्रसाद आदि उपस्थित थे।

### फसल राहत योजना 30 नवंबर तक

**गुमला।** किसानों के कल्याणार्थ संचालित झारखण्ड फसल राहत योजना के वास्ते आवेदन की तिथि विस्तारित की तिथि 30 नवबर संभावना है। इस बाबत जानकारी देते हुए जिला सहकारिता पदाधिकारी आशा टोप्पो ने बताया कि गुमला में विगत वर्ष के आंकड़ों के मुताबिक कुल निबन्धित कृषकों की संख्या 128962 है जिसके मुकाबला अब तक मात्र 72326 कृषकों ने ही झारखण्ड फसल राहत योजना के तहत आवेदन दिए हैं। शेष बचे कृषकों को भी सरकार के इस कल्याणकारी योजना का लाभ दिलाने के वास्ते अधिकारी ने अपील की है कि इस योजना के तहत कृषक शीघ्र आवेदन जमा कराएं ताकि उन्हें योजना से आच्छादित किया जा सके। अधिकारी ने इस संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि निबंधित कृषक महज 10रुपए के आवेदन शुल्क के जरिए प्रज्ञा केंद्र से सरकार की लोक कल्याणकारी योजना से संबंधित लाभ उठा सकते हैं। अब तक जिन कृषक का निबंधन नहीं हो सका है वह प्रज्ञा केंद्र में 40 रुपये जमा कराते हुए निबंधन की प्रक्रिया पूरी कर आवेदन जमा कर सकते हैं। इस योजना के तहत खेती का 30 से 50 फीसदी के बीच फसल क्षति होने पर 3000 रुपएअधिकतम प्रति एकड़ तथा अधिकतम 5 एकड़ के लिए कुल 15 हजार रुपए अधिकतम की क्षतिपूर्ति का प्रावधान है। 50 फीसदी से अधिक क्षति के मामले में 4000 रुपये अधिकतम प्रति एकड़ की दर से अधिकतम 5 एकड़ के लिए कुल 20 हजार रुपया अधिकतम की क्षतिपूर्ति निर्धारित है। बता दें कि पिछले वर्ष बसिया प्रखंड को छोड़कर जिले के शेष ग्यारह प्रखंड योजना के तहत सूखा घोषित किए गए थे। वहीं बसिया प्रखंड के किसानों को फसल राहत योजना का लाभ मिला था। विगत वर्ष 2022- 23 मे सूखा राहत योजना के अनर्गत 3500 रुपए प्रति कृषक की दर से कुल 48000 किसानों को इस योजना से आच्छादित करते हुए लाभ प्रदान किया गया था।

### डिवाइन स्पार्क पब्लिक स्कूल में बाल विवाह के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम का किया गया आयोजन

# बाल विवाह एक सामाजिक अपराध है : किरण पंडित

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
डिवाइन स्पार्क पब्लिक स्कूल के प्रांगण में बाल विवाह के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में महिला थाना प्रभारी किरण पंडित एवं सलाम पॉल केरकेट्टा, पुलिस अधिकारी रामेश्वर यादव उपस्थित थे। थाना प्रभारी ने कहा कि बाल विवाह एक सामाजिक अपराध है। इसमें बालिका का कम आयु में भविष्य अंधकारमय हो जाता है। बालिकाओं का शारीरिक, मानसिक और नैतिक मूल्य नष्ट हो जाता है। ये ईश्वर के सामने एवं मानवता के सामने घोर अपराध है। बच्चों ने बाल विवाह न करने का या ऐसी बाल विवाह में भाग न लेने का और ऐसी घटना जिला प्रशासन या पुलिस प्रशासन को जानकारी देने की प्रतिज्ञा की। विद्यालय के निदेशक वीके बालान्जिनप्पा ने जिला पुलिस अधिकारी द्वारा इस महत्वपूर्ण कार्यकम की प्रशंसा की। बाल विवाह के विरोध में एक नाटक लिखकर राष्ट्रीय स्तर पर प्रतियोगिता में भाग लेने की इच्छा व्यक्त की। उनका डायन बिसाही, सभी बकवास, बालश्रम बाल मनोविज्ञान पर आधारित नाटक राष्ट्रीय स्तर पर पुरस्कृत हो चुका है। कार्यक्रम को सफल बनाने में शोभा विश्वकर्मा, निकेत, रीतिका, नूर कहकशा, सरहा, जीवन साहु, आदित्य कुमार साहु, आकाश साहु आदि न सहयोग किया।





### बाल विवाह : रोकथाम को लेकर निकाली प्रभातफेरी

**कैरो।** प्रखंड के डॉक्टर अनुग्रह नारायण प्लस टू उच्च विद्यालय कैरो और उत्क्रमित उर्दू उच्च विद्यालय गराड़ीह में सोमवार को बाल विवाह रोकथाम को लेकर जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया। शिक्षकों के नेतृत्व में छात्र-छात्राओं द्वारा प्रभात फेरी निकली गई, जो विद्यालय परिसर से शुरू होकर मुख्य चौक, चांदनी चौक होते आदिवासी मुहल्ला, हरिजन मुहल्ला, प्रखंड कार्यालय होते हुए पुनः विद्यालय लौटी। इस दौरान छात्र छात्राओ ने हाथों में बैनर पोस्टर आदि लिए हुए हमने ठाना है बाल विवाह रोकना है, बाल विवाह एक अभिशाप है आदि नारे लगा रहे थे। मौके पर प्रधानाध्यापक गणेश कुमार शास्त्री, शिक्षक देवनंदन नायक, अभिषेक केसरी, शुष्मा लता डांग, मणौउर हुसैन, राजेश साहू, देवनंदन नायक, आशीष तिर्की, मो खालिद, पवन खाखा, कृष्णा उरांव, महाबीर भगत, रौशन गुलाब आदि उपस्थित थे।

### बाल विवाह कानूनन अपराध है, इससे बचें

**सेन्हा।** प्रखड मुख्यालय स्थित बेसिक उच्च विद्यालय की ओर से बाल विवाह की रोकथाम को लेकर प्रभातफेरी निकली गई, जो विद्यालय परिसर से प्रारंभ हो मुख्य पथ होते हुए आदिवासी मुहल्ला, हरिजन मुहल्ला से घूम कर प्रखंड कार्यालय होते हुए वापस विद्यालय लौटी। वहीं शिक्षिका बैजयंती उरांव ने शपथ दिलाते हुए बाल विवाह से होने वाले शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक नुकसान एवं परेशानियों के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। कहा कि बाल विवाह कानूनन अपराध है। इससे बचना चाहिए। मौके पर मेराज अंसारी, चांदनी शाहदेव, प्रबोध पी बाघ, अब्बुलयास अंसारी, कृति सुभानी रानी आदि उपस्थित थे। वहीं प्रखंड कार्यालय स्थित ज्ञानज्योति क्लस्टर संघ में बाल विवाह रोकथाम के प्रति शपथ दिलाई गई। मौके पर प्रखंड समन्वयक पूनम देवी, प्रदीप महली, इंदू देवी, उमंग साहु, पूनम टोप्पो, प्रियंका देवी आदि मौजूद थे।

# अग्रसेन जयंती पर हुए रंगारंग कार्यक्रम

### महाराजा अग्रसेन के विचार वर्तमान में भी प्रासंगिक : एसडीओ

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
स्थानीय अग्रसेन भवन में अग्रवाल सभा, अग्रवाल यूथ सोसाइटी एवं अग्रवाल महिला कमेटी के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित अग्रकुल के प्रवर्तक महाराजा अग्रसेन की 5147 वीं जयंती भव्य समारोह के बीच मनाई गई। समारोह का उद्घाटन मुख्य अतिथि अनुमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल, ज्ञानचंद अग्रवाल, अजय मितल आदि ने किया।

मौके पर एसडीओ ने कहा कि महाराजा अग्रसेन ने मानव समाज को एक नई दिशा और आयाम देने का कार्य किया। महाराज अग्रसेन के विचार और सिद्धांत समाज में आज भी विद्यमान है। महाराज अग्रसेन के विचारों को सभी समुदाय के लोगों को आत्मसात करने की जरूरत है। आज की युवा पीढ़ी उनके विचारों को आत्मसात कर रही है यह सराहनीय है। उन्होंने महाराजा अग्रसेन को समाजवाद का वैज्ञानिक कहा। वहीं अजय मित्तल ने कहा कि अग्रसेन महाराज ने मानव समाज को उर्जा और उत्साह से परिचय कराया था। इसे अपनाने से समाज का कल्याण और उत्थान होगा। अग्रवाल समाज के लोगो का देश की उन्नति और तरक्की में महत्वपूर्ण भागीदारी रही है। कार्यक्रम में अवधेश मित्तल, मुरारी अग्रवाल, नवल किशोर, अजय मित्तल, कृपा शंकर सिंह, राजेश कुमार टिंकू, अजय प्रसाद, धनंजय अग्रवाल, राहुल अग्रवाल, नंदन कुमार, नीलेश गोयल, कुमार नीरव आदि मौजूद थे।







### समाज के मेधावी छात्र छात्राएं, बुजुर्ग सम्मानित

समारोह में आयोजित नृत्य, भाषण आदि प्रतियोगिताओं के सफल प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। कक्षा शिशु से उच्चतर शिक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर समाज और जिले का नाम रौशन करने वाले बच्चों को मेडल व प्रशस्ति पत्र दिया गया। इस दौरान अतिथियों व आठ वृद्धजनों को भी सम्मानित किया गया, जिनमे विमला देवी, अंबिका देवी, गौरी देवी, प्रमिला देवी, गोपाल प्रसाद गुप्ता, भुवनेश्वर प्रसाद अग्रवाल, दयानंद प्रसाद अग्रवाल एवं अधिवक्ता मोतीलाल अग्रवाल शामिल थे।

### नृत्य, नाटकों की हुई आकर्षक प्रस्तुति

बच्चों द्वारा कई आकर्षक नृत्य व नाटकों की प्रस्तुति की गई। जिसमें नृत्य (जूनियर) में आध्या कुमारी, (बम बम बोले), नित्या मित्तल (बापू सेहत के लिए), परी मित्तल (सावन में मोरनी बनकर ), नृत्य (सीनियर) में आशी कुमारी (राधा कैसे न जले), छवि रानी, (मनवा लागे), नव्या रंजन (ढोलीना), सृष्टी एंड ग्रुप, (बरस रे मेघा मेघा), दिव्यांगना गोयल (डीजी डीजी बम बम ), इंटरटेन्मेंट के लिए कुछ भी करेगा में तन्मय एंड ग्रुप (खट्टा-मीठा), दिव्यांगना एंड ग्रुप (सास-बहू), आराध्या एंड ग्रुप (शोपिंग का एडिक्शन) की प्रस्तुति दी। नाटक में आराध्या एंड ग्रुप (सोशल मिडिया), कृतिका एंड ग्रुप (भारत माता की रक्षा) की प्रस्तुति दी।

## अग्रसेन जयंती पर जागरण में रातभर झूमते रहे श्रोतागण



**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
शहरी क्षेत्र के महावीर चौक पर अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के सदस्यों द्वारा महाराजा अग्रसेन की जयंती पर भव्य जागरण का आयोजन किया गया। इसमें जमशेदपुर, रांची और विभिन्न जगहों से आए हुए कलाकारों द्वारा रात भर एक से बढ़कर एक प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि उपायुक्त डॉ बाघमारे प्रसाद कृष्ण, पुलिस अधीक्षक हरीश बिन जमा, विशिष्ट अतिथि अनुमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल, डॉक्टर कुमुद अग्रवाल, डॉ राजीव रंजन, अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष प्रमोद पुजारी, सम्मेलन के अध्यक्ष राजीव रंजन, उपाध्यक्ष सुनील अग्रवाल ने संयुक्त रूप से की। गायक शैलेश दुबे ने एक से बढ़कर एक भजन की प्रस्तुति दी जिसे सुनकर सारे श्रोतागण झूम उठे। शोभा चौधरी एवं तदशा के मधुर गानों का सभी ने आनंद उठाया। विशेष रूप से सम्मान किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन, अखिल भारतीय महिला अग्रवाल सम्मेलन एवं अखिल भारतीय युवा अग्रवाल सम्मेलन के सभी सदस्यों ने पूरे उत्साह के साथ अपना सहयोग दिया। मंच संचालन चंदन गोयल के द्वारा किया गया। जागरण में मुख्य रूप से हीरालाल अग्रवाल, नागेंद्र मित्तल, प्रमोद अग्रवाल, विनय अग्रवाल, आनंद अग्रवाल, सुबोध अग्रवाल, विनोद राय,जय प्रकाश शर्मा, विकास अग्रवाल, संजीव अग्रवाल, शंभू अग्रवाल, संजय अग्रवाल, रूपेश कुमार, मनीष कुमार, मनीष अग्रवाल, रमेश कुमार, राहुल अग्रवाल, टूटू अग्रवाल, बबलू अग्रवाल, दया सिंह, संदीप, प्रदीप साहू, रितेश साहू, संजय खत्री, शुभम अग्रवाल, अवध अग्रवाल, देशराज गोयल आदि उपस्थित रहे।

## तालाब में नहाने गये अधेड़ की गहराई में डूबने से मौत

**नवीन मेल संवाददाता। किस्को**
थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत पाखर के तिसिया हुटाप निवासी सुकरा उरांव का 35 वर्षीय पुत्र दुखा उरांव का करम तालाब में नहाने के दौरान गहरी पानी में डूबने से मौत हो गई। परिजनों एवं गांव वालों के अनुसार घटना सुबह लगभग 11 बजे की है। उल्लेखनीय है कि तालाब के समीप पौधरोपण का काम कर रहे मजदूरों के द्वारा तालाब में डूबकर दुखा उरांव की मौत हो जाने की सूचना घर वालों को दिया गया। इधर करम तालाब में डूबकर मौत होने की खबर पाकर परिजन और आस-पास के लोगों के सहयोग से घटना स्थल करम तालाब पहुंचकर शव को तालाब से बाहर निकाला गया। तत्पश्चात इसकी सूचना किस्को थाना पुलिस को दी गई, जिसके बाद किस्को थाना प्रभारी पोलीकार्प टोप्पो के आदेशानुसार एएसआई अविनाश कुमार सिंह एवं पुलिस के अन्य जवानों के द्वारा मृतक के घर पहुंच कर मामले की जांच पड़ताल करते हुए शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल लोहरदगा भेज आगे की कार्रवाई में जुट गई है।



## पेड़ से टकराई कार, 2 महिलाएं गंभीर, रिम्स रेफर

**कुडू।** कुडू लोहरदगा मुख्य पथ एनएच 75 थाना क्षेत्र के ननतिलो झखरा के समीप रविवार की देर शाम एक कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई।

हादसे में कार में सवार रांची जिले के रातू थाना अंतर्गत पाली गांव निवासी शिला उरांव 22 वर्ष पिता चंपा उरांव और झिरी कमड़े निवासी राखी उरांव 25 वर्ष पति छोटू उरांव गंभीर रूप से जख्मी हो गयी, जिन्हें सामुदायिक स्वास्थ केन्द्र कुडू में भर्ती करवाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को रांची रिम्स रेफर कर दिया गया। दोनों का इलाज कर रहे चिकित्सकों ने बताया कि शिला का एक पैर टूट गया है जबकि राखी को गंभीर हेड इंजुरी है।

## सेना व पारामिलिट्री में चयनित युवाओं को विदाई

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
सेना और पारामिलिट्री फोर्स में चयनित युवाओं को विदाई सामारोह कार्यक्रम कर सम्मानित किया गया। आदिवासी सहयोग समिति लोहरदगा भारत(संस्था) फौजी -पुलिस के नेतृत्व में चल रहे प्रशिक्षण व कोचिंग सेंटर से विभिन्न सुरक्षा संस्थानों में चयनित होकर देश सेवा के लिये जा रहे युवकों को जुरिया कोचिंग सेंटर में भव्य विदाई दी गई। कोचिंग सेंटर से लगातार सफल हो रहे सफल युवाओं को हमेशा की तरह सम्मान विदाई सामारोह किया जाता है।

इस बार राकेश उरावं(पारा कमांडो), प्रकाश उरावं,राजेन्द्र उरावं (बिहार रेजीमेंट ),पंकज उरावं (पंजाब रेजीमेंट) और विकाश उरावं (बीएसएफ) में चयनित युवाओं को मोमेंटो दिया गया। मौके पर संस्था के मुख्य शिक्षा प्रभार जोगिया उरावं (सीआरपीएफ) ने सफल अभ्यर्थियों को उज्जवल भविष्य की कामना की। संस्था के उपाध्यक्ष राकेश भगत (सीआरपीएफ कोबरा) ने कहा कि लोहरदगा क्षेत्र के वैसे युवा युवितियां जो फौजी/पुलिस बनने का इच्छुक रखते है, तो संस्था वैसे सभी सभी इच्छुक युवाओं को बेहतर प्लेट फार्म दे रही है। कार्यक्रम का नेतृत्व गृह प्रभार जितन्द्र उरावं (बीएसएफ) ने किया। इस मौके पर मुख्य कल्याण प्रभार सतीश लकड़ा (सीआरपीएफ), कोच महावीर उरावं, सेन्हा अध्यक्ष लालदेव उरावं (जैप, एक्स आर्मी),जीतसहाय उरावं (आर्मी), लहसु उरावं (बीएसएफ), दिलीप उरावं (आर्मी),शिव उरावं (बीएसएफ), संतोष उरावं (सीआरपीएफ कोबरा), प्रदीप उरावं (सीआरपीएफ), सुरेंद्र भगत(आर्मी), शंकर उरावं, शंकर हार्डवेयर(एक्स आर्मी), सहदेव तिग्गा, एक्स आर्मी, सफल अभ्यर्थियों के माता-पिता, कोचिंग के छात्र/छात्रायें एवं काफी संख्या लोग मौजूद रहे।



### आयोजन | डॉ. वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में विकास समन्वय की बैठक हुई

# उपायुक्त ने की संचालित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
उपायुक्त डॉ. वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में विकास समन्वय की बैठक आयोजित हुई। बैठक में विभिन्न विभागों की संचालित योजनाओं समेत, मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) आदि की समीक्षा हुई। मनरेगा अंतर्गत मानव दिवस सृजन में कम उपलब्धि वाले प्रखंडों को मानव दिवस सृजन की उपलब्धि बढ़ाने का निर्देश दिया गया।

बिरसा हरित ग्राम योजना में शेष लंबित लक्ष्य के लिए फर्स्ट एवं सेकेंड फेज की उपलब्धि बढ़ाने का निर्देश दिया गया। बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना में भंडरा और कुडू प्रखंड को स्वीकृत योजना की संख्या बढ़ाने व योजना पूर्ण किये जाने का निर्देश दिया गया। वीर शहीद पोटो हो खेल विकास योजना में किस्को, कुडू, लोहरदगा एवं पेशरार के अंचल अधिकारियों को शेष लक्ष्य के लिए भूमि चिन्हित करने का निर्देश दिया गया। पोषण वाटिका अंतर्गत किस्को प्रखंड में पूर्व से चिन्हित स्थलों को बदले जाने का निर्देश दिया गया। पेशरार प्रखंड के चिन्हित साइट का जियो टैग करने का निर्देश दिया गया। नीलाम्बर-पीताम्बर जल समृद्धि योजना में चयनित योजनाओं की संख्या बढ़ाये जाने का निर्देश दिया गया। एरिया अफसर एप में प्रखंड विकास पदाधिकारी और बीपीओ, लोहरदगा प्रखंड को फील्ड विजिट की संख्या बढ़ाये जाने का निर्देश दिया गया। साथ ही किस्को प्रखंड के सहायक अभियंता और जूनियर इंजीनियर को प्रत्येक सप्ताह अपने फील्ड विजिट का प्रतिवेदन अपने प्रखंड विकास पदाधिकारी से सत्यापित कराते हुए पत्र के माध्यम से उपायुक्त कार्यालय में समर्पित किये जाने का निर्देश दिया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) अंतर्गत वर्ष 2016-22 में आवास पूर्णता, पहली किश्त और द्वितीय किश्त में अंतर, आवास पूरा करें अभियान की समीक्षा की गई। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा में पीपीआईए फेलो, लोहरदगा को सभी प्रखंडों के लिए इस माह के बची हुई तिथियों और प्रत्येक माह के लिए प्रत्येक प्रखंड के पंचायत के अंतर्गत गांवों में स्वास्थ्य कैम्प का शेड्यूल तैयार किये जाने का निर्देश दिया गया।



मनरेगा के सभी प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारियों को अगले 10 दिनों के अंदर प्रखंड के 3-3 गांवों में एक सर्वे करने निर्देश दिया गया जिसमें उस गांव में हुए संस्थागत प्रसव की संख्या, घरों में हुए प्रसव की संख्या और बीसीजी टीकाकरण की स्थिति का विवरण शामिल हो। नगर परिषद के वित्तीय प्रतिवेदन की समीक्षा की गई। कृषि विभाग अंतर्गत खरीफ फसल आच्छादन में रह गए अंतर की भरपाई के लिए रबी फसल में लक्ष्य बढ़ाने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त द्वारा बारिश आच्छादन की स्थिति, मुख्यमंत्री कृषि ऋण माफी योजना, केसीसी के स्थिति की समीक्षा की गई। मुख्यमंत्री कृषि ऋण माफी योजना में लंबित मामलों का निष्पादन अक्टूबर माह के अंत तक पूर्ण कर लेने का निर्देश दिया गया।

केसीसी के लंबित मामलों को निष्पादित करने का निर्देश दिया गया। इसके लिए सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को विशेष अभियान चलाये जाने का निर्देश दिया गया। लाभुकों को चिन्हित कर आवेदन सृजित करने का निर्देश दिया गया। पशुपालन अंतर्गत वर्ष मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना 2022-23 में विभिन्न योजना अंतर्गत लक्ष्य व उसके विरूद्ध उपलब्धि की समीक्षा की गई। गव्य विकास योजना में गाय की योजना का लाभ लेने वाले लाभुकों के लिए प्रोडक्शन यूनिट की योजना से संबंधित लाभ दिलाने का निर्देश महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र, लोहरदगा को दिया गया।

मत्स्य विभाग, लोहरदगा को नदिया स्थित तालाब की साफ-सफाई हेतु निर्देश दिया गया कि इस संबंध में विभाग से समन्वय स्थापित कर आवश्यक अनुरोध करें। समाज कल्याण विभाग के रिमांड रूम के लिए अंचल अधिकारी, लोहरदगा को भूमि चिन्हित किये का निर्देश दिया गया। जिन आंगनबाड़ी केंद्रों में अपना शौचालय नहीं है वहां शौचालय निर्माण के लिए लक्ष्य उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया।

## समाज के विभिन्न वर्गों की 51 कन्याओं का हुआ पूजन



**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर महाविद्यालय लोहरदगा में सोमवार को शारदीय नवरात्र उत्सव मनाया गया। समाज के विभिन्न वर्गों से 51 कन्याओं का पूजन किया गया, जिसमें सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर में कक्षा अरुण से द्वितीय तक में पढ़ने वाली कन्याएं भी शामिल थी। आरंभ में सभी के पांव पखारे गए और उनका श्रृंगार किया गया। सभी को भोजन कराया गया और फल, उपहार एवं द्रव्य की दक्षिणा भी भेंट कर उनका आशीर्वाद लिया गया। कार्यक्रम में अध्यक्ष शशिधर लाल अग्रवाल, उपाध्यक्ष विनोद राय, सचिव अजय प्रसाद, सदस्य डॉ शशि कुमार गुप्ता, सुमन राय, बणार्ली मुखर्जी, बबली दास, प्रधानाचार्य बिपिन कुमार दास, प्रधानाचार्य सुरेश चंद्र पांडे, प्राचार्य उत्तम मुखर्जी, विजय चंद्रशेखर, सुनीता कुमारी, दीपिका सिंह, प्रीति कुमारी गुप्ता, आरती भगत, ऋद्धि मिश्रा, चेतना प्रिया, कविता कुमारी, रेणु कुमारी, स्नेहा शर्मा शांडिल्य, रितेश कुमार पाठक, मुकेश मुंडा, बबीता देवी आदि उपस्थित थे।

## गागर में सागर

### रुपया छह पैसे की बढ़त के साथ 83.24 प्रति डॉलर पर रहा



**मुंबई।** अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया शुरूआती कारोबार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले छह पैसे की बढ़त के साथ 83.24 पर रहा। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि घरेलू मुद्रास्फीति में गिरावट, औद्योगिक उत्पादन के आंकड़ों में वृद्धि और व्यापार घाटे में सुधार से स्थानीय मुद्रा को बल मिला। हालांकि, भू-राजनीतिक तनाव खासकर इजराइल-हमास संघर्ष ने निवेशकों की भावनाओं को प्रभावित किया है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 83.25 प्रति डॉलर के भाव पर खुला और फिर 83.24 पर पहुंच गया, जो पिछले बंद स्तर से छह पैसे की बढ़त है। शुक्रवार को रुपया 83.30 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। इस बीच दुनिया की छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दशार्ने वाला डॉलर सूचकांक 0.10 प्रतिशत की गिरावट के साथ 106.53 पर रहा। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.11 प्रतिशत की बढ़त के साथ 90.99 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने शुक्रवार को 317.01 करोड़ रुपए के शेयर खरीदे।

### अडाणी ग्रुप बंदरगाह कारोबार में करेगा 20,000 करोड़ रुपए का बड़ा निवेश



**नई दिल्ली।** अडाणी समूह ने अपने बंदरगाह कार्गो की क्षमता 2030 तक चार गुना बढ़ाकर 1 अरब टीयू करने के लिए 20,000 करोड़ रुपए का निवेश करने की योजना बनाई है। समूह की योजना दुनिया की सबसे बड़ी बंदरगाह कंपनी बनने की है। अडाणी समूह के उत्तराधिकारी और अडानी पोर्ट्स ऐंड सेज के मुख्य कार्याधिकारी करण अडानी ने सोमवार को कहा कि अगर अच्छा स्थानीय साझेदार मिले और देश राजनीतिक एवं आर्थिक तौर पर स्थिर हो तो समूह किसी भी देश में बंदरगाह क्षेत्र में अधिग्रहण की संभावना तलाश सकता है। अडाणी समूह ने इस साल की शुरूआत में इजरायल में हाइफा पोर्ट का 1.2 अरब डॉलर में अधिग्रहण किया है और अब पूर्वी अफ्रीका (केन्या एवं तंजानिया), वियतनाम तथा भूमध्यसागर इलाके में वह बंदरगाह का अधिग्रहण की संभावनाएं तलाश रहा है। अडाणी ने कहा, विदेशी बंदरगाहों के भारत के साथ अच्छे व्यापारिक संबंध होने चाहिए और निवेश के लिहाज से उसकी घरेलू अर्थव्यवस्था भी मजबूत होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि दुनिया में कई बंदरगाहों का परिचालन सरकारों द्वारा किया जाता है और वे इसका निजीकरण करने की संभावनाएं टटोल रही हैं। हमारी नजर ऐसे ही बंदरगाहों पर है। अडाणी ने कहा कि हाइफा पोर्ट के परिचालन पर अभी तक हमास और इजरायल युद्ध का कोई असर नहीं हुआ है।

### मनरेगा में 95 फीसदी बजट हुआ खर्च

# 40 हजार करोड़ और बढ़ाएगी सरकार



एजेंसी। नई दिल्ली
मनरेगा स्कीम से जुड़े लोगों के लिए अच्छी खबर सामने आई है। सरकार मनरेगा के बजट में अतिरिक्त राशि जोड़ने जा रही है। मौजूदा वित्त वर्ष के लिए पहले ही बजट का 95 फीसदी हिस्सा जारी किया है, जिसका उपयोग किया जा चुका है और अब केंद्र इसे और बढ़ाना चाहती है। फाइनेंशियल एक्सप्रेस की रिपोर्ट के मुताबिक, केंद्र सरकार जल्द ही 30 से 40 हजार करोड़ रुपये अतिरिक्त प्रदान करेगी। इसके अलावा, हेराफेरी में बढ़ी घटनाओं को रोकने के लिए भी सरकार विचार कर रही है। दिसंबर में संसद के शीतकालीन सत्र में पेश की जाने वाली अनुदान की पहली मांग के लिए अतिरिक्त आवंटन की मंजूरी मांगी जाएगी। रिपोर्ट में कहा गया है कि सरकार योजना को बिना किसी व्यवधान के सही तरीके से चलाई जाएगी। केंद्र सरकार ने वित्त वर्ष 2024 के लिए अबतक 56,994 करोड़ रुपये या 60,000 करोड़ रुपये के बजट अनुमान का 95 फीसदी जारी किया है। चालू वित्त वर्ष के 15 अक्टूबर तक 67,403 करोड़ रुपये के मुकाबले खर्च 66,704 करोड़ रुपये हुआ है। वहीं अभी इस वित्त वर्ष में पांच महीने बचे हैं। ऐसे में बजट का खर्च 90 हजार रुपये से 1 ट्रिलियन रुपये तक पहुंच सकता है। अधिकारी ने कहा कि लोगों को दिया गया कार्य करीब 3 बिलियन हो सकता है। हालांकि राजकोषीय घाटे पर कोई प्रभावन नहीं पड़ेगा। वित्त वर्ष 24 में अब तक इस योजना के तहत 1.93 अरब व्यक्ति दिवस का कार्य दिया जा चुका है। वित्त वर्ष 2023 में 2.94 बिलियन व्यक्ति दिवस, जबकि वित्त वर्ष 2022 में 3.63 बिलियन और वित्त वर्ष 2021 में रिकॉर्ड 3.89 बिलियन कार्य दिवस दिया गया था। अधिकारी आंकड़ों के मुताबिक, महीने के दौरान काम की मांग जून में 33.7 मिलियन से घटकर सितंबर 2023 में 18.5 मिलियन हो गई है। मनरेगा के तहत सरकार ने वेतन में भी इजाफा किया है। ऐसे में इस योजना का बजट और बढ़ सकता है। वित्त वर्ष 24 में अब तक औसत वेतन 237.96 रुपये रहा, जो वित्त वर्ष 23 में 217.9 रुपये, वित्त वर्ष 22 में 208.84 रुपये, वित्त वर्ष 2021 में 200.71 रुपये और वित्त वर्ष 2020 में 182.09 रुपये था।

## वाहनों की थोक बिक्री सितंबर में करीब दो प्रतिशत बढ़ी : सियाम



**एजेंसी। नई दिल्ली**
घरेलू बाजार में यात्री वाहनों की थोक बिक्री सितंबर में सालाना आधार पर 1.87 प्रतिशत बढ़कर 3,61,717 इकाई हो गई। वाहन विनिमार्ताओं के संगठन सोसायटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) ने सोमवार को यह जानकारी दी। सितंबर 2022 में विनिमार्ताओं द्वारा डीलरों को 3,55,043 यात्री वाहनों की आपूर्ति की गई थी। सियाम ने बताया कि दोपहिया वाहनों की बिक्री पिछले महीने बढ़कर 17,49,794 इकाई हो गई, जो एक साल पहले की अवधि में 17,35,199 इकाई थी। सितंबर 2023 में तिपहिया वाहनों की कुल थोक बिक्री सितंबर 2022 में 50,626 इकाइयों से बढ़कर 74,418 इकाई रही। सितंबर 2023 में कुल बिक्री 21,41,208 इकाई रही, जो सितंबर 2022 में 20,93,286 इकाई थी। जुलाई-सितंबर तिमाही में कुल बिक्री 61,16,091 इकाई रही, जो पिछले वर्ष दूसरी तिमाही में 60,52,739 इकाई थी। यात्री वाहनों की बिक्री जुलाई-सितंबर अवधि में मामूली रूप से बढ़कर 10,26,309 रही, जो पिछले साल समान अवधि में 10,74,189 इकाई थी। वाणिज्यिक वाहनों की बिक्री बढ़कर 2,47,929 इकाई रही, जो एक साल पहले समान अवधि में 2,31,991 इकाई थी। दूसरी तिमाही में तिपहिया वाहनों की कुल बिक्री बढ़कर 1,95,215 इकाई हो गई, जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में 1,20,319 इकाई थी। सियाम के अध्यक्ष विनोद अग्रवाल ने कहा कि यात्री वाहनों, तिपहिया वाहनों और वाणिज्यिक वाहन खंडों में 2023-24 की दूसरी तिमाही में वृद्धि देखी गई। हालांकि दोपहिया वाहनों की थोक संख्या में पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में मामूली गिरावट दर्ज की गई।

## बेस्ट रिवाड्र्स और लाभ के लिए इस्तेमाल करें अमेजन पे

**नवीनं मेल संवाददाता। रांची**
त्योहारी सीजन की शुरूआत के साथ, आप आकर्षक भुगतान ऑफर्स के माध्यम से बड़ी बचत कर सकते हैं। ये विशेष ऑफर्स और रिवाड्र्स यह सुनिश्चित करेंगे कि आपको अमेजन पे के माध्यम से अधिकाधिक रीवाड्र्स के साथ बेहतरीन भुगतान अनुभव मिल सके। प्राइम मेंबर्स विशेष डील के तहत कैशबैक, तत्काल बैंक ऑफर्स आदि का लाभ लेकर अमेजन पे के साथ बड़ी बचत कर सकते हैं। प्राइम मेंबर बनने का सबसे अच्छा मौका है। प्राइम मेंबर आठ अक्टूबर 2023 से शुरू हुए अमेजान ग्रेट इंडियन फेस्टिवल 2023 के दौरान अमेजन.इन पर ऑर्डर करके 1,500 रुपए तक के विशेष ऑफर्स अनलॉक कर सकते हैं। इतना ही नहीं बल्कि ग्राहक अमेजन पे से पैसे भेजकर या स्कैन या भुगतान करके 500 रुपए तक के आकर्षक ऑफर्स अनलॉक कर सकते हैं, जो सभी प्रसिद्ध ऐप्स जैसे उबर, ओला, स्विगी और जोमैटो में रीडीम किए जा सकते हैं। इस त्यौहारी सीजन की खरीददारी में अतिरिक्त रिवाड्र्स पाने के लिए प्राइम मेंबर्स को अमेजन पे आईसीआईसीआई क्रेडिट कार्ड साइन अप करने पर 2,500 रुपए तक का वेलकम रिवाड्र्स मिलेगा। अमेजान ग्रेट इंडियन फेस्टिवल के दौरान एसबीआई क्रेडिट या डेबिट कार्ड द्वारा खरीददारी करने पर एकल लेनदेन में ग्राहक (10%) 7,500 रुपए तक का तत्काल डिस्काउंट पा सकते हैं।


### वाडेन, छात्र–छात्रावास, मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज, पलामू का कार्यालय पलामू।

**अल्पकालीन – निविदा आमत्रंण सूचना (NIT)**

निविदा संख्या– 01/2023–24

वाडेन,छात्र–छात्रावास, मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज, पलामू के लिए चालु वर्ष 2023–24 में खेलकुद के लिऐ सामाग्री,उपकरण एवं अन्य समानों के खरीद के लिये निविदा दिनांक 18.10.2023 के अपराह्न 12:30 बजे से आमंत्रित किया जाता है।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | समाग्री,उपकरण एवं अन्य समानो के खरीद हेतु |
|---|---|---|
| 1 | निविदा प्रकाशित होने की तिथि एवं समय | दिनांक 18.10.2023,समय 12:30 PM |
| 2 | निविदा खोलने का तिथि, समय एवं स्थल | 03.11.2023 को प्राचार्य,कार्यालय प्रकोष्ठ, 12.30 P.M |
| 3 | निविदा शुल्क(डी0डी0)जो वाडेन,छात्र–छात्रावास ,मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज,पलामू के नाम से देय होगा। | 1000.00(एक हजार) रू0 Non-Refundable |
| 4 | अग्रधन की राशि (डी0डी0) जो वार्डन छात्र–छात्रावास मेदनीराय मेडिकल कॉलेज,पलामू के नाम से देय होगां। | 40000(चालीस हजार) रू0 Refundable |
| 5 | निविदा आमंत्रित करने वाले का नाम एवं पता | वाडेन,–छात्रा–छात्रावास मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज,पलामू पोखराहा, (झारखण्ड) 822118 |
| 6 | DD /( Hard Copy) कार्यालय में स्पीड पोस्ट अथवा रजि0 पोस्ट से जमा करने की अंतिम तिथि | 02.11.2023 5 P.M तक |

1.निविदा शुल्क जमा कर निविदा का शर्ते आदि कार्यालय अवधि में वार्डन छात्र–छात्रावास,मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज,पलामू के कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।
2.उक्त अंकित निहित समय तथा तिथि पर निविदा, क्रय समिति द्वारा तकनीकी भाग खोलते समय निविदाकर्त्ता अथवा उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि उपस्थित रह सकते हैं। निविदाओं के तकनीकी मूल्याकंन के पश्चात् ही सफल निविदादाताओं का मूल्य भाग खोला जाएगा।

वाडेन
छात्र–छात्रावास
मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज,पलामू।

PR 309239 (District) 23-24 (D)

### प्राचार्य, मेदिनीराय चिकित्सा महाविद्यालय का कार्यालय, पलामू

**अल्पकालीन निविदा आमत्रंण सूचना (NIT)**

ई0–निविदा संख्या– 06/2023–24

मेदिनीराय चिकित्सा महाविद्यालय पलामू के लिए चालु वर्ष 2023–24 में सामग्री/रसायन/ उपकरण आदि की क्रय हेतु निबंधित निर्माता/अधिकृत विकेता/प्रतिष्ठान, एजेंसियों से ई0–निविदा दिनांक 28.10.2023 के अपराह्न 6:00 बजे तक आमंत्रित किया जाता है।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | सामग्री, उपकरण, रसायन का दर अनुमोदन हेतु। |
|---|---|---|
| 1 | बेवसाइट पर ई0–निविदा प्रकाशित होने की तिथि | दिनांक 18.10.2023 |
| 2 | बेवसाईट पर निविदा Online submission प्रारम्भ की तिथि | 19.10.2023 समय 12.30 बजे अपराहन् |
| 2 | ई0–निविदा अपलोड़ करनें की अंतिम तिथि एवं समय | 28.10.2023 TIME- 6 P.M. |
| 3 | ई0–निविदा खोलने का तिथि, समय एवं स्थल | 07.11.2023 को प्राचार्य कार्यालय प्रकोष्ठ, 12.30 P.M |
| 4 | अग्रधन की राशि (डी0डी0) जो प्राचार्य, मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज पलामू के नाम से देय होगा। | 20000.00 Refundable |
| 5 | ई0–निविदा आमंत्रित करने वाले का नाम एवं पता | प्राचार्य, मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज, पलामू, पोखराहा,पलामू (झारखण्ड) 822118 |
| 6 | हेल्पलाइन (ई0–निविदा से संबंधित जानकारी के लिये) मोबाईल नं0 | 9110199662 |
| 7 | BD/DD ( Hard Copy) कार्यालय में स्पीड पोस्ट अथवा रजि0 पोस्ट से जमा करने की अंतिम तिथि | 06.11.2023 5 P.M तक |

उक्त अंकित निहित समय तथा तिथि पर निविदा, क्रयसमिति द्वारा तकनिकी भाग खोलते समय निविदाकर्त्ता अथवा उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि उपस्थित रह सकते हैं। निविदाओं के तकनीकी मूल्याकंन के पश्चात् ही सफल निविदादाताओं का मूल्य भाग खोला जाएगा।

नोटः– क्रय किये जाने वाले सामग्री/रसायन/ उपकरण आदि से संबंधित ई0–निविदा की शर्ते आदि की जानकारी jharkhnadtenders.gov.in पर देखी/से अपलोड़ किया जा सकता है।

प्राचार्य
मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज
पलामू

PR 309238 District (23-24)_D

सुदृढ़ प्रजातंत्र हेतु वृहत्तर सहभागिता

### कार्यालय, जिला दण्डाधिकारी -सह-उपायुक्त, गढ़वा (जिला पंचायत शाखा)

**त्रिस्तरीय पंचायत (उप) निर्वाचन, 2023 – अल्पकालीन निविदा विज्ञप्ति**

त्रिस्तरीय पंचायत (उप) निर्वाचन, 2023 के अवसर पर कुल – 60 मतदान केन्द्र में निर्वाचन कराया जाना है। आवश्यक सामग्रियों का क्रय एवं भाड़े पर आपूर्ति प्राप्त करने हेतु विभिन्न कोटि के सामग्रियों का दर निर्धारण हेतु निम्नवत् मुहरबन्द निविदा आमंत्रित की गई हैः–

आवश्यक सामग्रियों का कय एवं भाड़े पर आपूर्ति प्राप्त करने हेतु विभिन्न कोटि के सामग्रियों का दर निर्धारण हेतु निम्नवत् मुहरबन्द निविदा आमंत्रित की गई हैः–

1. निविदा सं0 02/2023–24 : मतदान सामग्रियों का क्रय हेतु
2. निविदा सं0 03/2023–24 : प्रपत्र/पंजी/बुकलेट का मुद्रण एवं आपूर्ति
3. निविदा सं0 04/2023–24 : लेखन सामग्री/स्टेशनरी एवं विविध सामग्री क्रय
4. निविदा सं0 05/2023–24 : टेन्ट/शामियाना आदि सामग्रियों की भाड़े पर आपूर्ति
5. निविदा सं0 06/2023–24 : नास्ता/भोजन आदि की आपूर्ति
6. निविदा सं0 07/2023–24 : विडियोग्राफी/सी0सी0टी0भी0/वेबकास्टिंग कार्य हेतु
7. निविदा सं0 08/2023–24 : मतदाता सूची का डिजिटल जेरौक्सिंग

उपरोक्त विवरण के निविदाओं की प्राप्ति हेतु दिनांक 02.11.2023 को अपराहन 01:00 बजे अपराह्न तक इच्छुक आपूर्तिकर्त्ता जिला पंचायत राज कार्यालय में विहित शर्त्तों के अधीन अपना मुहरबन्द निविदा जमा कर सकते है।

निर्धारित समय तक प्राप्त सभी निविदाऐं दिनांक 02.11.2023 को अपराहन 03:00 निविदावार जिला स्तरीय क्रय समिति के समक्ष खोली जायेगी। निविदा से संबंधित शर्त एवं विस्तृत जानकारी, सामग्रियों की सूची का अवलोकन गढ़वा जिला के वेबसाईट http//garhwa.nic.in पर कर सकते हैं अथवा जिला पंचायत शाखा, गढ़वा से प्राप्त कर सकते हैं।

ह0/–जिला दण्डाधिकारी,
–सह– उपायुक्त, गढ़वा।

PR.NO.309253 Panchayati Raj(23-24):D

### कार्यालय, कार्यपालक पदाधिकारी,नगर पंचायत छत्तरपुर।

पताः– बारा मोड, छत्तरपुर, जिला पलामू झारखण्ड–822113,Email Id- np.chhattarpur 2018@gmail.com

–: आम सूचनाः–

स्वच्छ पूजा पंडाल प्रतियेगिता– 2023

एतद द्वारा सूचित किया जाता है। स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) 2.0 अंतर्गत आगामी स्वच्छ सर्वेक्षण– 2024 को देखते हुए दुर्गा पूजा 2023 के अवसर पर स्वच्छ पूजा पंडाल प्रतियोगिता के माध्यम से पूजा पंडलो के द्वारा स्वच्छता के प्रति जागरूक बढ़ाने का कार्य किया जाना है। पूजा एवं त्योहारों के अवसर पर श्रद्वालुओं की भीड़ एवं पंडालों के इर्द–गिर्द ठोस अपशिष्ट का बढ़ना आम बात है। जिसको कम करने का उतरदायित्व आम नागरिकों का भी है। उक्त प्रयास में आगामी दुर्गा पूजा में आम जनता की भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु स्वच्छ पूजा पंडाल प्रतियोगिता का आयोजन करने का निर्णय लिया गया हैं। निकाय अन्तर्गत आने वाले पूजा पंडालों की स्वच्छता का मूल्यांकन दिनांकः–21 से 24 अक्टूबर 2023 के दौरान निकाय द्वारा गठित टीम / समिति के द्वारा नीचे दिए गए तालिका में अंकित मापदण्डों के आधार पर किया जाएगा। मानदंड निम्ननवत हैः–

| क्र0 सं0 | मापदंड | अधिकतम अंक |
|---|---|---|
| 1. | पूजा पंडाल/ प्रतिमा निर्माण सामग्री मे प्रकृति संरक्षण की झलक। | 10 |
| 2. | पूजा पंडालो में कागज पता जुट या किसी बायोडिग्रेडेबल सामग्री से बने सामग्री का उपयोग। | 10 |
| 3. | पूजा पंडाल/परिसर में पेयजल सरबत पीने के लिए Reusable ग्लास या कागज का ग्लास का उपयोग। | 10 |
| 4. | पूजा पंडालों में प्रवेष व निकासी द्वार अलग–अलग तथा महिला एवं पुरूष हेतु अलग–अलग कतार की व्यवस्था सुनिष्चित करना। | 10 |
| 5. | पूजा पंडाल/परिसर में Volunteer, ID Card के साथ होने चाहिए। | 10 |
| 6. | पूजा पंडाल/परिसर में साफ–सफाई के लिए स्वयं से किए गए व्यवस्था /उपाय। | 10 |
| 7. | पूजा पंडाल/परिसर के आस–पास के दुकानदारो एवं आम नागरिकों द्वारा गंदगी ना फैलाना। | 10 |
| 8. | नषा मुक्ति प्रतिबंधित प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने व स्वच्छता से संबंधित विज्ञापन पट्ट का प्रदर्षन और ध्वनि विस्तारक यंत्र के माध्यम से प्रचार– प्रसार। | 10 |
| 9. | विज्ञापन के लिए बायोडिग्रेडेबल सामग्री का उपयोग या फिर होडिंग के लिए LEDScreen या स्टैंडी का प्रयोग। | 10 |
| 10. | पूजा पंडालके आकार के अनुसार पर्याप्त संख्या में हरा एवं नीला डस्टबीन की व्यवस्था कर आगंतुको द्वारा उनका प्रयोग। | 10 |
| 11. | पूजा पंडालसे निकलने वाले कचड़े का पृथक्करण। | 10 |
| 12. | पूजा पंडालसे निकलने वाले नॉन बायोडिग्रेडेबल कचड़े का निस्तारण के लिए निकाय को सौपना। | 10 |
| 13. | पूजा पंडालसे निकलने वाले नॉन बायोडिग्रेबल कचडे. का निस्तारण के लिए निकाय को सौंपना। | 10 |
| 14. | थूकने का स्थान की व्यवस्था और नारगरिको द्वारा इसका उपयोग। | 10 |
| 15. | निकाय द्वारा चिन्हित विर्सजन स्थन में पूजा समिति के तत्वधान में प्रतिमा का विसर्जन । | 10 |
| 16. | पूजा समिति या नागरिकों द्वारा किए गए इनोवेटिव वर्क। | 10 |
| | कुल अंक– | 160 |

दुर्गा पूजा त्योहार के अवसर पर नागरिकों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता हेतु निकाय स्तर से स्वच्छ पूजा पंडाल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है, तथा उपरोक्त मापदडों के आधार पर रैकिंग करते हुए प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर आने वाले पंडालो को पुरस्कृत किया जाएगा। इस संदर्भ में जानकारी हेतु कार्यालय कार्य अवधि मेंछत्तरपुर, नगर पंचायत कार्यालय के SBM कोषांग में संपर्क कर सकतें है।

प्रशासक,
नगर पंचायत छत्तरपुर।

PR 309191 District(23-24)D

### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
### आयोजन एवं मोनिटरिंग प्रमण्डल, मेदिनीनगर, पलामू

**प्रेस विज्ञप्ति**

एतद द्वारा इस प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से श्री अमित कान्त बेसरा, सहायक अभियंता (असैनिक), आयोजन एवं मोनिटरिंग प्रमण्डल, मेदिनीनगर (पलामू) स्थायी पता ग्राम–पाकर बाहार, पोस्ट–किनकेल, थाना–करसई, जिला–सिमडेगा, झारखण्ड, पिन नं0–835223 को सूचित किया जाता है कि अद्योहस्ताक्षरी के द्वारा दिनांक–17.05.2023 को आपको कार्यालय में खोज की गई परन्तु आप स्वेच्छापूर्वक कार्यालय से अनुपस्थित पाये गये जिसके कारण आपसे इस कार्यालय के पत्रांक–99 दिनांक–19.05.2023 के द्वारा स्वेच्छापूर्वक अनुपस्थित रहने से संबंधित कारण पृच्छा की गई थी, परन्तु आपके द्वारा इस कार्यालय में उपस्थित होकर स्पष्टीकरण का जवाब नहीं दिये जाने के कारण पुनः इस कार्यालय के पत्रांक–131 दिनांक– 09.06.2023 के द्वारा स्पष्टीकरण की मांग की गई, उसके पश्चात् भी आपके द्वारा कोई जवाब नहीं दिये जाने के कारण पुनः इस कार्यालय के पत्रांक–141 दिनांक–26.06.2023, पत्रांक–156 दिनांक–11.07.2023, पत्रांक–170 दिनांक–01.08.2023, पत्रांक–192 दिनांक–01.09.2023 के द्वारा आपके गृहपते पर निबंधित डाक के द्वारा पत्र भेजकर स्पष्टीकरण की मांग की गई है, परन्तु आज तक आपके द्वारा कार्यालय में उपस्थित होकर योगदान नहीं करने तथा पृच्छित स्पष्टीकरण का जवाब नहीं दिये जाने के कारण इस संबंध की सूचना विभागीय उच्चाधिकारियों को भी अग्रेतर कार्रवाई हेतु दिया जा चुका है। आपसे सम्पर्क स्थापित करने का हर संभव कोशिश किया गया परन्तु आपसे सम्पर्क नहीं हुआ तथा मोबाईल स्वीच ऑफ बता रहा है।

इस प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से अंतिम रूप से चेतावनी दिया जाता है कि आप अविलम्ब कार्यालय में उपस्थित होकर अपना योगदान करना सुनिश्चित करें तथा पृच्छित स्पष्टीकरण का जवाब भी दें। और अधिक विलम्ब के लिए आप स्वयं जिम्मेवार होंगे तथा आपके विरूद्ध आवश्यक कार्रवाई हेतु विभाग स्वतंत्र होगा।

कार्यपालक अभियंता
आयोजन एवं मोनिटरिंग प्रमण्डल,
मेदिनीनगर, पलामू

PR 309294 District(23-24)D

### कार्यालय, जिला परिषद्, लोहरदगा (अभियंत्रण कोषांग)

Phone Number:- 06526-222064 email-id: zplohardaga@gmail.com

**ई–निविदा**

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

निविदा संख्या – 15/2023–24 दिनांक 14.10.2023

| क्र0/ ग्रुप संख्या | प्रखण्ड | ग्राम | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र की राशि | अग्रधन की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | लोहरदगा सदर | भक्सो | ऑगनबाडी केन्द्र भवन भक्सो का भवन निर्माण | 1541300.00 | 5000.00 | 30900.00 | 06(छः) माह |
| 2 | | तिगरा | ऑगनबाडी केन्द्र भवन तिगरा का भवन निर्माण | 1541300.00 | 5000.00 | 30900.00 | 06(छः) माह |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 2 | वेवसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | :– | 19.10.2023 |
| 3 | बीड प्राप्ति की अंतिम तिथि व समय | :– | 25.10.2023/05:00 बजे अपराह्न तक |
| 4 | अग्रधन की राशि एवं परिमाण विपत्र का मूल्य(हार्ड कॉपी) जमा करने की तिथि एवं समय | :– | 26.10.2023/01:00 बजे अपराह्न तक |
| 5 | निविदा खोलने की तिथि व समय | :– | 27.10.2023/05:00 बजे अपराह्न |
| 6 | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का पता | :– | जिला परिषद कार्यालय, लोहरदगा |
| 7 | निविदा खोलने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का पता | :– | जिला परिषद कार्यालय, लोहरदगा |

नोट – 1. जिला परिषद् लोहरदगा में समुचित श्रेणी में निबंधित संवेदक निविदा में भाग ले सकते हैं । संवेदक का U-Can में निबंधन अनिवार्य है।
2. निविदा की प्राक्कलित राशि घट बढ सकती है तत्पश्चात् अग्रधन की राशि देय होगा।
3. कार्य की मात्रा आवश्क्तानुसार घट–बढ सकती है।

विस्तृत जानकारी हेतु वेबसाईट https://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

जिला अभियन्ता,
जिला परिषद्, लोहरदगा

PR 309286 Lohardaga(23-24)#D

### उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय,लोहरदगा (सामाजिक सुरक्षा कोषांग)

Email id:sslohardaga@gmail.com

–:: अति अल्पकालिन निविदा सूचना ::–

संशोधित

**PR No-308622**

लोहरदगा जिला में सामाजिक सुरक्षा योजनान्तर्गत वस्त्र वितरण कम्बल एवं वस्त्र वितरण योजना के तहत् वित्तीय वर्ष–2023–24 के लिए जिला में गरीबी रेखा से नीचे जीवन बसर कर रहे व्यक्तियों यथा–निर्धन,विधवाओं,वृद्धों,दिव्यांगो,भुमिहीनों,निःसहाय ,बंधुआ मजदूरों एवं भिक्षुकों को जाड़े में ठंड से बचाव हेतु मुफ्त कम्बल वितरण करने हेतु Gem Portal के माध्यम से क्रय किया जाना है। क्रय किये जाने वाले कम्बल की अनुमानित संख्या लगभग **15250** (पन्द्रह हजार दो सौ पचास) अद्द है,यह संख्या घट–बढ़ सकती है।

**Bid Item Details**

| क्र0 | सामग्री का नाम | साईज | वजन | Sticker/Logo | Quantity |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | कम्बल(ऊनी) | 90"x60" | 02 कि0ग्रा0 (न्यूनतम) | 3"x3" Dimension का (झारखण्ड सरकार एवं महिला बाल विकास,झारखण्ड,राँची) लोगो सभी कम्बलों में लगाना अनिवार्य होगा। | 15250 (Approx) |

**Salient Feratures of Bid Document**

| S/N | विवरण | तिथि |
|---|---|---|
| 1 | निविदा की राशि | 4575000/-(पैंतालीस लाख पचहत्तर हजार रूपये) |
| 2 | निविदा प्रकाशन की तिथि (GeM Portal) पर | 13-10-2023 |
| 3 | EMD | Rs.91500/- (2% of bid amount),Only Demand Draft in favour of "Assistant Director,Social Security,Lohardaga "Payable" at Lohardaga) |
| 4 | Bank Gurantee (of successful bidder) | 5% of Bid amount Rs.2,28,750/-as FDR has to be submitted within two days of bid finalization in favour of Assistant Director,Social Security,Lohardaga |
| 5 | GeM Portal पर Online निविदा जमा करने की अंतिम तिथि/स्थान | 20.10.2023 Gem Portal (https://gem.gov.in) |
| 6 | कम्बल का नमूना/कागजात जमा करने की अंतिम तिथि। | दिनांक–25.10.2023 समय–अपराहन् 2:00 बजे तक स्थान –जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग,समाहरणालय,लोहरदगा। |
| 7 | निविदादाताओं का क्रय समिति के साथ बैठक की तिथि। | दिनांक–26.10.2023 समय–अपराहन् 03:00 बजे स्थान–जिला समाहरणालय सभाकक्ष,लोहरदगा। |

Note:- निविदादाता की अनुपस्थिति में उनके प्रतिनिधि निविदादाता द्वारा अधिकृत पत्र में साथ निविदा समिति की बैठक में उपस्थित होंगे। उपरोक्त निविदा की शर्ते एवं विस्तृत विवरणी https://lohardaga.nic.in के वेबसाईट पर देखा जा सकता है।

ह0/–उपायुक्त, लोहरदगा।

PR.NO.309274 Lohardaga(23-24):D

किसी का कष्ट देखकर अगर तुम्हें भी कष्ट होता हैं तो समझ लेना तुम्हारी आत्मा में परमात्मा विराजमान हैं।

– अज्ञात



# जातीय जनगणना व हेमंत

हाईकोर्ट-सुप्रीम कोर्ट की बाधाओं को पार कर बिहार में नीतीश कुमार की सरकार ने पिछले दिनों जाति गणना करा ली। बिना शोरशराबे के ओड़िशा में भी जाति गणना हो गई। अब झारखंड में भी इसकी मांग उठने लगी है। जिस जाति की जितनी संख्या, उसे उतनी हिस्सेदारी की बात तो झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन करते हैं, लेकिन जाति गणना के सवाल को गोल कर जाते हैं। ऐसे में सवाल उठता है कि क्यों जाति गणना से कतरा रहे हैं झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन। क्या अधिक आबादी से कहीं भय तो नहीं है? दूसरी तरफ भाजपा ने भी जाति गणना पर साध ली है चुप्पी। ऐसे में झारखंड की बनावट और यहां कि भौगोलिक स्थिति अन्य राज्यों से अलहदा है। यही कारण है कि झामुमो और बीजेपी की चुप्पी है। हालांकि सीएम हेमंत सोरेन खुल कर इस मांग पर नहीं बोलते, लेकिन जाति गणना की मांग को खारिज भी नहीं करते। वे तर्क देते हैं कि वर्ष 2021 में ही उन्होंने जातिगत आरक्षण का प्रस्ताव विधानसभा से पास करा राज्यपाल को भेज दिया था। यानी वे बात को घुमा देते हैं। हेमंत सोरेन को जाति गणना कराने में कहां दिक्कत है, यह जानना जरूरी है। दरअसल झारखंड की पहचान आदिवासी बहुल राज्य के रूप में होती रही है। आदिवासियत की राजनीति झारखंड की तकरीबन सभी पार्टियां करती हैं। अगर ऐसे दल जाति गणना पर खुल कर नहीं बोलते तो इसके कारण भी हैं। अब तक यही बात कही जाती रही है कि झारखंड की कुल आबादी में आदिवासी महज 26 प्रतिशत हैं। ओबीसी की आबादी 50 प्रतिशत से अधिक है। ऐसे में झारखंड में अगर जाति गणना हुई तो उसके आंकड़े आदिवासियों की राजनीति करने वाले दलों के मुसीबत खड़ी कर देंगे। शायद यही वजह रही कि चार साल से अधिक के अपने कार्यकाल में हेमंत सोरेन के दिमाग में यह बात नहीं आई। लेकिन हाल के दिनों में उन्हें जिस प्रकार की दबाव की राजनीति छेलनी पड़ रही है,उससे वह बहुत दिनों तक इस विषय पर चुप भी नहीं रह सकते हैं। कारण बिहार के बाद झारखंड में यह आवाज उठने लगी है। हां इतना है कि यह आवाज मुखर नहीं हो पा रही है। कारण अगले साल चुनाव है। चुनाव का भूत ऐसा होता है कि सबको यह चिन्ता सताने लगती है कि उनके बोलने का कहीं जनता के बीच नकारात्मक भाव न पैदा हो जाये। दूसरी तरफ झारखंड की आदिवासी आबादी में खासा तादाद ईसाइयों की है। आदिवासी से ईसाई धर्म अपनाने वाले लोग पहले से ही दोहरा लाभ लेते रहे हैं। वे ईसाइयों के साथ आदिवासियों को मिलने वाले आरक्षण और सरकारी योजनाओं का लाभ भी लेते रहे हैं। अगर ठीक से गणना हो तो आदिवासी समाज से ईसाई धर्म अपनाने वाले लोगों की संख्या अलग हो जायेगी। ऐसे में विशुद्ध आदिवासी आबादी की संख्या घट जायेगी। ओबीसी में बहुलता कुर्मी बिरादरी की है। वे अर्से से आदिवासी जमात में खुद को शामिल करने की मांग करते रहे हैं। इसके लिए कई बार रेल अवरोध भी किया गया। खैर, जब तक इस बाबत कोई निर्णय नहीं हो जाता, कुर्मी ओबीसी में ही गिने जायेंगे। ऐसे में मगजमारी का दौर यहां जारी है।

**हेमंत सोरेन को जाति गणना कराने में कहां दिक्कत है, यह जानना जरूरी है। दरअसल झारखंड की पहचान आदिवासी बहुल राज्य के रूप में होती रही है। आदिवासियत की राजनीति झारखंड की तकरीबन सभी पार्टियां करती हैं। अगर ऐसे दल जाति गणना पर खुल कर नहीं बोलते तो इसके कारण भी हैं।**

# ‘गरीबी हटाओ’ में गरीब हट गये, लेकिन गरीबी नहीं हटी





ललित गर्ग

**दुनियाभर** में फैली गरीबी के निराकरण के लिए ही संयुक्त राष्ट्र ने साल 1992 में हर साल 17 अक्टूबर को विश्व स्तर पर गरीबी उन्मूलन दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की। अंतर्राष्ट्रीय आंदोलन एटीडी फोर्थ वर्ल्ड के संस्थापक जोसेफ रेसिंस्की की मृत्यु के चार साल बाद, संयुक्त राष्ट्र ने आधिकारिक तौर पर इस दिवस को मनाने की घोषणा की। जोसेफ रेसिंस्की ने पेरिस में लगाये गये गरीबी उन्मूलन अभियान के मूल स्मारक पत्थर पर उत्कीर्ण पाठ में जहां भी पुरुषों और महिलाओं को अत्यधिक गरीबी में रहने की निंदा करते हुए इसे मानवाधिकारों का उल्लंघन कहा और यह सुनिश्चित करने के लिए एक साथ आना कि इन अधिकारों का सम्मान किया जाये, हमारा गंभीर कर्तव्य है। गरीबी पहले भी अभिशाप थी लेकिन दुनिया में विकास की अमाप्य ऊंचाइयों को छूते हुए इस संकट का और अधिक गहराया जाना, चिन्तनीय एवं विडम्बनापूर्ण है। गरीबी केवल भारत की ही नहीं, बल्कि दुनिया की एक बड़ी समस्या है। गरीबी एक गंभीर बीमारी है, किसी भी देश के लिए गरीबी एक बदनुमा दाग है। जब किसी राष्ट्र के लोगों को रहने को मकान, जीवन निर्वाह के लिये जरूरी भोजन, कपड़े, दवाइयां आदि जैसी चीजों की कमी महसूस होती है, तो वह राष्ट्र गरीब राष्ट्र की श्रेणी में आता है। इस गरीबी से मुक्ति के लिये सरकारें व्यापक प्रयत्न करती हैं। हम जिन रास्तों पर चल कर एवं जिन योजनाओं को लागू करते हुए हम देश में समतामूलक संतुलित समाज निर्माण की आशा करते हैं वे योजनाएं विषम और विषभरी होने के कारण सभी कुछ अभिनय लगता है, छलावा लगता है, भ्रम एवं फरेब लगता है। सब नकली, धोखा, गोलमाल, विषमताभरा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोक राज्य, स्वराज्य, सुराज्य, रामराज्य के सुनहरे स्वप्न को आकार देते हुए स्वल्प समय में गरीबी के कलंक को मिटाने हेतु सार्थक प्रयत्न किये हैं। फिर भी गरीबी कायम है क्योंकि यहां तो सारे राजनीति दल एवं लोकतंत्र को हांकने वाले सब अपना-अपना साम्राज्य खड़ा करने में लगे हैं। विश्व की सारी संपदा, सारे संसाधन गरीबी को मिटाने में लगते तो आज स्थिति बहुत भिन्न होती, किन्तु बीच में सत्ता की लालसा एवं विश्व पर साम्राज्य स्थापित करने की महत्वाकांक्षाओं ने व्यवधान खड़े कर दिये। इसी कारण जो संपदा है, वह मानव को सुखी, संतुलित या सामान्य बनाने की दिशा में नहीं लगी, संहारक अस्त्रों के निर्माण, आतंकवाद एवं रूस-यूक्रेन, एवं इजरायल-हमास जैसे युद्धों में लगी है और लग रही है। एक राष्ट्र दूसरे राष्ट्र को भयभीत रखने में अपनी ऊर्जा खपा रहा है, न कि गरीब इंसान की गरीबी दूर करने में। आज का भौतिक दिमाग कहता है कि घर के बाहर और घर के अन्दर जो है, बस वही जीवन है। लेकिन राजनीतिक दिमाग मानता है कि जहां भी गरीब है, वही राजनीति के लिये जीवन है, क्योंकि राजनीति को उसी से जीवन ऊर्जा मिलती है। यही कारण है कि इस भारत में आजादी के अमृतकाल में पहुंचने के बाद भी गरीबी कम होने के बजाय बढ़ती जा रही है, जितनी गरीबी बढ़ती है उतनी ही राजनीतिक जमीन मजबूती होती है। क्योंकि सत्ता पर काबिज होने का मार्ग गरीबी के रास्ते से ही आता है। बहुत बड़ी योजनायें इसी गरीबी को खत्म करने के लिये बनती रही हैं और आज भी बन रही हैं। लेकिन गरीब खत्म होते गये और गरीबी आज भी कायम है। सरकारी योजनाओं की विसंगतियां ही हैं कि गांवों में जीवन ठहर गया है। बीमार, अशिक्षित, विपन्न मनुष्य मानो अपने को ढो रहा है। शहर सीमेन्ट और सरियों का जंगल हो गया है। मशीन बने सब भाग रहे हैं। मालूम नहीं खुद आगे जाने के लिए या दूसरों को पीछे छोड़ने के लिए। कह तो सभी यही रहे हैं-- बाकी सब झूठ है, सच केवल रोटी है। रोटी केवल शब्द नहीं है, बल्कि बहुत बड़ी परिभाषा समेटे हुए है अपने भीतर। जिसे आज का मनुष्य अपनी सुविधानुसार परिभाषित कर लेता है। रोटी कह रही है-मैं महंगी हूँ तू सस्ता है। यह मनुष्य का घोर अपमान है। रोटी कीमती, जीवन सस्ता। मनुष्य सस्ता, मनुष्यता सस्ती। और इस तरह गरीब को अपमानित किया जा रहा है, यह सबसे बड़ा खतरा है। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने इस खतरे को महसूस किया, जबकि लोकतंत्र को हांकने वालों को इसे पहले महसूस करना चाहिए। गरीबी के अनेकों चेहरे हैं जो व्यक्ति, स्थान और समय के साथ बदलते रहते हैं। गरीबी ऐसी त्रासदी एवं दुर्भाग्यपूर्ण परिस्थिति है जिसका कोई भी अनुभव नहीं करना चाहता। एक बार महात्मा गांधी ने कहा था कि गरीबी कोई दैवीय अभिशाप नहीं है बल्कि यह मानवजाति द्वारा रचित सबसे बड़ी समस्या है। विश्व में सुरसा की तरह मुँह फैलाती हुई गरीबी शासनतंत्र की विफलता का भी द्योतक हैं। क्योंकि गरीबी से संबन्ध सिर्फ किसी व्यक्ति विशेष की मासिक या सालाना आय से नहीं बल्कि स्वास्थ्य, राजनीतिक भागीदारी, देश की संस्कृति और सामाजिक संगठनों की उन्नति से भी है। भारत में गरीबी का मुख्य कारण बढ़ती जनसंख्या, कमजोर कृषि, भ्रष्टाचार, रूढ़िवादी सोच, जातिवाद, अमीर-गरीब में ऊंच-नीच, नौकरी की कमी, अशिक्षा, बीमारी आदि हैं। विकसित राष्ट्रों में आबादी की बढ़त का अनुपात कम है और अविकसित एवं निर्धन राष्ट्रों में आबादी की बढ़त का अनुपात ज्यादा है। प्राचीन संस्कृत साहित्य में कहा गया है कि दरिद्रता दुःखतर है और उसके साथ जुड़ा दुःख है संतान का आधिक्य। दरिद्रता की पीड़ा और संतति के आधिक्य की पीड़ा- दोनों ओर से आदमी पीड़ित है। महान दार्शनिक संत आचार्य महाप्रज्ञ ने महावीर का अर्थशास्त्र पुस्तक में गरीबी उन्मूलन की व्यापक चर्चा करते हुए उसे दूर करने के सार्थक एवं प्रभावी उपाय प्रस्तुत किये हैं। सरकार की गलत नीतियों, खराब कृषि और बेरोजगारी की वजह से लोगों को भोजन की कमी से जूझना पड़ता है। यही कारण है की महंगाई ने भी पंख फैला रखे हैं। वहीं भारत में बढ़ती जनसंख्या भी गरीबी का एक प्रमुख कारण है। अधिक जनसंख्या मतलब अधिक भोजन, पैसा और घर की जरूरत। मूल सुविधाओं की कमी के कारण गरीबी ने तेजी से अपने पांव पसारे हैं। अत्यधिक अमीर और भयंकर गरीब ने अमीर और गरीब के बीच की खाई खोद रखी है। सरकार भी ऐसे ही लोगों को गरीब मानती है जिनकी वार्षिक आय सरकार के निर्धारित आंकड़ों से कम हो। लेकिन गरीबी केवल आर्थिक ही नहीं होती। दार्शनिक गरीब उसको मानता है जो भयभीत है, जो थक गया है, जो अपनी बात नहीं कह सकता। साधारण आदमी, झोंपड़ी में रहने वाले को गरीब और महल में रहने वाले को अमीर मानता है।

**गरीबी पहले भी अभिशाप थी लेकिन दुनिया में विकास की अमाप्य ऊंचाइयों को छूते हुए इस संकट का और अधिक गहराया जाना, चिन्तनीय एवं विडम्बनापूर्ण है। गरीबी केवल भारत की ही नहीं, बल्कि दुनिया की एक बड़ी समस्या है।**

इन दिनों

## बोधि वृक्ष

### *आइये सुनें धर्मराज व चित्रगुप्त की वास्तविक कहानी*

**केवल** मैं उसके आदेश को खारिज कर सकता हूं'। परमात्मा अपने सच्चे भक्तों को सतनाम का जाप कर यमदूत को हराने के लिए कहते हैं। परमात्मा कहते है कि मैं चित्रगुप्त द्वारा लिखे गये पाप पूर्ण कर्मों के आपके पन्नों को फाड़ दूंगा, जिसका अर्थ है कि मैं आपके असंख्य जन्मों के सभी पापों को नष्ट कर दूंगा। जब आत्मा मेरी इस निर्णायक अवधारणा को समझ लेता है और मेरी भक्ति में दृढ़ हो जाता है, तो पवित्र आत्मा को यमलोक में यातना नहीं भोगनी पड़ती और उसकी सच्ची पूजा पूर्ण होने पर मोक्ष प्राप्त होता है। **पांच तत्त नाहीं गुण तीना, नाद बिंद नाहीं घट सीना। चित्रगुप्त नहीं कृतिम बाजी, धर्मराय नहीं पण्डित काजी। धुन्धू कार अनन्त जुग बीते, जा दिन कागज कहो किन चीते। जा दिन थे हम तखत खवासा, तन के पाजी सेवक दासा। संख जुगन परलो प्रवाना, सत पुरुष के संग रहाना। दास गरीब कबीर का चेरा, सत लोक अमरापुर डेरा।** सृष्टि उत्पन्न होने से पहले समय में न तो चित्र तथा गुप्त दो लेखाकार थे जो मानव के शुभ - अशुभ कर्म लिखते थे। न उस समय यह कृत्रिम बाजी ( काल की बनी सृष्टि ) थी। उस समय काल का न्यायधीश ( धर्मराय ) तथा हिन्दुओं के गुरू पंडित तथा मुसलमानों के गुरू काजी - मुल्ला आदि भी नहीं थे। संत गरीबदास जी ने कहा है कि आज आप ज्ञान प्रचार करते हो कि चित्र तथा गुप्त सबके शुभ - अशुभ कर्मों को लिखते हैं। जिस समय काल लोक नहीं बना था अनन्त युग तक यहाँ अँधकार ( धुन्धुकार ) था। उस समय किसके शुभ - अशुभ कर्मों कागज पर किसने लिखा (कागज चीता) था। अपनी स्थिति भी स्पष्ट की है कि कहीं कोई प्रश्न उत्पन्न करे कि फिर गरीबदास जी कहाँ थे ? उसका समाधान भी साथ के साथ कर दिया है।

*(क्रमशः)*

# अंतः शुद्धि का महापर्व है नवरात्रि, जिन्हें दुर्गा कहते हैं



रमेश सर्राफ धमोरा

**नवरात्रि** हिन्दू धर्म के लोगों द्वारा मनाया जाने वाला एक महत्वपूर्ण त्योहार है। यह त्योहार असत्य पर सत्य की जीत को दर्शाता है। हिन्दू मान्यताओं के अनुसार नवरात्रि साल में दो बार मनाया जाता है। हिंदी महीनों के मुताबिक पहला नवरात्रि चैत्र महीने में मनाया जाता है और दूसरी बार अश्विन महीने में मनाया जाता है। नवरात्रि नौ दिनों तक निरंतर चलता है जिसमे देवी मां के अलग अलग स्वरूपों की लोग भक्ति और निष्ठा के साथ पूजा करते है। भारत में नवरात्रि अलग अलग राज्यों में विभिन्न तरीकों और विधियों के संग मनाई जाती है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इन्हीं नौ दिनों में मां दुर्गा धरती पर आती हैं। उनके आने की खुशी में इन दिनों को दुर्गा उत्सव के तौर पर देशभर में धूमधाम से मनाया जाता है। नवरात्रि एक संस्कृत शब्द है जिसका अर्थ होता है नौ रातें। इन नौ रातों और दस दिनों के दौरान शक्ति- देवी के नौ रूपों की पूजा की जाती है। दसवां दिन दशहरा के नाम से प्रसिद्ध है। नवरात्रि वर्ष में चार बार आता है। चैत्र, आषाढ़, अश्विन, पौष प्रतिपदा से नवमी तक मनाया जाता है। नवरात्रि के नौ रातों में तीन देवियों महालक्ष्मी, सरस्वती और दुर्गा के नौ स्वरूपों की पूजा होती है जिन्हें नवदुर्गा कहते हैं। दुर्गा का मतलब जीवन के दुख को हटाने वाली होता है। इस त्योहार को पूरे भारत में पूरे उत्साह के साथ मनाया जाता है। नवरात्रि से हमें अधर्म पर धर्म और बुराई पर अच्छाई के जीत की सीख मिलती है। यह हमें बताती है कि इंसान अपने अंदर की मूलभूत अच्छाइयों से नकारात्मकता पर विजय प्राप्त और स्वयं के अलौकिक स्वरूप से साक्षात्कार कैसे कर सकता है। भारतीय जनजीवन में धर्म की महत्ता अपरम्पार है। यह भारत की गंगा-जमुनी तहजीब का ही नतीजा है कि सब धर्मों को मानने वाले लोग अपने-अपने धर्म को मानते हुए इस देश में भाईचारे की भावना के साथ सदियों से एक साथ रहते चले आ रहे हैं। यही कारण है की पूरे विश्व में भारत की धर्म व संस्कृति सर्वोत्तम मानी गई है। विभिन्न धर्मों के साथ जुड़े कई पर्व भी है जिसे भारत के कोने कोने में श्रद्धा, भक्ति और धूमधाम से मनाया जाता है। उन्हीं में से एक है नवरात्रि। नवरात्रि पर्व के नौ दिनों के दौरान आदिशक्ति जगदम्बा के नौ विभिन्न रूपों की आराधना की जाती है। ये नौ दिन वर्ष के सर्वाधिक पवित्र दिवस माने गये हैं। इन नो दिनों का भारतीय धर्म एवं दर्शन में ऐतिहासिक महत्व है और इन्हीं दिनों में बहुत सी दिव्य घटनाओं के घटने की जानकारी हिन्दू पौराणिक ग्रन्थों में मिलती है। माता के इन नौ रूपों को नवदुर्गा के नाम से भी जाना जाता है जो इस प्रकार हैं -शैलपुत्री, ब्रह्माचारिणी, चन्द्रघन्टा, कूष्माण्डा, स्कन्द माता, कात्यायिनी, कालरात्रि, महागौरी और सिद्धिदात्री। वसन्त की शुरूआत और शरद ऋतु की शुरूआत, जलवायु और सूरज के प्रभावों का महत्वपूर्ण संगम माना जाता है। इन दो समय मां दुर्गा की पूजा के लिए पवित्र अवसर माने जाते हैं। त्योहार की तिथियां चन्द्र कैलेंडर के अनुसार निर्धारित होती हैं। यह पूजा वैदिक युग से पहले प्रागैतिहासिक काल से है। नवरात्रि के पहले तीन दिन देवी दुर्गा की पूजा करने के लिए समर्पित किये गये हैं। यह पूजा उनकी ऊर्जा और शक्ति की की जाती है। प्रत्येक दिन दुर्गा के एक अलग रूप को समर्पित है। नवरात्रि के पहले दिन बालिकाओं की पूजा की जाती है। दूसरे दिन युवती की पूजा की जाती है। तीसरे दिन जो महिला परिपक्वता के चरण में पहुंच गयी है, उसकि पूजा की जाती है। नवरात्रि के चौथे, पांचवें और छठे दिन लक्ष्मी- समृद्धि और शांति की देवी की पूजा करने के लिए समर्पित है। आठवें दिन पर एक यज्ञ किया जाता है। नौवां दिन नवरात्रि समारोह का अंतिम दिन है। यह महानवमी के नाम से भी जाना जाता है। इस दिन उन नौ बच्चियों की पूजा होती है।

**चैत्र, आषाढ़, अश्विन, पौष प्रतिपदा से नवमी तक मनाया जाता है। नवरात्रि के नौ रातों में तीन देवियों महालक्ष्मी, सरस्वती और दुर्गा के नौ स्वरूपों की पूजा होती है जिन्हें नवदुर्गा कहते हैं।**

महापर्व

## फोटो की दुनिया



## फेसबुक वॉल से




# सनातन के संवाहक योगी चुनाव में जीत के वाहक



मृत्युंजय दीक्षित

**उत्तर** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अब कुशल नेतृत्वकर्ता, समाज, सनातन धर्म और अखंड भारत संवाहक और चुनाव में जीत के वाहक (सारथी) बन गये हैं। सनातन धर्म और अखंड भारत को लेकर योगी के बयानों की चर्चा अब भारतीय मीडिया में ही नहीं अपितु विदेशों में भी हो रही है। सनातन धर्म पर उनकी स्पष्टवादिता से भारत की संपूर्ण सेक्युलर जमात में खलबली है। तमिलनाडु के द्रमुक नेता उदय निधि द्वारा सनातन धर्म का उन्मूलन करने वाले शर्मनाक बयान के बाद से योगी आदित्यनाथ ने मोर्चा खोल दिया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में आज उत्तर प्रदेश के हिंदू आस्था के सभी केंद्रों, प्रतीकों का विकास व सम्मान हो रहा है। अयोध्या, मथुरा, काशी के साथ ही अन्य छोटे धार्मिक महत्व के स्थलों का सुंदरीकरण किया जा रहा है। इसके कारण सनातन समाज में प्रसन्नता की लहर है। ठीक इसके उलट कांग्रेस के नेतृत्व में संपूर्ण विपक्ष जातिगत जनगणना के नाम पर हिंदू समाज को बांटने की रणनीति पर काम कर रहा है। सनातन धर्म के तेजस्वी प्रतिनिधि के रूप में मुख्यमंत्री योगी की लोकप्रियता तेजी के साथ बढ़ रही है। योगी आदित्यनाथ आर्य समाज के कार्यक्रम में कह चुके हैं कि दयानंद सरस्वती जी ने घरवापसी का जो अभियान आरम्भ किया था उसे फिर से प्रारंभ किया जाय। आर्य समाज ने वैदिक संस्कृति के प्रसार के लिए जो कार्य किये थे उन्हे भी पुनः प्रारम्भ किया जाये। उनकी इस बात से सपा, बसपा और कांग्रेस सहित सभी सेक्युलर दल बुरी तरह से चिढ़ गये हैं। गोरखपुर में योगी कह चुके हैं कि सनातन ही एकमात्र धर्म है। बाकी सब संप्रदाय और उपासना पद्धति हैं। तमिलनाडु के द्रमुक नेता उदयनिधि को करारा जवाब देते हुए योगी ने कहा था कि सनातन धर्म मानवता का धर्म है। यदि सनातन धर्म पर आघात होगा तो विश्व की मानवता पर संकट आ आयेगा। इसके बाद मुस्लिम तुष्टिकरण करने वाले दलों की छटपटाहट जरूर सामने आई पर उन्हें कोई उत्तर नहीं सूझा। अभी तक योगी केवल सनातन धर्म पर ही बात कर रहे थे लेकिन अब उन्होंने सिंधी समाज के एक बड़े कार्यक्रम में कहा कि जब हम 500 वर्ष के बाद श्री रामजन्मभूमि को वापस ले सकते हैं तो फिर सिंध को क्यो नहीं? उनके इस बयान ने आम भारतीयों को ही नहीं अपितु पाकिस्तान व उसके समर्थक देशों को भी हैरान कर दिया है। आज न सिर्फ भारत में ही अपितु पाकिस्तानी मीडिया व भारत विरोधी एजेंडा चलाने वाले मीडिया में योगी के बयानों पर बहस हो रही है तथा चिंता व्यक्त की जा रही है। सिंध को वापस लेने वाली बात पाकिस्तान के सोशल मीडिया पर भी खूब चर्चा में है। मुख्यमंत्री ने कहा था कि सिर्फ एक व्यक्ति की जिद की वजह से देश का विभाजन हुआ। लाखों लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी। भारत का एक बड़ा भू-भाग पाकिस्तान के रूप में भी चला गया। सिंधी समाज ने उस दर्द को सबसे अधिक झेला है। उन्हें अपनी मातृभूमि छोड़नी पड़ी है। उन्होंने कहा कि अयोध्या में प्रभु श्रीराम के भव्य मंदिर का निर्माण हो रहा है। जनवरी - 2024 में रामलला अपने मंदिर में फिर से विराजेंगे। मुख्यमंत्री ने सिन्धी समाज की दुखती रग को समझा और कहा कि आज भी आतंकवाद के रूप में हमें विभाजन की त्रासदी के दंश को झेलना पड़ता है। सभ्य समाज आतंकवाद व अराजकता को बर्दाश्त नहीं कर सकता। धर्मग्रंथ भी हमें यही प्रेरणा देते हैं। पूज्य झूलेलाल जी हों या श्रीकृष्ण सभी ने मानव कल्याण की बात कही है। बंटवारे जैसी त्रासदी फिर कभी न आने पाये, इसके लिए हमें राष्ट्र प्रथम का संकल्प लेना चाहिए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ चाहे जिस कार्यक्रम में हो वहां पर सनातन संस्कृति व सभ्यता का ही डंका बजाते हैं।

**सनातन धर्म और अखंड भारत को लेकर योगी के बयानों की चर्चा अब भारतीय मीडिया में ही नहीं अपितु विदेशों में भी हो रही है। सनातन धर्म पर उनकी स्पष्टवादिता से भारत की संपूर्ण सेक्युलर जमात में खलबली है।**

सनातन

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, स्थानीय संपादक : ओम प्रकाश अमरेन्द्र*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 07759972937, 06562-240042/ 222539, फैक्स नम्बर : 06562-241176/231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-2283384/ फैक्स : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25-एलएफ, तानसेन मार्ग, नई दिल्ली-1, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लातेहार कार्यालय : रमेश सेनेटरी, मेन रोड, लातेहार -829206, फोन : 9128656020, 7763034341, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट । - फोन : 7903891779, 8271983099, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# बालों की खास देखभाल के लिए घर पर बनाएं हेयर पैक

हर लड़की के लिए उनके बाल काफी ज्यादा खास होते हैं। लेकिन आजकल की भागदौड़ भरी और स्ट्रेस वाली जिंदगी के कारण बालों का झड़ना एक आम समस्या है। हम आपको कुछ ऐसे तरीकों के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनको फॉलो कर आप बालों का झड़ना रोक सकते हैं। हर लड़की के लिए उनके बाल काफी ज्यादा खास होते हैं। लेकिन आजकल की भागदौड़ भरी और स्ट्रेस वाली जिंदगी के कारण बालों का झड़ना एक आम समस्या है। इस समस्या से निजात पाने के लिए लोग कई तरह के तरीके अपनाते हैं। कुछ महंगे शैम्पू या हेयर ऑयल यूज करते हैं। लेकिन इससे कुछ ही लोगों को फायदा होता है। वहीं कुछ लोगों की समस्या खत्म नहीं होती है। ऐसे में अगर आप भी बालों के झड़ने से परेशान हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कुछ ऐसे तरीकों के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनको फॉलो कर आप बालों का झड़ना रोक सकते हैं।

**नारियल तेल और एलोवेरा जेल हेयर पैक :** अगर आपके बाल झड़ रहे हैं, तो नारियल के तेल में एलोवेरा जेल मिक्स कर बालों में अप्लाई करें। यह आपके बालों के लिए काफी फायदेमंद होता है। इस हेयर पैक के इस्तेमाल से आप 80 से 90 परसेंट तक बालों को झड़ने से रोक सकते हैं।

### सामग्री


नारियल तेल- 1 बड़ा चम्मच
एलोवेरा जेल- 1 बड़ा चम्मच

### बनाने का तरीका

एक बाउल में नारियल का तेल गर्म कर लें। फिर इसमें एलोवेरा जेल मिक्स कर दें। दोनों को अच्छे से मिला लें।

### ऐसे करें अप्लाई

सबसे पहले बालों को धो लें। फिर गीले बालों पर इस पेस्ट को अच्छे से अप्लाई कर लें। कुछ समय तक इसे लगाए



रहने के बाद बालों को फिर शैंपू से धो लें। सप्ताह में दो बार इस उपाय को करने से आपको बेहतर रिजल्ट देखने को मिलेगा।

### शहद और ओट्स हेयर पैक

बता दें कि शहद और ओट्स से बना हेयर पैक ना सिर्फ आपके बालों की ग्रोथ को बढ़ाता है, बल्कि उन्हें चमकदार बनाने में भी मदद करता है। इस पैक का आप सप्ताह में कम से कम 1 बार इस्तेमाल करें। इससे आपको बेहतर रिजल्ट देखने को मिलेगा।

### सामग्री

ओट्स पाउडर- 2 बड़े चम्मच
शहद- 1 छोटा चम्मच
ग्लिसरीन- 1 छोटा चम्मच

### बनाने का तरीका

सबसे पहले ओट्स को पीस लें और उसका पाउडर बना लें। फिर उसमें ग्लिसरीन और शहद एड कर लें। अब इन तीनों को अच्छे से मिक्स कर लें।

### ऐसे करें अप्लाई

इस पैक को लगाने के लिए बालों को धोकर सुखा लें। फिर इस पैक को अपने स्कैल्प पर लगाएं। 30-45 मिनट तक इसे बालों में लगाए रहें। फिर शैंपू से बाल धो लें। अगर आपको डैंड्रफ की समस्या है, तो इस पेस्ट में नींबू का रस भी मिला सकती हैं।

### ग्रीन-टी हेयर पैक

ग्रीन टी का इस्तेमाल भी आप बालों को झड़ने से रोकने के लिए कर सकती हैं। बता दें कि ग्रीन टी में एंटी-ऑक्सीडेंट पाया जाता है, जो बालों को झड़ने से रोकने में मदद करता है।

### सामग्री

ग्रीन-टी- 2 छोटे चम्मच

### बनाने का तरीका

सबसे पहले 1 कप पानी को गर्म कर लें। फिर उसमें ग्रीन टी उबाल लें। अब इसे ठंडा होने के लिए रख दें।

### ऐसे करें अप्लाई

इसे बालों में अप्लाई करने के लिए बालों को धोकर सुखा लें। फिर टी वॉटर को स्कैल्प और बालों की लेंथ में अप्लाई करें। अब एक घंटे तक इसे लगाए रखने के बाद पानी से बालों को वॉश कर लें।

❖ अनन्या मिश्रा

## काव्य कोना

### आवारों की बस्ती

आवारों की बस्ती
प्याल की रुनझुन
ढोलक की थाप
न कोलाहल का भय, न शान्ति की फिक्र
अन्तः द्वन्द्व से दूर
कर्म की महत्ता
न ईमानदारी की चर्चा, न बेईमानी पर बहस
चलन सीधा - साधा।
तन्मयता
हुनर निखारने में
तपस्या एकदम अलग
निर्वाण की चिंता कहां?
कोलाहल में नीरवता ढूंढ़ना
दिल का बहलाना एक बहाना
धुल का धुआं उड़ाना, गुनगुनाना
ढोलक की थाप
और आवारगी में लय से लय मिलाना।

❖ नाग मणि

# हर फेस्टिव सीजन के लिए स्किन को ऐसे करें तैयार

त्योहारों के सीजन में हर कोई खूबसूरत और अपने लुक को परफेक्ट बनाना चाहता है। ऐसे में आज हम आपको कुछ ऐसे ब्यूटी हैक्स के बारे में बताने जा रहे हैं। जो आपको आपके किचन में ही आसानी से मिल जाएंगे। जैसा कि त्योहारों का सीजन बहुत जल्द आने वाला है और ऐसे में आपको सिर्फ तस्वीरों में ही नहीं बल्कि रियल लाइफ में परफेक्ट और सुंदर दिखना चाहिए। ऐसे में सबसे अच्छी बात तो यह है कि आपको खूबसूरत दिखने के लिए अपने घर के किचन में ही सारी सामाग्री बड़ी आसानी से मिल जाएगी और आपको घर से बाहर कहीं नहीं जाना होगा।

**फ्रूट पैक :** सेब, पपीता, एवोकाडो, केला, संतरे आदि फलों को ब्लेंड कर एक साथ मिक्स कर लें। इसको आप अपने चेहरे पर मास्क की तरह अप्लाई कर सकती हैं। पपीता एंजाइमों से भरपूर होता है। यह डेड सेल्स वाली त्वचा को साफ करता है और स्किन को निखारने में मदद करता है। केला हमारी स्किन में कसाव लाने का काम करता है। वहीं सेब और संतरे से विटामिन और मिनरल्स की पूर्ति होती है। एवोकाडो त्वचा को हाइड्रेट करता है। क्योंकि यह एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर होता है। इससे हमें एंटी-ऐजिंग फायदे भी मिलते हैं। इसका फेसपैक बनाकर अपने चेहरे पर 30 मिनट के लिए लगाएं और फिर उसे धो दें।

**फेस का स्प्रे :** अगर आपकी त्वचा ऑयली है तो आप स्प्रे का इस्तेमाल कर सकतीं हैं। मिनरल वाटर या फिर डिस्टिल्ड वॉटर को 200 मिली लें और उसमें आप लैवेंडर एसेंशियल ऑयल की 5 बूंदें मिलाकर अपने फेस पर लगाएं।



**नॉर्मल से ड्राइ स्किन के लिए स्प्रे :** अगर आपकी त्वचा में रूखापन है तो आप 100 मिली डिस्टिल्ड वॉटर या मिनरल वाटर लेकर उसमें रोज एसेंशियल ऑयल की 5 बूंदें डालें। इसके साथ ही आधा चम्मच शुद्ध ग्लिसरीन मिलाएं और उसे अपने फेस पर अप्लाई करें।

**मुंहासे वाली स्किन के लिए स्प्रे :** अगर आपको मुंहासे की समस्या है तो आप डिस्टिल्ड वॉटर या मिनरल वाटर को 100 मिली तक लें। उसमें टी ट्री ऑयल की 3 से 4 बूंदें मिलाकर अपने चेहरे पर अप्लाई करें। स्प्रे की इन बोतलों को प्रीजर्व करने के लिए आप इन्हें फ्रिज में रख दें। घरेलू ब्यूटी रेसिपी को अधिक मात्रा में नहीं बनाना चाहिए।

**स्किन टोनर :** आपको बता दें कि ग्रीन टी एक बहुत ही शक्तिशाली एंटीऑक्सीडेंट है। ग्रीन टी से स्किन टोनर बनाने के लिए आप आधा कप पानी में दो चम्मच ग्रीन टी डालें। इसके बाद पानी को उबाल लें। फिर चीनी मिट्टी के प्याले में चायपत्ती को डाल दें। अब उसमें गरम पानी डालकर 2 मिनट के लिए रख दें और ठंडा होने बाद इसे रूई के सहारे धीरे-धीरे अपने चेहरे पर लगाएं।

**बॉडी स्क्रब :** सबसे पहले बॉडी स्क्रब के लिए तिल का तेल या फिर जैतून का तेल अपने शरीर पर लगाएं। फिर इसे अच्छे से स्क्रब करने के लिए एक चुटकी हल्दी के साथ दूध की मलाई, गेहूं, बेसन, और दही का अच्छे से पेस्ट बनाकर शरीर पर लगाएं। इस पेस्ट को नहाने के 20 मिनट पहले लगा सकती हैं। इससे डेड सेल्स दूर होने के साथ यह आपकी त्वचा को साफ, मुलायम और चिकना बनाता है।

**मॉइस्चराइजिंग हेयर मास्क :** एक अंडा लें उसमें एक चम्मच शुद्ध ग्लिसरीन के साथ दो चम्मच सिरका और एलोवेरा जेल को अच्छे से मिला लें। फिर हल्के-हल्के हाथों से अपने बालों में लगाएं और 30 मिनट तक इसे लगा रहने दें। तब तक अपने सिर पर शॉवर कैप पहन लें। 30 मिनट के बाद आप अपने बालों को अच्छे से धो लें।

**बालों को ऐसे करें कंडीशन :** हिना पैक से बालों में बाउन्स और चमक आती है। डैंड्रफ वाले बालों के लिए और ऑयली बालों के लिए कम से कम 2 कच्चे अंडे, 4 चम्मच नींबू का रस, चाय का पानी और काफी इन सभी चीजों को मिलाकर गाढ़ा पेस्ट बना लें। अगर आप अंडे का इस्तेमाल नहीं करते हैं, तो उसके स्थान पर चाय के पानी की मात्रा ज्यादा कर दें। चाय-पानी बनाने के लिए उपयोग की गई चाय-पत्ती को गरम पानी में डालकर उसका इस्तेमाल कर सकती हैं। उस पानी को काफी देर तक पकाएं। लगभग जब 4 से 5 गिलास पानी बचे तो उसे ठंडा करके छान लीजिए और मेंहदी के पेस्ट में मिला दीजिए। इसके बाद अपने बालों में लगाएं और उसके एक घंटे के बाद बालों को सादे पानी से धो डालें।

**ऐसे पाएं चमकते नाखून :** अगर आप भी अपने नाखूनों को चमकाना चाहती हैं, तो हल्के गर्म बादाम के तेल में अपनी उंगलियों और नाखूनों को 10 मिनट के लिए भिगो दें। इसके बाद गीली तौलिये से उंगलियों को पोंछ लें। नाखूनों में और भी ज्यादा चमक चाहतीं हैं तो चामोइस लेदर का इस्तेमाल करें। इसे आप अपने हाथों में धीरे-धीरे से रगड़ें। चामोइस लेदर नाखूनों के कालेपन को दूर कर इन्हें चमकदार बनाता है।

## इशारों, इशारों में




दुनिया जो कहती है
कहने दो हमारे बारे में।
दिल जो कहता है कह दो
तुम इशारों में।
बहुत गजब के दस्तूर हैं
जमाने में।
अच्छे लोगों की कद्र नहीं,
लगें हैं सब एक दूसरे को आजमाने में।
तकदीर चमक सकती है किसी की भी,
क्या जाता है अच्छे कर्म करने में।
पैसे नहीं लगते कर्तव्यनिष्ठ बनने में।
कुछेक जन क्यों बढ़ा देते हैं तनाव
मानवीय संबंधों में।
देखा नहीं जाता प्यार बेशुमार हमारा।
मजा कितना आता है उनको खलल
डालने में।
सच्चे दोस्त बनाने की कुबत नहीं
रखते।
जीते हैं अहं भरकर सीने में,
और लगे हैं खुद को बहलाने में।
कोई ऐशो आराम नहीं चाहिए।
बस प्यार के बदले प्यार चाहिए।
यहीं नहीं देखा जाता उनको,
लगे हैं हमें गैर बनाने में।
साक्षी रहेगा हमेशा ऊपरवाला हमारा,
दोस्ती को सलामत बनाए रखने में।
दुनिया जो कहती है कहने दो हमारे
बारे में।
दिल जो कहता है कह दो तुम इशारों में।
एक पल भी ओझल न होना,
रहना सदा हमारी निगाहों में।
जमाने से कुछ नहीं चाहिए।
बुझ भी गये हम तो परवाह नहीं।
प्यार के दीप जलाने में।
दुनिया जो कहती है कहने
दो हमारे बारे में।
दिल जो कहता है कह दो
तुम इशारों में।
तेरी धड़कन बनकर हम सदा धड़केंगे।
इसी में सुकून मिलेगा हमें भरपूर।
धोखा खाने दो, लोगों को मयखाने में।
अपने इरादे नेक है और नेक ही रहेंगे।
ऊं नमः शिवाय की तरह पावन है
रिश्ता हमारा।
वक्त गंवाने दो लोगों को मंदिर और
गुरूद्वारे में।
दुनिया जो कहती है कहने दो हमारे
बारे में।
दिल जो कहता है कह दो तुम
इशारों में।
बड़ा प्यारा है दोस्त मेरा,
क्यों बना बेसूरा जीवन तेरा,
लगें हैं सब तड़पाने में।
भावनाओं को अपनी नित्य समर्पित
करने में,
अकेला रह गया वह कितना,
हर लम्हा सुरीला बनाने में।
दुनिया जो कहती है कहने दो हमारे
बारे में।
दिल जो कहता है कह दो तुम
इशारों में।

❖ ऋतुराज वर्षा

# ऑरेंज जूस की मदद से बनायें ये फेस पैक

एलोवेरा अपने सुखदायक और हाइड्रेटिंग गुणों के लिए जाना जाता है। इसलिए, संतरे के रस के साथ एलोवेरा जेल को मिक्स करके एक बेहतरीन फेस पैक तैयार किया जा सकता है। संतरे के रस में मौजूद विटामिन सी आपकी स्किन को चमकदार बनाने में मदद करता है। स्किन की केयर करने के लिए हम सभी कई तरीके अपनाते हैं। लेकिन स्किन को पैम्पर करने का सबसे अच्छा तरीका होता है फेस पैक अप्लाई करना। अगर आप अपनी स्किन को ब्राइटन करना चाहती हैं तो ऐसे में ऑरेंज जूस की मदद से फेस पैक बनाया जा सकता है। संतरे के रस में मौजूद विटामिन सी आपकी स्किन को चमकदार बनाने में मदद करता है। साथ ही साथ, इससे स्किन टोन को बेहतर बनाने और दाग-धब्बों की अपीयरेंस को कम करने में मददगार है।



**संतरे के रस और दही से बनाएं फेस पैक :** जहां दही आपकी स्किन को एक्सफोलिएट और मॉइश्चराइज करने में मदद कर सकता है, वहीं संतरे का रस स्किन को ग्लोइंग बनाने में मददगार है।

### आवश्यक सामग्री-

- 2 बड़े चम्मच संतरे का रस
- 1 बड़ा चम्मच दही

### फेस पैक बनाने का तरीका-

- सबसे पहले एक बाउल में संतरे का रस और दही डालकर मिलाएं।
- अब अपने फेस को क्लीन करें और इस मिश्रण को अपने चेहरे पर लगाएं।
- करीबन 15-20 मिनट के लिए इसे ऐसे ही छोड़ दें।
- अंत में, स्किन को गुनगुने पानी से धो लें और फिर उसे मॉइश्चराइज करें।

**संतरे का रस और एलोवेरा से बनाएं फेस पैक :** एलोवेरा अपने सुखदायक और हाइड्रेटिंग गुणों के लिए जाना जाता है। इसलिए, संतरे के रस के साथ एलोवेरा जेल को मिक्स करके एक बेहतरीन फेस पैक तैयार किया जा सकता है।

### आवश्यक सामग्री-

- 2 बड़े चम्मच संतरे का रस
- 1 बड़ा चम्मच एलोवेरा जेल

### फेस पैक बनाने का तरीका-

- सबसे पहले संतरे का रस और एलोवेरा जेल मिलाएं।
- अब अपने फेस को क्लीन करके इस मिश्रण को अपने चेहरे और गर्दन पर लगाएं।
- इसे 20 मिनट के लिए ऐसे ही छोड़ दें।
- अंत में ठंडे पानी से चेहरे को धो लें।

### संतरे का रस और हल्दी फेस पैक

हल्दी में एंटी-इंफ्लेमेटरी प्रॉपर्टीज होती है और जब इसे संतरे के रस के साथ मिक्स किया जाता है तो यह आपकी स्किन को ग्लो करता है।

### आवश्यक सामग्री-

- 2 बड़े चम्मच संतरे का रस
- 1/2 चम्मच हल्दी पाउडर

### फेस पैक बनाने का तरीका-

- सबसे पहले संतरे का रस और हल्दी पाउडर को मिलाकर पेस्ट बना लें।
- अपने चेहरे को क्लीन करके इसे चेहरे पर लगाएं।
- करीबन 15-20 मिनट तक लगा रहने दें।
- ठंडे पानी से धो लें।

❖ मिताली जैन

## सूडोकु नवताल- 6855

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | | 8 | | | |
| | 7 | | | 3 | 5 | | | |
| 3 | | | | | | 6 | | |
| | | | | | | | 8 | 5 |
| | 6 | | | | | | 1 | |
| 4 | 2 | | | | | | | |
| | | 1 | | | | | | 8 |
| | | | 7 | 4 | | | 3 | |
| | | | 2 | | | 7 | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -6854 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 7 | 4 | 1 | 3 | 9 | 6 | 2 | 8 |
| 2 | 8 | 9 | 6 | 5 | 7 | 1 | 4 | 3 |
| 3 | 6 | 1 | 2 | 8 | 4 | 5 | 7 | 9 |
| 9 | 3 | 7 | 8 | 1 | 6 | 4 | 5 | 2 |
| 6 | 5 | 8 | 4 | 9 | 2 | 3 | 1 | 7 |
| 1 | 4 | 2 | 5 | 7 | 3 | 8 | 9 | 6 |
| 7 | 9 | 6 | 3 | 4 | 1 | 2 | 8 | 5 |
| 4 | 2 | 5 | 9 | 6 | 8 | 7 | 3 | 1 |
| 8 | 1 | 3 | 7 | 2 | 5 | 9 | 6 | 4 |

## दैनिक पंचांग

**17 अक्टूबर 2023 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | कन्या में | तुला | 06.05 बजे से |
| चंद्र | तुला में | वृश्चिक | 08.19 ब.से |
| मंगल | तुला में | धनु | 10.35 बजे से |
| बुध | कन्या में | मकर | 12.41 बजे से |
| गुरु | मेष में | कुंभ | 14.27 बजे से |
| शुक्र | सिंह में | मीन | 16.00 बजे से |
| शनि | कुंभ में | मेष | 17.30 बजे से |
| राहु | मेष में | वृष | 19.10 बजे से |
| केतु | तुला में | मिथुन | 21.09 बजे से |
| राहुकाल 3.00 से 4.30 बजे तक | | कर्क | 23.22 बजे से |
| | | सिंह | 01.38 बजे से |
| | | कन्या | 03.50 बजे से |

**मंगलवार** 2023 वर्ष का 290 वां दिन
**दिशाशूल** उत्तर **ऋतु** शरद।
**विक्रम संवत्** 2080 **शक संवत्** 1945
**मास** आश्विन **पक्ष** शुक्ल
**तिथि** तृतीया 01.27 बजे रात्र को समाप्त।
**नक्षत्र** विशाखा 20.31 बजे को समाप्त।
**योग** प्रीति 09.21 बजे को समाप्त।
**करण** तैतिल 13.24 बजे तदनन्तर गर 01.27 बजे रात्र को समाप्त।
**चन्द्रायु** 02.3 घण्टे
**रवि क्रान्ति** दक्षिण 09° 04'
**सूर्य** दक्षिणायन
**कलि अहर्गण** 1871769
**जूलियन दिन** 2460234.5
**कलियुग संवत्** 5125
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2549
**हिजरी सन्** 1445
**महीना** रवि उस्सानी
**तारीख** 01

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| रोग | 05.53 से | 07.22 बजे तक | काल | 05.42 से | 07.13 बजे तक |
| उद्वेग | 07.22 से | 08.15 बजे तक | लाभ | 07.13 से | 08.45 बजे तक |
| चर | 08.15 से | 10.19 बजे तक | उद्वेग | 08.45 से | 10.16 बजे तक |
| लाभ | 10.19 से | 11.48 बजे तक | शुभ | 10.16 से | 11.48 बजे तक |
| अमृत | 11.48 से | 01.16 बजे तक | अमृत | 11.48 से | 01.19 बजे तक |
| काल | 01.16 से | 02.45 बजे तक | चर | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| शुभ | 02.45 से | 04.13 बजे तक | रोग | 02.51 से | 04.22 बजे तक |
| रोग | 04.13 से | 05.42 बजे तक | काल | 04.22 से | 05.54 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें।

## शब्द पहेली - 7917

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | 3 | ■ | 4 | 5 | | 6 |
| | ■ | 7 | | 8 | | | ■ | |
| 9 | 10 | ■ | ■ | | ■ | ■ | 11 | |
| 12 | | ■ | 13 | | 14 | ■ | 15 | |
| ■ | 16 | | | ■ | 17 | | | ■ |
| 18 | | ■ | 19 | 20 | | ■ | 21 | 22 |
| 23 | | ■ | ■ | | ■ | ■ | 24 | |
| | ■ | 25 | 26 | | 27 | 28 | ■ | |
| 29 | | | | ■ | 30 | | | |

**बाएँ से दाएँ**

1. घूमना-फिरना-4
4. पक्षियों का शोर-4
7. धोखाधड़ी, मक्कारी-5
9. भस्म, खाक -2
11. आज्ञापालक, कर्मचारी-2
12. मगन, लीन-2
13. नेत्रावरण-3
15. त्याग, दक्षिणा-2
16. जीभ, जिव्हा-3
17. मक्खन-3
18. पेड़ का मध्य व मोट भाग-2
19. गर्भ-3
21. निवास, रहना-2
23. भाग्य (अंग्रेजी-2)
24. पानी, नीर-2
25. इच्छा पूर्ति करना-5
29. एक मुस्लिम महीना-4
30. भाग्य, नसीब-4

**ऊपर से नीचे**

1. अनबन, झगड़ा-4
2. भालू-2
3. परिणाम-2
4. प्याला-2
5. बालों का गुच्छा-2
6. वर, इच्छापूर्ति-4
8. नीरज, जलज-3
10. भयानक-5
11. दयालु-5
13. आश्रय, शरण-3
14. करिश्मा, करतब-3
18. तहखाना-4
20. मगरमच्छ-3
22. शलवार, पायजामा-4
25. आनंद-2
26. झुका हुआ-2
27. पत्र, चिट्ठी-2
28. नासिका, घ्राणेंद्रिय-2

### शब्द पहेली -7916 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | ल | बा | दा | ■ | स | ल | बा | र |
| प | ■ | ■ | न | सी | ब | ■ | ■ | त |
| ल | ■ | र | बी | ■ | क | ल | ■ | ज |
| क | म | त | र | ता | ■ | त | म | गा |
| ■ | द | ■ | ता | ■ | गा | ■ | ग | ■ |
| म | न | का | ■ | मो | ह | त | र | मा |
| र | ■ | ला | र | ■ | दे | र | ■ | म |
| ह | ■ | ■ | प | र | ख | ■ | ■ | ला |
| म | र | घ | ट | ■ | ना | पा | क | ■ |

## आज का राशिफल

**मेष राशि :** व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी।

**वृष राशि :** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें।

**मिथुन राशि :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी।

**कर्क राशि :** आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे।

**सिंह राशि :** लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। कामकाज की अधिकता रहेगी।

**कन्या राशि :** कामकाज की व्यस्तता से सुख-चैन प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी।

**तुला राशि :** समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा।

**वृश्चिक राशि :** व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। संतोष रखने से सफलता मिलेगी।

**धनु राशि :** यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी।

**मकर राशि :** मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास सफल होंगे। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी।

**कुंभ राशि :** कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे।

**मीन राशि :** परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

## गागर में सागर

### ऐतिहासिक है कश्मीर के शारदा मंदिर में नवरात्रि का पूजन : शाह



**नई दिल्ली।** केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा है कि यह आध्यात्मिक महत्व की बात है कि 1947 के बाद पहली बार इस वर्ष कश्मीर के ऐतिहासिक शारदा मंदिर में नवरात्रि पूजा आयोजित की गई है। शाह ने सोमवार को कहा कि इस वर्ष चैत्र नवरात्रि के अवसर पर भी यहां पूजा की गई थी और अब शारदीय नवरात्रि के अवसर पर भी मंदिर में पूजा के मंत्र गूंज रहे हैं। इस बात से पता चलता है कि जम्मू-कश्मीर में शांति लौट रही है। शाह ने कहा कि उन्हें 23 मार्च, 2023 को इस मंदिर को दोबारा खोलने का सौभाग्य प्राप्त हुआ था। यह न केवल घाटी में शांति लौटने का प्रतीक है बल्कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हमारे देश की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक लौ के फिर से प्रज्ज्वलित होने का भी प्रतीक है।

### न्यूजक्लिक के संस्थापक की गिरफ्तारी के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका



**नई दिल्ली।** न्यूजक्लिक के संस्थापक-संपादक प्रबीर पुरकायस्थ और मानव संसाधन प्रमुख अमित चक्रवर्ती ने यूएपीए के प्रावधानों के तहत दिल्ली पुलिस द्वारा उनकी गिरफ्तारी को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है। सोमवार को सीजेआई डी.वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने.कहा कि मामले के कागजात देखने के बाद मामले को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया जाएगा। न्यूजक्लिक अधिकारियों की ओर से पेश हुए वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने एक आउट-ऑफ-टर्न उल्लेख किया और अपनी याचिका को तत्काल सूचीबद्ध करने की मांग की।

### बृजभूषण सिंह के खिलाफ आरोप तय करने पर 19 को होगी सुनवाई

**नई दिल्ली।** महिला पहलवानों के यौन शोषण के आरोपों के संबंध में भारतीय कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष और भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ आरोप तय करने के मामले पर सुनवाई के दौरान बृजभूषण की ओर से पेश वकील ने कहा कि शिकायत कॉस्मेटिक तरीके से दर्ज कराई गई, बृजभूषण ने पहलवानों को नोटिस जारी कर कभी ऑफिस में नहीं बुलाया। एडिशनल चीफ मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट हरजीत सिंह जसपाल ने आरोप तय करने के मामले पर अगली सुनवाई 19 अक्टूबर को करने का आदेश दिया।

# भारत-वियतनाम की साझेदारी होगी मजबूत : एस जयशंकर

**एजेंसी। नई दिल्ली**

विदेश मंत्री वर्तमान में वियतनाम यात्रा पर हैं। सोमवार को उन्होंने वहां के प्रधानमंत्री फाम मिन्ह चिन्ह से मुलाकात की और उन्हें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का अभिनंदन दिया। विदेश मंत्री डॉ एस जयशंकर ने एक्स पर इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों में आगे विकास के लिए उनका मार्गदर्शन महत्वपूर्ण रहा। एक मजबूत भारत-वियतनाम साझेदारी स्थिर, सुरक्षित और समृद्ध हिन्द-प्रशांत में योगदान देगी।

इससे पहले विदेश मंत्री डॉ एस जयशंकर और उनके समकक्ष बुई थान सोन ने आज हनोई में 18वें भारत-वियतनाम संयुक्त आयोग की बैठक की सह-अध्यक्षता की। विदेश मंत्री ने बैठक को सार्थक बताया और कहा कि विश्वास है कि आने वाले वर्षों में हमारी व्यापक रणनीतिक साझेदारी और मजबूत होगी। उन्होंने बताया कि दोनों



देशों के बीच हुई चचाओं में राजनीतिक, रक्षा और समुद्री सुरक्षा, न्यायिक, व्यापार और निवेश, ऊर्जा, विकास, शिक्षा और प्रशिक्षण, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, सांस्कृतिक क्षेत्रों में सहयोग शामिल था। साथ ही भारत-प्रशांत क्षेत्र, वैश्विक मुद्दों के प्रति हमारी प्रतिबद्धता और विभिन्न बहुपक्षीय समूहों में हमारे सहयोग पर दृष्टिकोण भी साझा किया गया। विदेश मंत्री ने 'हिन्द-प्रशांत में भारत' विषय पर वियतनाम की डिप्लोमैटिक अकादमी को संबोधित भी किया। उन्होंने हिन्द-प्रशांत निर्माण में सहयोग करने में समाये साझा हितों पर चर्चा की। आसियान की केंद्रीयता के महत्व को रेखांकित किया और क्वाड के योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि कैसे भारत और वियतनाम अपनी स्वतंत्र सोच के साथ बहुध्रुवीय और नियम आधारित वैश्विक व्यवस्था को बढ़ावा दे सकते हैं। जयशंकर ने वियतनाम की कम्युनिस्ट पार्टी के बाहरी संबंध आयोग के अध्यक्ष ले होई टुंग के साथ भी विचारों का उपयोगी आदान-प्रदान किया। विदेश मंत्री ने कहा कि इस दौरान प्रमुख क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भारत और वियतनाम का एक सा दृष्टिकोण स्पष्ट उभरकर आया है।

विदेश मंत्री ने अपने समकक्ष बुई थान सोन के साथ संयुक्त रूप से भारत और वियतनाम के बीच राजनयिक संबंधों की स्थापना के 50 वर्ष पूरे होने का जश्न मनाने वाले स्मारक टिकटों का अनावरण किया। कलारीपयट्ठु और वोविनम को दशार्ने वाले टिकट खेल के प्रति दोनों देशों की साझा आत्मीयता को दशार्ते हैं और मजबूत सांस्कृतिक, सामाजिक और लोगों से लोगों के संबंधों का जश्न मनाते हैं। उल्लेखनीय है कि विदेश मंत्री एस जयशंकर रविवार को वियतनाम और सिंगापुर की छह दिवसीय यात्रा पर हनोई पहुंचे थे। वियतनाम से जयशंकर 19 से 20 अक्टूबर तक सिंगापुर की यात्रा पर रहेंगे।

## बद्री-केदार सहित चार धामों में हो रही जोरदार बर्फबारी

**एजेंसी**

**जोशीमठ/गोपेश्वर/उत्तरकाशी।** बद्रीनाथ और केदारनाथ सहित चारों धामों में जोरदार बर्फबारी हो रही है। यानी बद्री-केदार के साथ उच्च हिमालयी क्षेत्रों में दोपहर बाद से बर्फबारी शुरू हो गयी। इसके साथ ही निचले इलाकों में भी तेज बारिश के चलते कड़ाके की ठंड पड़नी शुरू हो गई है। इसके मद्देनजर मंदिर समिति और जिला प्रशासन धामों में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए व्यवस्थाओं में जुट गया है। उत्तराखंड के मौसम विभाग का पूवार्नुमान एक बार फिर सही साबित हुआ है। सुबह से बादल छाए रहने के बाद दोपहर से निचले इलाकों में मूसलाधार बारिश शुरू है तो बद्रीनाथ धाम, केदारनाथ, यमुनोत्री, गंगोत्री धामों और हेमकुण्ड साहिब-लोकपाल सहित नीती-माणा घाटियों में जोरदार बर्फबारी हो रही है। इससे पूरे क्षेत्र ठंड बढ़ गई है। ठंड बढ़ने से श्रद्धालुओं और



तीर्थयात्रियों के साथ स्थानीय लोग भी गर्म कपड़ों में लिपटे दिखाई दे रहे हैं।

बद्रीनाथ एवं केदारनाथ धामों मे बीकेटीसी एवं जिला प्रशासन ने श्रद्धालुओं को अलाव की व्यवस्था भी की जा रही है। बर्फबारी के बाद अधिकांश तीर्थयात्रियों का दर्शनों के बाद धामों से लौटने का क्रम जारी है। बीकेटीसी अध्यक्ष अजेन्द्र अजय ने बद्रीनाथ एवं केदारनाथ में मौजूद मंदिर समिति के आलाधिकारियों को श्रद्धालुओं के लिए बेहतर दर्शन एवं अलाव आदि की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिये हैं।

## 2024 चुनाव से पहले महिला आरक्षण विधेयक को लागू करने को लेकर याचिका दाखिल

**एजेंसी। नई दिल्ली**

2024 के लोकसभा चुनाव से पहले महिला आरक्षण विधेयक को लागू करने की मांग को लेकर सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दायर की गई है। कांग्रेस नेता जया ठाकुर द्वारा वकील वरिंदर कुमार शर्मा के माध्यम से दायर याचिका में कहा गया है,संवैधानिक संशोधन को अनिश्चित अवधि के लिए रोका नहीं जा सकता। इसमें कहा गया है कि जनगणना और परिसीमन की कोई आवश्यकता नहीं है क्योंकि सीटों की संख्या पहले ही घोषित की जा चुकी है और वर्तमान संशोधन मौजूदा सीटों के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण देता है। याचिका में कहा गया है, संशोधन को तुरंत लागू करने के लिए यह एक आकस्मिक स्थिति है, यही कारण है कि महिला आरक्षण विधेयक को पारित करने के लिए एक विशेष उद्देश्य के लिए विशेष सत्र बुलाया गया था, लेकिन विवादित रुकावट डालना लोकतांत्रिक प्रक्रिया में महिलाओं के प्रतिनिधित्व के उद्देश्य को विफल करना है। नारी शक्ति वंदन अधिनियम विधेयक 2023 - इस साल सितंबर में संसद के एक विशेष सत्र में पारित किया गया था। यह लोकसभा और दिल्ली सहित सभी राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत कोटा अनिवार्य करता है।

## शेरेबीबी में 224 मीटर सेतु का निर्माण कार्य पूरा : नितिन गडकरी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने बताया कि जम्मू-कश्मीर में लगभग 12 करोड़ की लागत से शेरेबीबी में 224 मीटर के दो-लेन के पुल का निर्माण सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया है। सोमवार को केन्द्रीय मंत्री गडकरी ने सोशल मीडिया के एक प्लेटफार्म पर पोस्ट कर बताया कि यह पुल



एनएच -44 के रामबन से बनिहाल खंड पर स्थित है। इससे यात्रा दूरी 125 मीटर कम होगी और खड़ी ढलान से बचा जा सकेगा। इससे वाहनों की आवाजाही आसान होगी। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि यह परियोजना क्षेत्र की आर्थिक वृद्धि में योगदान देगी और समग्र कनेक्टिविटी को बढ़ाती है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व के तहत हम जम्मू एवं कश्मीर राज्य में बेहतर राजमार्ग बुनियादी ढांचा प्रदान करने की अपनी प्रतिबद्धता पर कायम हैं।

## निशिकांत का महुआ पर आरोप, संसद में हिरानंदानी को लाभ पहुंचाने को पूछे सवाल

**ब्यूरो। नई दिल्ली**

खुद एक उद्योगपति को लेकर चर्चित रहे झारखंड के गोड्डा लोकसभा क्षेत्र से तीसरी बार भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को एक पत्र लिखा है कि तृणमूल सांसद महुआ मोइत्रा ने हाल ही में संसद में 61 सवाल पूछे, जिनमें से 50 सवाल बिजनेसमैन दर्शन हीरानंदानी और उनकी कंपनी के व्यावसायिक हितों की रक्षा करने के लिए पूछा था। निशिकांत दुबे ने लोकसभा स्पीकर ओम बिरला से महुआ मोइत्रा को तत्काल संसद से निलंबित करने का आग्रह किया है। उन्होंने पत्र में कहा है कि इस बारे में कोई संदेह नहीं है कि संसदीय प्रश्न पूछ कर एक व्यवसायी दर्शन हीरानंदानी के व्यावसायिक हितों को हासिल करने और उनकी रक्षा के लिए महुआ मोइत्रा ने आपराधिक साजिश रची है। उन्होंने 12 दिसंबर 2005 की घटना कैश फॉर क्वेरी भी याद दिलाया है। इनके अलावा भाजपा से जुड़े दिल्ली के एक अधिवक्ता ने आरोप लगाया है कि टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा उद्योगपति दर्शन हीरानंदानी से पैसे लेती हैं और उसके बाद सदन में सरकार से सवाल करती हैं। इनके इस तरह के आरोपों पर उद्योगपति हीरानंदानी के प्रवक्ता ने आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि हम कारोबार करते हैं, राजनीति नहीं। हम देश की भलाई के लिए सरकार के साथ मिलकर काम करते रहे हैं, करते रहेंगे। लेकिन इस मुद्दे पर कई तरह के सवाल उठ रहे हैं। यह कि यदि कोई सांसद संसद में अडानी के किसी मामले के बारे में सवाल करता है, सरकार के संबंधित मंत्रालय को पत्र लिखकर उससे संबंधित डिटेल मांगता है , तो उसको इस तरह संसद से तत्काल निलंबित करने के लिए लोकसभा अध्यक्ष या राज्य सभा सभापति को पत्र लिखा जाएगा। मालूम हो कि लोकसभा व राज्य सभा में ऐसे सांसदों की संख्या दहाई में है जिनके संबंध देश के कई बड़े उद्योगपतियों से हैं। किसी को अंबानी का , किसी को बिड़ला का , किसी को रुइया का आदमी कहा जाता है। कुछ तो उद्योगपतियों की कंपनी में जुड़े रहे हैं। खुद जिस दुबे ने मोइत्रा के बारे में लिखा है उनके भी एक उद्योगपति के लिए बहुत कुछ करते रहने का आरोप लगते रहे हैं। तृणमूल सांसद मोइत्रा ने तो दूबे पर गलत तरीके से डिग्री लेने का भी आरोप लगाते हुए उसकी जांच कराकर कार्रवाई करने की मांग की है। लेकिन उस पर सरकार अभी तक कुछ नहीं की है। जहां तक उद्योगपति दर्शन हीरानंदानी का सवाल है , वह देश की सबसे बड़ी रियल एस्टेट फर्म हीरानंदानी ग्रुप के सीईओ हैं।

## मिशन गगन यान : श्रीहरिकोटा से 21अक्टूबर को होगा लॉन्च



**एजेंसी। नई दिल्ली**

मिशन गगन यान के पहले परीक्षण उड़ान के लिए अब उल्टी गिनती शुरू हो गई है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने सोमवार को बताया कि मिशन गगन यान का फ्लाइट टेस्ट व्हीकल एबॉर्ट मिशन (टीवीडी-1) परीक्षण उड़ान के लिए 21 अक्टूबर को निर्धारित है । यह परीक्षण उड़ान श्री हरिकोटा से 21 अक्टूबर सुबह 7 बजे से 9 बजे के बीच होगा। इसरो इस टेस्ट के जरिए क्रू एस्केप सिस्टम के असर को भी जांचेगा। यह 'गगन यान' मिशन का बेहद अहम हिस्सा है। इसकी मदद से 2024 तक भारत मानव-रहित और मानव-सहित अंतरिक्ष मिशन भेजने की योजना बना रहा है। उल्लेखनीय है कि मिशन गगन यान मानव सहित महत्वपूर्ण अंतरिक्ष अभियान है जिसके चार चरण हैं। 21 अक्टूबर को मिशन का पहला चरण लॉन्च किया जाएगा। सिस्टम का परीक्षण करने के लिए तीन और परीक्षण उड़ानें टीवी-डी2, टीवी-डी3 और टीवी-डी4 होंगी। इसरो ने हाल ही में अपने एक ट्वीट के जरिए जानकारी दी थी कि फ्लाइट टेस्ट व्हीकल एबॉर्ट मिशन-1 (टीवी-डी1) की तैयारी चल रही है, जो क्रू एस्केप सिस्टम के प्रदर्शन को प्रदर्शित करता है।

## FILMY हलचल

### भारत की पहली एरियल एक्शन फिल्म 'तेजस' के लिए बिल्कुल फिट हैं कंगना

**कंगना** रनौत का नाम निडरता और बहुमुखी प्रतिभा के पावरहाउस के रूप में सामने आता है। 'तेजस' में लीड रोल निभाने वाली एक्ट्रेस बिल्कुल परफेक्ट हैं। कंगना को न केवल अभिनय के लिए बल्कि अपनी कला के प्रति अविश्वसनीय समर्पण के लिए भी जाना जाता है। 'क्वीन' में रानी के किरदार से लेकर 'मणिकर्णिका' में झांसी की रानी तक, उन्होंने सभी भूमिकाओं में शानदार प्रदर्शन किया। 'तेजस' में वह फाइटर पायलट की भूमिका निभा रहीं हैं। इस भूमिका को निभाने के लिए फिजिकल और मेंटर तौर पर काफी मजबूत होने की जरुरत होती है। फाइटर पायलट की भावना अद्वितीय साहस में से एक है। यह एक ऐसी दुनिया है जहां व्यक्तियों को सबसे चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों का सामना करने के लिए प्रशिक्षित किया जाता है, जहां सफलता अक्सर बिना सोचे-समझे लिए गए निर्णयों का परिणाम है। 'तेजस' बहादुर महिलाओं को सलाम करती है।



### पूर्व मिस वर्ल्ड प्रतियोगी शेरिका डी अरमास का निधन



**पूर्व** 'मिस वर्ल्ड' प्रतियोगी शेरिका डी. अरमास की 26 वर्ष की उम्र में मौत हो गई। उन्होंने वर्ष 2015 में मिस वर्ल्ड प्रतियोगिता में उरुग्वे का प्रतिनिधित्व किया। शेरिका कई सालों से ओवेरियन कैंसर से जूझ रही थीं। शेरिका डी. अरमास की मौत की खबर से उनके प्रशंसकों को झटका लगा है। शेरिका के निधन के बाद कई स्तरों से शोक व्यक्त किया जा रहा है। शेरिका की मौत के बाद उनके भाई मंयक डी. अरमास ने सोशल मीडिया पर एक इमोशनल पोस्ट शेयर किया है। उन्होंने पोस्ट शेयर करते हुए लिखा कि, हमेशा ऊंची उड़ान भरो मेरी छोटी बहन.. साथ ही 'मिस यूनिवर्स' पोस्ट शेयर कर शेरिका को श्रद्धांजलि दी है।

### नवरात्र पर कल्लू का गाना 'प्यारा सजा है...' रिलीज

**भोजपुरी** सिनेजगत में युवा दिलों की धड़कन नाम से मशहूर सिंगर व एक्टर अरविंद अकेला कल्लू का नवरात्र स्पेशल गाना 'प्यारा सजा है तेरा द्वार भवानी...' आज रिलीज हो गया है। इस गाने में कल्लू ने माता के दरबार में खड़े होकर उनका गुणगान किया है। गाने के जरिये कल्लू ने मां दुर्गा का स्मरण भी किया है और इस पावन पर्व के बारे में सुरीली प्रस्तुति दी। इस गाने को कल्लू ने शिवानी सिंह के साथ मिलकर गाया है, जो अपनी आवाज से दर्शकों को मन्त्रमुग्ध कर देते हैं। ऐसे में कल्लू और शिवानी ने मिलकर एक खूबसूरत गाना लेकर आये हैं, जो दर्शकों को खूब पसंद आ रहा है।



कल्लू का गाना 'प्यारा सजा है तेरा द्वार भवानी...' टी-सीरिज हमार भोजपुरी के ऑफिसियल यूट्यूब से रिलीज हुआ है, जिसे कल्लू के चाहने वालों के साथ देवी मां के भक्त भी खूब पसंद कर रहे हैं। वहीं गाने को लेकर कल्लू ने कहा कि जगत जननी मां अम्बे की महिमा निराली है। वे अपने भक्तों की तारणहार हैं। उनका श्रृंगार शक्ति है, उनका स्वाभाव दयालु है। ऐसी मां अम्बे को मेरा बारम्बर प्रणाम। मैं अपने चाहने वालों से आग्रह करूंगा कि माता के इस गीत को अपना आशीर्वाद दें। गाना 'प्यारा सजा है तेरा द्वार भवानी...' में अरविंद अकेला कल्लू और शिवानी सिंह की आवाज कर्णप्रिय है। इसके संगीतकार प्रियांशु सिंह हैं। गीतकार आशुतोष तिवारी हैं। गाने में काजल राज, खुशी यादव और देबो श्री हैं।

## शिखर सम्मेलन — पीएम आज करेंगे ग्लोबल मैरीटाइम इंडिया समिट का उद्घाटन

# समुद्री क्षेत्र में निवेश पर होगा जोर

**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मंगलवार को सुबह लगभग 10:30 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से ग्लोबल मैरीटाइम इंडिया समिट (जीएमआईएस) 2023 के तीसरे संस्करण का उद्घाटन करेंगे। शिखर सम्मेलन 17 से 19 अक्टूबर तक मुंबई के एमएमआरडीए मैदान में आयोजित किया जाएगा। तीन दिवसीय शिखर सम्मेलन में भविष्य के बंदरगाहों सहित समुद्री क्षेत्र के प्रमुख मुद्दों पर चर्चा और विचार-विमर्श किया जाएगा। यह शिखर सम्मेलन देश के समुद्री क्षेत्र में निवेश आकर्षित करने के लिए एक उत्कृष्ट मंच भी प्रदान करेगा। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री



भारतीय समुद्री ब्लू अर्थव्यवस्था के लिए दीर्घकालिक खाका 'अमृत काल विजन 2047' का अनावरण करेंगे।

प्रधानमंत्री इस भविष्यवादी योजना के अनुरूप 23 हजार करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं का उद्घाटन, राष्ट्र को समर्पण और आधारशिला रखेंगे। यह शिखर सम्मेलन देश का सबसे बड़ा समुद्री कार्यक्रम है। इसमें यूरोप, अफ्रीका, दक्षिण अमेरिका, एशिया (मध्य एशिया, मध्य पूर्व और बिम्सटेक क्षेत्र सहित) देशों का प्रतिनिधित्व करने वाले दुनिया भर के मंत्री भाग लेंगे। शिखर सम्मेलन में दुनिया भर से वैश्विक सीईओ, व्यापारिक नेता, निवेशक, अधिकारी और अन्य हितधारक भी भाग लेंगे। इसके अलावा शिखर सम्मेलन में कई भारतीय राज्यों का प्रतिनिधित्व भी मंत्रियों और अन्य गण्यमान्य व्यक्तियों द्वारा किया जाएगा।

प्रधानमंत्री गुजरात के दीनदयाल बंदरगाह प्राधिकरण में 4,500 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से बनने वाले टूना टेकरा ऑल वेदर डीप ड्राफ्ट टर्मिनल की आधारशिला रखेंगे। इस अत्याधुनिक ग्रीनफील्ड टर्मिनल को पीपीपी मोड में विकसित किया जाएगा। इस टर्मिनल के अंतरराष्ट्रीय व्यापार केंद्र के रूप में उभरने की संभावना है।

### महिलाओं को सशक्त बनाएगा नारी शक्ति वंदन अधिनियम : प्रधानमंत्री मोदी

प्रधानमंत्री ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिलाओं को सशक्त बनाएगा। केंद्रीय मंत्री जी. किशन रेड्डी के एक लेख के बारे में 'एक्स' पर चर्चा करते हुए कहा प्रधानमंत्री ने लिखा उन्होंने अपने आलेख में बताया है कि हाल में पारित नारी शक्ति वंदन अधिनियम किस तरह महिलाओं के सशक्तिकरण का प्रतीक है और महिलाओं के लिए आह्वान है कि वह देश का नेतृत्व करें और उसे एक उज्ज्वल भविष्य की ओर ले जाएं। उल्लेखनीय है कि रेड्डी ने बीते दिनों एक लेख लिखकर नारी शक्ति वंदन अधिनियम की तारीफ की थी। उन्होंने अपने लेख में लिखा था कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम महज एक विधान का टुकड़ा नहीं है, बल्कि सशक्तिकरण का प्रतीक है, एक जोरदार आह्वान है, जो नारी शक्ति के उत्थान और हमारे शानदार राष्ट्र को एक उज्ज्वल भविष्य की ओर ले जाने की उनकी तत्परता का संदेश देता है।

## गागर में सागर

### सरला बिरला पब्लिक स्कूल के छात्रों ने की अनुभवात्मक यात्रा



रांची। सरला बिरला पब्लिक स्कूल के छात्र कुशलपल्ली रिजॉर्ट अयोध्या हिल्स, पुरुलिया गए। यह एक समृद्ध अनुभवात्मक यात्रा थी। छात्रों के लिए छऊ नृत्य का आयोजन पारंपरिक लोक-संगीत और नृत्य के इतिहास और उसकी संस्कृति से परिचित कराने के लिए किया गया। इसके बाद उन्होंने पूल पार्टी और एकता की भावना से भरपूर क्रियाकलाप में भाग लिया। रात्रि में डीजे नाइट का आनंद लेने के साथ दिन का समापन हुआ। छात्रों के लिए एकता, टीम भावना, समय प्रबंधन और अनुशासन सीखने का यह एक अनोखा अनुभव था। विद्यालय के कार्मिक व प्रशासनिक प्रमुख डॉ. प्रदीप वर्मा ने विद्यालय के इस प्रयास की प्रशंसा करते हुए कहा कि भविष्य में इस तरह के भ्रमण कार्यक्रमों का आयोजन हो। प्राचार्या श्रीमती परमजीत कौर ने पूरी टीम को अपनी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यात्रा के अनुभव हमें आनंद के साथ शिक्षा भी प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की यात्रा से छात्र स्वतंत्रता और अनुशासन का महत्व भी सीखेंगे।

### एनटीपीसी स्वयं सिद्धा लेडीज क्लब ने नवरात्रि डांडिया का किया आयोजन



रांची। नवरात्रि और दुर्गा पूजा महोत्सव जैसे चल रहे उत्सवों में रंग जोड़ते हुए, स्वयंसिद्धा लेडीज क्लब (एसएलसी), एनटीपीसी कोयला खनन मुख्यालय ने सदस्यों के लिए एक नवरात्रि डांडिया का आयोजन किया। यह कार्यक्रम एसएलसी की अध्यक्ष रेखा जैन और सदस्यों की उपस्थिति में शुरू हुआ। बाद में सदस्यों ने देवी दुर्गा की पारंपरिक पूजा और प्रार्थना में भाग लिया। मौके पर रेखा जैन ने सभी सदस्यों को आगामी पूजा उत्सवों के लिए शुभकामनाएं दीं। इसके बाद डांडिया नाइट नृत्य कार्यक्रम हुआ। उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति अकेले कुछ नहीं कर सकता, समूह प्रयास से ही सफलता मिलती है। उन्होंने महिला क्लब की गतिविधियों को मजबूत करने और समाज के लाभ के लिए नए विचारों, सुझावों और नई पहलों के साथ आगे आने के लिए सदस्यों से सलाह मांगी। कार्यक्रम में सदस्यों को उनके पारंपरिक रंगीन परिधान में देखा गया, उन्होंने उत्सव के मूड का आनंद लिया और समूह डांडिया नृत्य खेला। कार्यक्रम को विशेष बनाने के लिए तोरण बनाओ प्रतियोगिता के पुरस्कार वितरण एवं खेलों का आयोजन किया गया।

### झारखंड फूड फेस्टिवल में बाल विकास परियोजना ने लगाया स्टॉल



रांची। सोमवार को पुराने विधानसभा स्थित मैदान में झारखंड फूड फेस्टिवल में समेकित बाल विकास परियोजना रांची ने अपना स्टॉल लगाया। इस स्टॉल में विभिन्न तरह के पकवान एवं सब्जियों को प्रदर्शित करते हुए पोषण एवं आंगनबाड़ी केंद्रों में मिलने वाली लाभ से संबंधित पोस्टर लगा कर जन जागरूकता लाने के लिए स्टॉल में आने वाले लोगों को बताया गया। इसमें मुख्य रूप से रांची सीडीपीओ आराधना सिंह, पर्यवेक्षिका अंजना कुमारी दास, सेविका शाहीन इकबाल,खुशबू, परवीन, मारिया बाड़ा, सरिता कुजूर सहित अन्य सेविकाएं उपस्थित थे।

### कांके से मवेशी सहित तीन पिकअप वैन जब्त

रांची। रांची के कांके थाना क्षेत्र के हुसिर गांव के पास से सोमवार को ग्रामीणों ने पुलिस की मदद से तस्करी के लिए ले जा रहे तीन पिकअप वैन को पकड़ा है। वैन में 53 पशु लदा था। पशुओं में गाय, बैल और बछिया शामिल है। पुलिस ने मामले में दो लोगों को पकड़ा गया है। हालांकि अन्य लोग भागने में सफल रहे। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

# शहर में 20 अक्टूबर से भारी वाहनों का प्रवेश चार दिनों के लिए निषेध



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राजधानी रांची में दुर्गा पूजा के समय पंडालों में घूमने के दौरान यातायात व्यवस्था सुगम रहे और कहीं भी भीड़ न लगे, इसके लिए शहर की ट्रैफिक व्यवस्था में बदलाव रहेगा। रांची में 20 अक्टूबर से भारी वाहनों का प्रवेश चार दिनों के लिए बंद रहेगा। वहीं मेन रोड में शाम चार बजे से अगले दिन सुबह चार बजे तक छोटे वाहनों का प्रवेश वर्जित रहेगा। शाम चार से सुबह चार बजे तक न्यू मार्केट चौक से किशोरगंज चौक तक छोटे वाहन नहीं जा सकेंगे। पिस्का मोड़ से हजारीबाग रोड की ओर जाने वाली बड़ी गाड़ियां तिलता चौक, रिंग रोड, लॉ यूनिवर्सिटी होकर जा सकेंगी। हजारीबाग रोड से लातेहार, पलामू, गढ़वा की ओर जाने वाली गाड़ियां रिंग रोड, तिलता चौक होते हुए जाएंगी। खूंटी की ओर से आने वाले बड़े वाहन रिंग रोड होते हुए हजारीबाग की ओर जा सकेंगे। जमशेदपुर से आने वाले भारी वाहनों का भी परिचालन रिंग रोड से होगा। जाम ना लगे इसके लिए 400 अतिरिक्त जवान तैनात किए जाएंगे। दुर्गा पूजा के दौरान ट्रैफिक व्यवस्था दुरुस्त रखने को लेकर शहर के कई रूटों में बदलाव किये गये हैं।

### पुलिसकर्मियों को दिलाई गई बाल विवाह मुक्त भारत बनाने की शपथ



रांची। रांची के गोंदा थाना में सोमवार को थाना प्रभारी रवि ठाकुर की अध्यक्षता में बाल विवाह मुक्त भारत कार्यक्रम के तहत पुलिसकर्मियों को शपथ दिलाई गई। पुलिसकर्मियों ने अपने क्षेत्र को बाल विवाह मुक्त बनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम को सत्यार्थी फाउंडेशन और चाइल्ड राइट्स फाउंडेशन रांची के सहयोग से किया गया। इसमें पुलिस कर्मी और एनजीओ के लोग शामिल हुए। उल्लेखनीय है कि झारखंड में पिछले साढ़े पांच साल में बाल विवाह के 34 मामले सामने आए हैं। इनमें वर्ष 2018 में सात, 2019 में तीन, 2020 में छह, 2021 में सात, 2022 में पांच और वर्ष 2023 में जून तक 6 मामले शामिल हैं। इनमें से 21 मामलों का निष्पादन किया गया और 13 मामले निष्पादन के लिए लंबित हैं।

### रांची के दो प्रतिष्ठित साहित्यकार मानद उपाधि से सम्मानित





रांची। राजधानी रांची के लिए साहित्य के क्षेत्र में एक प्रतिष्ठित उपलब्धि की खबर है। रांची के दो हिंदी साहित्यकारों को उनकी सुदीर्घ हिंदी सेवा, आंचलिक भाषा संवर्धन में सराहनीय योगदान, सारस्वत साधना, कला के क्षेत्र में महत्वपूर्ण उपलब्धि, शैक्षिक प्रदेयों, महनीय शोधकार्य तथा राष्ट्रीय/अन्तर्राष्ट्रीय प्रतिष्ठा के आधार पर थावे विद्यापीठ बिहार की अकादमिक परिषद की अनुशंसा पर प्रतिष्ठित मानद उपाधि प्रदान की गई है। प्रसिद्ध साहित्यकारों क्रमशः डॉ. ममता मनीष सिन्हा को प्रतिष्ठित विद्यासागर (डी लिट) एवं डॉ विनोद सिंह गहरवार को प्रतिष्ठित विद्यावाचस्पति (डॉक्टरेट) की मानद उपाधि से सम्मानित किया गया है। ज्ञातव्य है की डॉ. ममता मनीष सिन्हा पूर्व में भी विक्रमशिला हिंदी विद्यापीठ भागलपुर बिहार से विद्यावाचस्पति (डॉक्टरेट) एवं मौनतीर्थ हिंदी विद्यापीठ उज्जैन मध्यप्रदेश से क्रमशः विद्यावाचस्पति एवं विद्यासागर (डॉक्टरेट/डी लिट) की प्रतिष्ठित उपाधि से सम्मानित हो चुकी हैं। ये हिंदी और भोजपुरी की अंतर्राष्ट्रीय कवयित्री/लेखिका हैं। पेशे से शिक्षक सुप्रसिद्ध साहित्यकार डॉ. विनोद सिंह गहरवार भी हिंदी, अंग्रेजी और भोजपुरी के अंतर्राष्ट्रीय स्तर के गीतकार/कवि/लेखक/ समीक्षक एवं व्यंगकार हैं तथा कैंबरियन पब्लिक स्कूल राँची में अंग्रेजी शिक्षण सेवा दे रहे हैं, अंग्रेजी भाषा कर्म होते हुए भी इनकी मातृभाषा हिंदी के प्रति सेवा निष्ठा स्तुत्य है। वर्तमान में डॉ विनोद सिंह गहरवार 'झारखंड हिंदी साहित्य संस्कृति मंच के सचिव एवं डॉ ममता मनीष सिन्हा मंच कार्यक्रम संयोजक हैं। दोनों साहित्यकारों को सम्मान प्राप्त होने से राजधानी रांची के साहित्य जगत में हर्ष व्याप्त है।

### दल बदलूओं के सहारे भाजपा पार करना चाहती है अपनी नैया : डा. मनोज कुमार



रांची। झारखंड प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल के मुख्य प्रवक्ता डॉ. मनोज कुमार ने भाजपा द्वारा भाजपा के विधायक दल के नेता और सचेतक बनाएं जाने पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि भाजपा दल बदलुओं और दूसरे दल से आए नेताओं के भरोसे चुनावी नैया पार होना चाहती है जो नामुमकिन है। भाजपा को अपने पुराने नेताओं पर भरोसा और विश्वास नहीं है जिसके कारण दूसरे दल से आए नेताओं पर भरोसा और विश्वास किया है और पुराने भाजपा विधायकों पर भाजपा का भरोसा उठ चुका है बोरो प्लेयर ही भाजपा के बने खेवन हार। डॉ. मनोज ने कहा कि भाजपा का यही चाल चरित्र और नीति है जिसे झारखंड कि जनता समझ और जान चुकी है। गाली देने वाले ही आज भाजपा के पसंदीदा नेता बन चुके है। भाजपा के पास नेताओं कि किल्लत है इसलिए जेवीएम से भाजपा में समलित नेता को प्रदेश अध्यक्ष,विधायक दल के नेता और जेएमएम से आए नेता को सचेतक बनाने का काम किया है। भाजपा इन पदों से इन सब को शुसोभित करवा कर साबित कर दिया किया भाजपा के पास इन पदों के लिए कोई नेता नहीं है और न विश्वास है इस लिए दलबदलुओं के सहारे भाजपा।

### सरकार ने मध्याह्न भोजन के लिए नौ करोड़ 72 लाख रुपये किया आवंटित

# सरकारी स्कूल के बच्चों को अब भोजन में मिलेगा हलवा और लड्डू

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राज्य के सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों को अब हलवा और लड्डू मिलेगा। इसके लिए दिशा-निर्देश भी जारी किए गए हैं। मध्याह्न भोजन (मिड डे मील ) के लिए नौ करोड़ 72 लाख रुपये आवंटित किए हैं। इसकी जानकारी झारखंड राज्य मध्याह्न भोजन प्राधिकरण की निदेशक किरण कुमारी पासी ने सभी जिला शिक्षा अधीक्षक को दी है। निदेशक ने पत्र में लिखा है कि प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के कियान्वयन के लिए वर्ष 2023-24 के लिए भारत सरकार से स्वीकृत बजट के आधार पर जिलों को अप्रैल, 2023 से मार्च, 2024 तक 253 दिनों के लिए मेटेरियल कॉस्ट (केन्द्रांश एवं



राज्यांश मद) की राशि का पोर्टल आधारित आवंटन कर दिया गया है। निदेशक ने लिखा है कि मेटेरियल कॉस्ट की आवंटित राशि से ही मध्याह्न भोजन के अतिरिक्त रागी (महुआ) हलवा / रागी लड्डू दिया जाना है। वर्तमान में आवंटित राशि में से आठ दिनों के लिए व्यय के लिए प्राधिकार दिया जा रहा है। जिला शिक्षा अधीक्षक आवंटित राशि का प्रखंड स्तर पर तीन दिनों के अन्दर उपआवंटन और प्रखंड स्तर से सात दिनों के अंदर विद्यालय को देना सुनिश्चित करेंगे। रागी (मडुआ) हलवा / लड्डू के लिए केन्द्रांश एवं राज्यांश मद की राशि आठ दिनों के लिए (माह में 4 दिन) प्रति छात्र 4.15 रुपये की दर से आवंटित किया गया है। रागी लड्नु प्रत्येक सप्ताह में बुधवार (कार्य दिवस के अनुसार) को दिया जाय। बुधवार को कार्य दिवस नहीं होने की स्थिति में अगले कार्यदिवस को दिया जाय। रागी (मडुआ) हलवा / लड्डू बनाने की विधि नमूना के तौर पर पत्र के साथ संलग्न किया गया है। साथ ही, रसोइया सह सहायिका के प्रशिक्षण मॉड्यूल में भी इसका उल्लेख किया गया है।

### अवैध शराब के खिलाफ छापेमारी पांच लोग गिरफ्तार

रांची। उत्पाद विभाग की टीम ने सोमवार को रांची जिले के चार थाना क्षेत्रों में अवैध शराब के खिलाफ छापेमारी की। सहायक आयुक्त उत्पाद के निर्देश पर सब-इंस्पेक्टर प्रकाश मिश्रा के नेतृत्व में छापेमारी टीम का गठन किया गया था। टीम ने कोतवाली थाना के गाड़ीखाना, चुटिया थाना के सिरमटोली, नामकुम थाना के सामलोंग और एयरपोर्ट थाना के हेथु में छापेमारी की। छापेमारी के दौरान 1200 किलो जावा महुआ, 197 लीटर अवैध महुआ शराब और एक स्कूटी बरामद की गई है। टीम ने अवैध रूप में शराब बेचने के मामले में भरत महतो, उमेश कुमार, बसंत तिर्की, जॉनसन लकड़ा और जार्ज नामक लोगों को गिरफ्तार किया है, जबकि दो लोग फरार हो गए।

### रोम में दिवंगत कार्डिनल तेलेस्फोर पी टोप्पो को दी गई श्रद्धांजलि


रांची। ग्रेगोरियन यूनिवर्सिटी रोम, इटली में फादर प्रेम खलखो की अगुवाई में दिवंगत कार्डिनल तेलेस्फोर पी टोप्पो के श्रद्धांजलि कार्यक्रम एवं पवित्र यूखारिस्त का आयोजन हुआ। कार्डिनल के फोटो पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम की शुरूआत की गयी। कार्डिनल के पूर्व सचिव फादर सुशील टोप्पो ने कार्डिनल के जीवन पर प्रकाश डाला और कहा कि समाज सेवा करते हुए उन्हें झारखंड रत्न से सम्मानित किया गया था। वे एशिया के पहला आदिवासी कार्डिनल थे।

### महाभारत के चक्रव्यूह की थीम पर बन रहा है बकरी बाजार का पंडाल

# लाइटिंग की सजावट भी दर्शकों को खूब लुभाएगी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राजधानी रांची में अब दशहरा पर्व को बाजारों में माहौल दिखने लगा है। लोग अपनी-अपनी खरीदारी में जुट गये हैं। दशहर महापर्व के प्रति लोगों को उत्साह अब देखने को मिल रहा है। इसके साथ ही शहर में बन रहे पंडालों के निर्माण में भी तेजी होने लगी है। बाहर से आये कारीग अपनी कला का जोहर दिखाने में लगे हैं। पंडाल के निर्माण में अब जोर पड़कने लगा है। कुछ इसी तरह बने रहे रांची में भारतीय नवयुवक संघ, बकरी बाजार में इस वर्ष दुर्गा पूजा के अवसर पर भव्य पंडाल का निर्माण कराया जा रहा है। पूरे परिसर में लाइटिंग की विशेष साज-सज्जा लोगों का दूर से ही अपनी आकर्षित करेगा। समिति के अध्यक्ष अशोक चौधरी ने बताया कि इस वर्ष पंडाल की थीम महाभारत के चक्रव्यूह पर आधारित है। श्रद्धालुओं को



एहसास होगा कि वे किसी चक्रव्यूह के अंदर हैं और मां की प्रतिमा का दर्शन करने के लिए उन्हें इसे पार करना होगा। कुल मिलाकर श्रद्धालुओं को अलग तरह के रोमांच का अनुभव होगा। बिना चक्रव्यूह पार किए मां का दर्शन नहीं होगा। उन्होंने बताया कि बुर्जुगों को लिए दर्शन की अलग व्यवस्था की गई है। ताकि उन्हें भीड़ में कोई परेशानी नहीं हो। अशोक चौधरी ने बताया कि बकरी बाजार में 1958 से लगातार मां की पूजा की जा रही है। हमारी कोशिश होती है कि हर वर्ष श्रद्धालुओं को कुछ नया देखने को मिले। विशेष आकर्षण- अशोक चौधरी ने बताया कि पंडाल के अंदर भी मां का श्रृंगार भव्य तरीके से किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि पिछले 2 महीने से 60 से अधिक कारीगर दिन-रात काम में लगे हुए हैं। मां की प्रतिमा 12 फीट की है वहीं पंडाल की लंबाई 190 फीट, चौड़ाई 120 फीट और ऊंचाई 70 फीट है। पंडाल के निर्माण में 50-60 लाख रुपए का खर्च आ रहा है। उन्होंने बताया कि इस पंडाल का रंग दिन में तीन बार बदलेगा। मां की मूर्ति भी स्वर्णजड़ित नजर आएगी, मां के अस्त्र-शस्त्र भी सोने की तरह नजर आएंगे। सुरक्षा की व्यवस्था- श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए इस वर्ष विशेष सुरक्षा की व्यवस्था की जा रही है। पूरे परिसर में सीसीटीवी कैमरे से निगरानी की जाएगी। इसके साथ ही 30 सेक्युरिटी गार्ड महिला एवं पुरूष तैनात किए जाएंगे। इसके अलावा समिति के 40 से अधिक वालिंटियर श्रद्धालुओं की समस्या पर ध्यान देंगे, किसी भी तरह की परेशानी नहीं हो इसके लिए लोगों की मदद करेंगे। पंडाल परिसर में बच्चों और बड़ों हर किसी के मनोरंजन के लिए कई तरह के झूले और स्टॉल लगाये जा रहे हैं। पंडाल का उद्घाटन राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन चतुर्थी बुधवार को शाम 6 बजे करेंगे।

## पृष्ठ एक के शेष

**ट्रक सहित भारी मात्रा में शराब की...**

बाद माफिया उसे कॉल करते थे और गाइड करते थे। झारखंड के इलाके में दाखिल होने के बाद उसे जानकारी मिली कि शराब को बिहार के इलाके में भेजी जानी है। गौरतलब हो कि शराब माफिया शराब की तस्करी के लिए नए नए रूट का इस्तेमाल कर रहे हैं। पहले शराब की खेप ओडिशा और छत्तीसगढ़ से पलामू होते हुए बिहार भेजी जा रही थी। पहली बार यूपी के रास्ते झारखंड होते हुए शराब बिहार जा रही थी। पलामू में हाल के दिनों में बड़ी शराब की खेप पकड़ी गई है।

**बड़े पैमाने पर हो रही हैं...**

ऐसे में सरकारी विद्यालयों के बच्चे पीछे नहीं रह जाएं, इसी को ध्यान में रखकर सरकारी विद्यालयों को निजी विद्यालयों की तर्ज पर अपग्रेड किया जा रहा है। स्कूल ऑफ एक्सीलेंस खोले गए हैं। आदर्श विद्यालयों में शिक्षा की बेहतर सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। सभी श्रेणी के विद्यालयों में आधारभूत संरचना मजबूत किया जा रहा है। बच्चों को डिजिटल माध्यम से शिक्षा देने की पहल हो रही है। मुख्यमंत्री ने नवनियुक्त शिक्षकों से कहा कि आप स्कूलों में पठन-पाठन के साथ बच्चों की छिपी प्रतिभाओं को पहचान कर उसे निखारने का काम करें। कई बच्चे खेल, चित्रकला, गीत, नृत्य और संगीत जैसे विधाओं में प्रतिभा संपन्न होते हैं, लेकिन उन्हें मौका नहीं मिल पाता है। ऐसे में आप उन्हें आगे लाने में अपनी अहम जिम्मेदारियां को जरूर निभाएं।

**डिलीवरी ब्वॉय से लेकर कैब...**

चुकी है। इस कानून का पालन न करने पर सैकड़ों कंपनियों के खिलाफ कार्रवाई भी हुई है। राज्य के विभिन्न औद्योगिक-व्यापारिक प्रतिष्ठानों या निजी-सरकारी संस्थानों में कॉन्ट्रैक्ट पर काम करने वाले मजदूरों के मिनिमम वेजेज की भी समीक्षा की जा रही है। इन्हें उनके कार्यक्षेत्रों और काम की प्रकृति के आधार पर अलग-अलग श्रेणियों में बांटकर उनकी न्यूनतम मजदूरी बढ़ाने की सिफारिश की जाएगी। इसके तहत राज्य के शहरों को तीन श्रेणियों में बांटे जाने की तैयारी है। रांची, जमशेदपुर, धनबाद, बोकारो सहित बड़े शहरों में कार्यरत कर्मचारियों को 'ए', नगर निगम-नगर पालिका व नगर पर्षद में कार्यरत कर्मचारियों को 'बी' और ग्रामीण व सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में कार्यरत कर्मचारियों को 'सी' श्रेणी में रखा जाएगा और इसी मापदंड के आधार पर न्यूनतम मजदूरी का निर्धारण किया जाएगा।

**जातीय समीकरण पर...**

बाबूलाल मरांडी को कुछ दिन पहले ही भाजपा ने पार्टी की कमान दी थी। बाबूलाल 2024 के लक्ष्य को देखते हुए राज्य में संकल्प यात्रा कर कार्यकर्ताओं को एक्टिव कर रहे हैं और पार्टी के पक्ष में माहौल बना रहे हैं। बाबूलाल झारखंड में बेदाग छवि वाले एक बड़े आदिवासी नेता हैं। वह झारखंड के पहले मुख्यमंत्री भी रहे हैं। हालांकि 14 सालों तक वह बीजेपी से अलग अपनी पार्टी चलाते रहे लेकिन 2020 में फिर से बीजेपी में शामिल हो गए। फिलहाल बीजेपी उन्हें आगे बढ़ाकर राज्य में आदिवासी कार्ड खेल रही है। इनके अलावा झारखंड में तीन और दिग्गज नेता हैं, जिन्हें पार्टी और सरकार में जिम्मेवारी मिली हुई है। तीन बार झारखंड में मुख्यमंत्री रहे अर्जुन मुंडा राज्य के बड़े आदिवासी नेता हैं, उन्हें पीएम मोदी की सरकार में आदिवासी मंत्रालय की जिम्मेवारी मिली हुई है। पिछड़े समाज से आने वाली अन्नपूर्णा देवी भी मोदी की टीम में हैं। उन्हें केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री की जिम्मेवारी मिली हुई है। वहीं पिछड़े वर्ग के नेता और झारखंड में पहली बार मुख्यमंत्री का कार्यकाल पूरा करने वाले नेता रघुवर दास को पार्टी में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष की जिम्मेवारी मिली हुई है। बिरंची नारायण ओबीसी वर्ग से आते हैं, वह विधानसभा में पार्टी के मुख्य सचेतक हैं। भाजपा ने आगामी लोकसभा और विधानसभा चुनाव को देखते हुए सियासी समीकरण सेट कर दिया है।

### संजय सर्राफ को उत्कृष्ट कार्यों के लिए किया गया सम्मानित

रांची। मारवाड़ी सहायक समिति रांची द्वारा सामाजिक एवं मीडिया के क्षेत्र में उत्कृष्ट एवं कुशल कार्यों के लिए मारवाड़ी सहायक समिति के प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी सह सामाजिक कार्यकर्ता संजय सर्राफ को वर्ष 2021-23 के लिए विशिष्ट सम्मान से सम्मानित किया गया। मारवाड़ी सहायक समिति के अध्यक्ष अशोक कुमार नारसरिया ने संजय सर्राफ मोमेंटो, पुष्प गुच्छ एवं अंग वस्त्र ओढ़ाकर कर सम्मानित किया?। अशोक कुमार नारसरिया ने बधाई देते हुए कहा कि संजय सर्राफ ने विगत कई वर्षों से सामाजिक कार्यों एवं मीडिया के क्षेत्र में उत्कृष्ट पहचान बनाई है। तथा समाज मे किए जाने वाले हर सामाजिक कार्यों का सभी प्रिंट मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया एवं सोशल मीडिया में प्रमुखता से प्रकाशन करवाते हुए समाज के कार्यों को पूरे झारखंड में जन-जन तक पहुंचाने का बेहतरीन एवं प्रशंसनीय कार्य किया है तथा झारखंड के विभिन्न सामाजिक संस्थाओं में मीडिया के हर कार्य क्षेत्र में कुशलता पूर्वक कार्य कर रहे हैं। वर्तमान में वे अग्रसत्ता राष्ट्रीय पत्रिका के प्रदेश संपादक, रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन, मारवाड़ी सहायक समिति, अग्रवाल सभा, कवि सम्मेलन आयोजन समिति, पवित्रम गोसेवा परिवार, राष्ट्रीय सनातन एकता मंच, झारखंड पेरेंट्स एसोसिएशन, विश्व हिंदू परिषद सेवा विभाग मे प्रवक्ता व मीडिया प्रभारी के रूप में कार्यरत हैं तथा वे पेरालिंपिक कमेटी ऑफ झारखंड के पूर्व स्टेट मीडिया को-ऑर्डिनेटर, झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन एवं झारखंड प्रादेशिक अग्रवाल सम्मेलन के पूर्व प्रांतीय प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी रह चुके हैं।

### सहकार भारती क्रेडिट सोसाइटी ने लगाए पोस्टर

रांची। सहकार भारती क्रेडिट सोसाइटी का राष्ट्रीय अधिवेशन दो और तीन दिसंबर को दिल्ली के कृषि भवन में आयोजित है। सोमवार को राष्ट्रीय अधिवेशन को लेकर सहकार भारती के जिला अध्यक्ष राकेश चौधरी एवं जिला के अन्य पदाधिकारियों ने क्रेडिट सोसाइटी में जाकर संपर्क किया एवं दिल्ली चलो का पोस्टर लगाने का काम किया। पोस्टर लगाने एवं संपर्क करने में जिला अध्यक्ष के साथ गृह निर्माण समिति के प्रमुख सुजीत झा, आनंद तिवारी, भारती चौधरी, आनंद कुमार विशेष रूप से शामिल थे।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला।
rdsdgumla123@gmail.com

शुद्धि पत्र

इस कार्यालय के पत्रांक 1951 दिनांक 10.10.2023 द्वारा प्रकाशित ई0–टेंडरिंग अल्पकालीन आमंत्रण सूचना–RDD/SD/GUMLA/14/2023-24 जिसका पी०आर० PR 308833 Rural Development (23-24)_D है, अपरिहार्य कारणों से आंशिक संशोधन किया जाता है, जो निम्नवत है:–

क्रमांक 4. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा ही स्वीकार्य होगी।

क्रमांक 5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में राशि अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदही संवेदक की होगी।

क्रमांक 6 एवं क्रमांक 11 को विलापित समझा जाय।

निविदा की अन्य शर्तें यथावत रहेंगी

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला

PR 309250 Rural Development(23-24)D




## फॉर्म में चल रही द.अफ्रीका के सामने नीदरलैंड की चुनौती कमजोर



**एजेंसी। धर्मशाला**

विश्व कप में अब तक शानदार फॉर्म में चल रही दक्षिण अफ्रीका ने विरोधी टीमों के लिये खतरे की घंटी बजा दी है और मंगलवार को नीदरलैंड पर शानदार जीत दर्ज करके वह अपनी स्थिति और मजबूत करने उतरेगी । पिछले दो मैचों में दक्षिण अफ्रीका ने दिखा दिया कि अब वह 'चोकर्स' (दबाव के आगे घुटने टेकने वाले) का ठप्पा हटाने के इरादे से आये हैं । दिल्ली में पहले मैच में श्रीलंका के खिलाफ पांच विकेट पर 428 रन का रिकॉर्ड स्कोर बनाने के बाद उसने 102 रन से जीत दर्ज की । इसके बाद लखनऊ में पांच बार की चैम्पियन आस्ट्रेलिया को हराया।

ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड की टीमें जहां अपने रसूख के अनुरूप नहीं खेल पा रही है, वहीं दक्षिण अफ्रीका ने हर विभाग में दमदार खेल दिखाया है। विकेटकीपर बल्लेबाज क्विंटोन डिकॉक, शीर्ष क्रम के बल्लेबाज रासी वान डेर डुसेन और एडेन मार्कराम ने प्रभावित किया है । तीनों ने श्रीलंका के खिलाफ शतक जमाये जबकि हेनरिच क्लासेन और डेविड मिलर ने भी उपयोगी पारियां खेली। श्रीलंकाई बल्लेबाजों के सामने उसके गेंदबाज उतने प्रभावी नहीं रहे लेकिन अगले मैच में आस्ट्रेलिया के खिलाफ उन्होंने वापसी की। डिकॉक ने लगातार दूसरा शतक जमाया जबकि गेंदबाजी में मार्को जेनसेन और कैगिसो रबाडा प्रभावी रहे । दक्षिण अफ्रीका ने यह मैच 177 रन से जीता। नीदरलैंड के खिलाफ दक्षिण अफ्रीका की नजरें बड़े अंतर से जीत दर्ज करने पर लगी होगी। नीदरलैंड ने टी20 विश्व कप 2009 में इंग्लैंड को लॉडर्स पर हराकर उलटफेर किया था। स्कॉट एडवर्डस की अगुवाई वाली टीम उस जीत से प्रेरणा लेना चाहेगी लेकिन टी20 और वनडे क्रिकेट में जमीन आसमान का अंतर है। वैसे क्रिकेट में चमत्कार होते हैं और दिल्ली में रविवार को अफगानिस्तान ने मौजूदा चैम्पियन इंग्लैंड को हराकर मात दी।

## ऑस्ट्रेलिया ने विश्व कप में दर्ज की पहली जीत

# श्रीलंका को पांच विकेट से दी शिकस्त

**एजेंसी। लखनऊ**

ऑस्ट्रेलियाई टीम को आखिरकार क्रिकेट विश्व कप 2023 में अपनी पहली जीत का स्वाद लखनऊ के मैदान पर चखने को मिला। श्रीलंका के खिलाफ खेले गए मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया ने श्रीलंका को क्रिकेट के तीनों विभागों में मात दे दी। हालांकि श्रीलंकाई टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए पथुम निसांका (61) और कुसल परेरा (78) की बदौलत अच्छी शुरूआत की थी। लेकिन ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों ने श्रीलंका को मध्यक्रम बुरी तरह चकनाचूर कर दिया और टीम को 209 रन पर ही रोक दिया।

जवाब में खेलने उतरी ऑस्ट्रेलियाई टीम ने भले ही डेविड वार्नर और स्टीव स्मिथ का विकेट जल्द गंवा दिया। लेकिन मिचेल मार्श ने 52, मार्नेस लाबुछेन ने 40 तो जोश इंगलिश ने 58 रन बनाकर ऑस्ट्रेलियाई टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया। अंत में ग्लेन मैक्सवेल ने क्रीज पर आकर बड़े शॉट लगाए और टीम को 5 विकेट से जीत दिला दी।

इससे पहले श्रीलंका ने अच्छी शुरूआत की और पहले विकेट के 125 रन की साझेदारी की। कुसल परेरा और पथुम निसांका के बीच साझेदारी पेट कमिंस की 22वें ओवर की चौथी गेंद पर टूटी जब निसांका वार्नर के हाथों कैच आउट हो गए। निसांका ने 67 गेंदों पर 61 रन बनाए जिसमें 8 चौके भी शामिल थे। टीम अभी इससे उभरी नहीं थी कि कुसल परेरा 27वें ओवर की दूसरी गेंद पर कमिंस के हाथों बोल्ड हो गए। वह गेंद को पढ़ नहीं पाए और गेंद विकेट्स से जा लगी। उन्होंने 82 गेंदों पर 12 चौकों की मदद से 78 रन बनाए। 28वें ओवर की अंतिम गेंद पर जम्पा ने कुसल मेंडिस (9) को वार्नर के हाथों कैच आउट करवाया जो क्रीज पर पांव जमाने की कोशिश में थे। सदीरा समरविक्रमा (8) को 30वें ओवर की पहली गेंद पर जम्पा ने एलबीडब्ल्यू किया। बारिश के कारण मैच कुछ देर के लिए रूका और शुरू होने के बाद धनंजय डी सिल्वा (7) स्टार्क के हाथों 33वें ओवर की तीसरी गेंद पर बोल्ड हुए। इसके बाद डुनिथ वेललेज (2) को रन आउट होना पड़ा। 38वें ओवर की आखिरी गेंद पर जम्पा ने चमिका करुणारत्ने (2) को एलबीडब्ल्यू किया। महेश थीक्षणा (0) जम्पा की 40वें ओवर की दूसरी गेंद पर एलबीडब्ल्यू आउट हुए।



### वर्ल्ड कप 2023 पॉइंट्स टेबल

| टीम | मैच | जीत | हार | नेट प्वाइंट्स | नेट प्वाइंट्स |
|---|---|---|---|---|---|
| भारत | 3 | 3 | 0 | 6 | +1.821 |
| न्यूजीलैंड | 3 | 3 | 0 | 6 | +1.604 |
| सा. अफ्रीका | 2 | 2 | 0 | 4 | +2.360 |
| पाकिस्तान | 3 | 2 | 1 | 4 | -0.137 |
| इंग्लैंड | 3 | 1 | 2 | 2 | -0.084 |
| अफगानिस्तान | 3 | 1 | 2 | 2 | -0.652 |
| बांग्लादेश | 3 | 1 | 2 | 2 | -0.699 |
| ऑस्ट्रेलिया | 3 | 1 | 2 | 2 | -0.734 |
| श्रीलंका | 3 | 0 | 3 | 0 | -1.532 |
| नीदरलैंड्स | 2 | 0 | 2 | 0 | -1.800 |

### स्कोर बोर्ड

| श्रीलंका | रन | बॉल | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| पथुम निसंका | 61 | 67 | 8 | 0 |
| कुसल परेरा | 78 | 82 | 12 | 0 |
| कुसल मेंडिस | 9 | 13 | 0 | 0 |
| सदीरा समराविक्रमा | 8 | 8 | 1 | 0 |
| चरिथ असलंका | 25 | 39 | 0 | 1 |
| धनंजय डीसिल्वा | 7 | 13 | 1 | 0 |
| दुनिथ वेल्लालगे | 2 | 9 | 0 | 0 |
| चमिका करुणारत्ना | 2 | 11 | 0 | 0 |
| महीश थीक्षणा | 0 | 5 | 0 | 0 |
| लाहिरू कुमारा | 4 | 8 | 1 | 0 |
| दिलशान मदुशंका | 0 | 6 | 0 | 0 |

**अतिरिक्त :** 13, **कुल :** 209/10 (43.3 ओवर)
**विकेट पतन:** 1-125, 2-157, 3-165, 4-166, 5-178, 6-184, 7-196, 8-199, 9-204, 10-209 . डीआरएस
**गेंदबाजी :** मिचेल स्टार्क 10-0-43-2, जॉश हेजलवुड 7-1-36-0, पैट कमिंस 7-0-32-2, ग्लेन मैक्सवेल 9.3-0-36-1, ऐडम जैम्पा 8-1-47-4, मार्कस स्टॉयनिस 2-0-11-0

| ऑस्ट्रेलिया | रन | बॉल | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| मिचेल मार्श | 52 | 51 | 9 | 0 |
| डेविड वॉर्नर | 11 | 6 | 0 | 1 |
| स्टीव स्मिथ | 0 | 5 | 0 | 0 |
| मार्नस लाबुशेन | 40 | 60 | 2 | 0 |
| जॉश इंग्लस | 58 | 59 | 5 | 1 |
| ग्लेन मैक्सवेल | 31 | 21 | 4 | 2 |
| मार्कस स्टॉयनिस | 20 | 10 | 2 | 1 |

**अतिरिक्त :** 03, **कुल :** 215/5 (35.2 ओवर)
**विकेट पतन:** 1-24, 2-24, 3-81, 4-158, 5-192 .डीआरएस
**गेंदबाजी :** लाहिरू कुमारा 4-0-47-0, दिलशान मदुशंका 9-2-38-3, महीश थीक्षणा 7-0-49-0, दुनिथ वेल्लालगे 9.2-0-53-1, चमिका करुणारत्ना 3-0-15-0, धनंजय डीसिल्वा 3-0-13-0

## डीपीएस रांची की बास्केटबॉल बॉल टीम टूर्नामेंट में बनी चैंपियन



### अलिशा सिंह को बेस्ट प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट पुरस्कार से सम्मानित

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

दिल्ली पब्लिक स्कूल, दुर्ग, छत्तीसगढ़ द्वारा आयोजित इंटर डीपीएस बास्केटबॉल टूर्नामेंट (गर्ल्स) प्रतियोगिता के फाइनल मैच में दिल्ली पब्लिक स्कूल (डीपीएस) रांची की टीम ने दिल्ली पब्लिक स्कूल, नुमालीगढ़ की टीम को पराजित कर चैंपियन बनी। प्रतियोगिता में झारखंड, छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल एवं असम राज्य के 07 डीपीएस विद्यालयों कि टीमों ने प्रतिभागिता दर्ज कराई।

इस प्रतियोगिता के फाइनल मैच में डीपीएस रांची और डीपीएस नुमालीगढ़ के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा देखी गई। दोनों टीमों ने पूरे खेल के दौरान अनुकरणीय कौशल, टीम वर्क और दृढ़ संकल्प का प्रदर्शन किया लेकिन खेल के अंत में, डीपीएस रांची ने 33 - 22 के अंतिम स्कोर के साथ जीत हासिल की। यहां यह उल्लेखनीय है कि डीपीएस रांची की टीम ने सेमीफाइनल में डीपीएस रूबी पार्क, कोलकाता (पश्चिम बंगाल) को हराया था। इसके अलावा, लीग मैचों में टीम डीपीएस रांची ने डीपीएस, बिलासपुर (छत्तीसगढ़), डीपीएस कोरबा (छत्तीसगढ़) और डीपीएस, मेगासिटी (पश्चिम बंगाल) की टीमों को भी हराया।

इस अवसर पर अलिशा सिंह (कक्षा क) को 'बेस्ट प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट' पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इसी के साथ ही, डीपीएस राँची की गर्ल्स एवं बॉयज की बास्केटबॉल टीम इस प्रतियोगिता के राष्ट्रीय स्तर के लिए भी क्वालीफाई कर गई है। राष्ट्रीय स्तर का आयोजन प्रयागराज, उत्तरप्रदेश (बालिका वर्ग) एवं दिल्ली (बालक वर्ग) में किया जाएगा।

इस बेमिसाल परिणाम से हर्षित होकर डीपीएस रांची के प्राचार्य डॉ. राम सिंह ने कहा, इंटर डीपीएस बास्केटबॉल टूर्नामेंट में यह जीत डीपीएस रांची के छात्रों की प्रतिभा और दृढ़ संकल्प का प्रमाण है। यह विद्यालय के लिए बहुत गर्व की बात है की बालक एवं बालिका वर्ग में डीपीएस रांची की टीम राष्ट्रीय स्तर में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने के लिए चयनित हो चुकी है। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को बधाई दी एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामना की।

## अक्षिता को निशानेबाजी में कांस्य पदक




**प्रयागराज।** ईगल आई शूटिंग अकादमी प्रयागराज की प्रशिक्षु अक्षिता ने शिमला में 06 से 14 अक्टूबर तक आयोजित ऑल इंडिया कुमार सुरेंद्र सिंह इंटर स्कूल चैम्पियनशिप में एयर राइफल वर्ग में कांस्य पदक जीत कर प्रदेश के साथ-साथ जिले का नाम रोशन किया। अकादमी के राइफल कोच फरीद सिद्दीकी व पिस्टल कोच विजय चंदेल ने बताया कि प्रतियोगिता में लगभग 4200 निशानेबाजों ने प्रतिभाग किया। अक्षिता प्रतिदिन छह घंटे अभ्यास करती हैं, ताकि वह अन्तरराष्ट्रीय स्तर पर अच्छा प्रदर्शन कर सकें। उन्होंने बताया कि अकादमी के 48 निशानेबाज अगले माह 15 नवम्बर से दिल्ली और भोपाल में आयोजित 66वीं नेशनल शूटिंग चैम्पियनशिप में उत्तर प्रदेश टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे।

## धर्मशाला में भारी बारिश से नीदरलैंड-इंडिया के मैच पर संकट, एचपीसीए की उड़ी नींद

**एजेंसी। धर्मशाला**

स्थानीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में मंगलवार को दक्षिण अफ्रीका और नीदरलैंड के बीच खेले जाने वाले आईसीसी वनडे विश्वकप के लीग मैच पर मौसम खलल डाल सकता है। मैच से एक दिन पहले हुई भारी बारिश ने एचपसीए सहित क्रिकेट प्रेमियों के चेहरों पर मायूसी ला दी है। हालांकि एचपीसीए का मानना है कि यह मैच पूर्व में हुए दो मैचों की तरह ही पूरा होगा। धर्मशाला में विश्व कप के लीग मैच से एक दिन पहले बारिश होने से इस मैच के होने पर संकट की चर्चा शुरू हो गई है। सोमवार को अचानक बदले मौसम के मिजाज के बाद सुबह से ही तेज हवाओं के साथ जोरदार बारिश होती रही जिससे एचपीसीए को मैदान को कवर करना पड़ा। हालांकि दोपहर बाद बारिश थम गई जिससे एपचीसीए ने भी थोड़ा राहत की सांस ली है। मौसम विभाग की मानें तो मंगलवार को मैच वाले दिन भी धर्मशाला में दोपहर तक मौसम के खराब रहने का पूवार्नुमान है। इस दौरान बारिश की भी संभावना बनी हुई है। हालांकि मैच दोपहर बाद दो बजे से शुरू होना है इसलिए तबतक मौसम के साफ होने की उम्मीद है। एचपीसीए के मीडिया मैनेजर मोहित सूद ने कहा कि बेशक मौसम ने करवट बदली है लेकिन कल दोपहर बाद धर्मशाला में मैच होना है। ऐसे में तब तक मौसम साफ रहेगा और यह मैच अन्य मैचों की तरह पूरा होगा। उल्लेखनीय है कि मंगलवार को एचपीसीए के धर्मशाला क्रिकेट मैदान पर दक्षिण अफ्रीका और नीदरलैंड के बीच विश्व कप का लीग मैच खेला जाना है। धर्मशाला को मिले पांच मैचों में से यह तीसरा मैच है।



### धर्मशाला में 22 अक्टूबर को न्यूजीलैंड से खेलेगी इंडिया

आईसीसी क्रिकेट विश्व कप के धर्मशाला में 22 अक्टूबर को सबसे अहम मैच होगा। इस दिन टीम इंडिया न्यूजीलैंड के साथ अपना लीग मैच खेलने के लिए उतरेगी। धर्मशाला में इस मैच को लेकर एचपीसीए सहित क्रिकेट प्रशंसकों में काफी उत्साह है।

### पहाड़ियों पर ताजा हिमपात से मैच में दिखेगा खूबसूरत नजारा

विश्व के खूबसूरत क्रिकेट स्टेडियमों में से धर्मशाला से सामने दिखने वाली धौलाधार की पहाड़ियों पर सोमवार को एक बार फिर बर्फ की सफेद बिछ गई है। इससे ठंड बढ़ गई है। वहीं स्टेडियम और धौलाधार की बर्फ से ढकी पहाड़ियों की खूबसूरती टीवी पर मैच देखने वाले दर्शकों के लिए भी आर्कषण का केंद्र रहने वाली हैं।

### 400 से अधिक ने किया है अप्लाई, 150 की है क्षमता

धर्मशाला में 22 अक्टूबर को भारत और न्यूजीलैंड के होने वाले मैच को लेकर मीडिया वर्ग के लोगों में भी उत्साह है। यहां अभी तक खेले गए दो मैचों के दौरान बेशक मीडिया बॉक्स खाली दिखा, लेकिन आने वाले 22 अक्टूबर को इस मैच के दौरान कई पत्रकारों को इस मैच को कवर करने का मौका नही मिलने वाला है। इस मैच को कवर करने के लिए 400 से अधिक मीडियापर्सन ने अप्लाई किया है, लेकिन इसकी क्षमता केवल 150 है। आईसीसी की टीम छंटनी करके ही सिर्फ 150 पत्रकारों को ही मीडिया बॉक्स में एंट्री देने वाली है।

## स्पेन, स्कॉटलैंड और तुर्किए ने यूरो 2024 के लिए किया क्वालीफाई

**मैड्रिड।** स्पेन, स्कॉटलैंड और तुर्किए ने यूरो 2024 के लिए किया क्वालीफाई कर लिया है। युवा गावी के एकमात्र गोल की बदौलत स्पेन ने रविवार (15 अक्टूबर) को नॉर्वे पर 1-0 की जीत के साथ यूरो 2024 के लिए क्वालीफाई कर लिया। 19 वर्षीय मिडफील्डर ने अपने 25वें मैचों में अपना पांचवां अंतरराष्ट्रीय गोल करके 2008 और 2012 के चैंपियन को जीत दिलाई। स्पेन की जीत के साथ ही स्कॉटलैंड ने भी यूरो 2024 के लिए क्वालीफाई कर लिया, जबकि नॉर्वे की उम्मीदें समाप्त हो गईं। जॉर्जिया की साइप्रस पर पहले 4-0 की जीत ने ग्रुप ए में प्रतिस्पर्धा में बने रहने की नॉर्वे की उम्मीदों को जीवित रखा था लेकिन स्पेन के परिणाम ने उस संभावना को समाप्त कर दिया। लातविया पर 4-0 की शानदार जीत के बाद तुर्किए ने ग्रुप डी से क्वालीफाई कर लिया, जिसमें एवर्टन के पूर्व स्ट्राइकर सेनक तोसुन ने अंतिम मिनटों में दो गोल किए।

## रिंकू सिंह टी20 विश्व कप टीम का हिस्सा बनें : आकाश चोपड़ा

**एजेंसी। नई दिल्ली**

पूर्व भारतीय क्रिकेटर आकाश चोपड़ा ने युवा और प्रतिभाशाली बल्लेबाज रिंकू सिंह को टी20 विश्व कप 2024 के लिए टीम इंडिया में शामिल करने की बात कही है। आईपीएल 2023 के दौरान गुजरात टाइटन्स के तेज गेंदबाज यश दयाल के एक ओवर में पांच छक्के लगाने के बाद रिंकू सुर्खियों में आ गए। उन्होंने कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए 14 मैचों में 474 रन बनाकर शानदार प्रदर्शन किया था।

कई सीजन तक घरेलू क्रिकेट और आईपीएल 2023 में शानदार प्रदर्शन करने के बाद, रिंकू को अगस्त में आयरलैंड के खिलाफ श्रृंखला में पहली बार टीम इंडिया में बुलाया गया। बाद में उन्हें एशियाई खेलों के लिए टीम में नामित किया गया।



जियो सिनेमा के शो 'आकाशवाणी' में बोलते हुए, चोपड़ा ने पांच खिलाड़ियों को चुना जिनके प्रदर्शन पर वह सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के दौरान बारीकी से नजर रखेंगे और रिंकू का नाम सूची में शीर्ष पर था। चोपड़ा ने कहा, हर किसी ने रिंकू सिंह को खेलते हुए देखा है और सब जानते हैं कि वह क्या करने में सक्षम हैं। मैं उन्हें टी20 विश्व कप 2024 में भारतीय टीम का हिस्सा बनते देखना चाहता हूं। उन्होंने एशियाई खेलों में अच्छी पारी खेली थी। उससे पहले, उन्होंने यूपी टी20 लीग में अच्छा प्रदर्शन किया था। इसलिए, उन्हें मौका मिलना चाहिए।

### अफगानिस्तान से मिली हार पर बटलर ने कहा

## विकेट बिल्कुल वैसा नहीं था जैसा हमने सोचा था



**एजेंसी। नई दिल्ली**

अफगानिस्तान ने गत चैंपियन इंग्लैंड को रविवार को 69 रन रन से हराकर एक बड़ा उलटफेर किया। इंग्लैंड के पास अफगानिस्तान के स्पिन की कोई तोड़ नहीं थी और दिल्ली में परिस्थितियों को अच्छी तरह से न समझ पाने के कारण इंग्लिश टीम को नुकसान उठाना पड़ा। इंग्लिश टीम इस मैदान पर 285 के लक्ष्य का पीछा नहीं कर सकी, जहां दक्षिण अफ्रीका-श्रीलंका मैच में 754 रन बने थे और भारत ने चार दिन पहले ही अफगानिस्तान के 272 रनों के लक्ष्य का आसानी से पीछा किया था। मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में उदास दिख रहे जोस बटलर ने कहा, देखिए, हम हमेशा सकारात्मक खेलना चाहते हैं और आक्रामक होना चाहते हैं और कुछ दिन आप उतना अच्छा नहीं खेल पाते जितना आप चाहते हैं।

उन्होंने कहा, हालांकि अफगानिस्तान ने हम पर अच्छा दबाव बनाया, लेकिन हो सकता है कि विकेट बिल्कुल वैसा नहीं था जैसा हमने सोचा था कि यह खेलेगा और हो सकता है ओस भी उतनी नहीं आई जितना हमने सोचा था। जाहिर है, हमारे स्पिनरों ने वास्तव में अच्छी गेंदबाजी की और अफगानिस्तान ने अच्छा प्रदर्शन किया। अफगानिस्तान की टीम में कुछ शानदार स्पिनर हैं इसलिए यह हमेशा कठिन होने वाला था लेकिन हम वैसी साझेदारियां हासिल करने में कामयाब नहीं हो पाए जैसी हम चाहते थे।" भारत-अफगानिस्तान के बीच खेले गए मैच के परिणाम ने भी इंग्लिश टीम के चयन को प्रभावित किया। धर्मशाला में, उन्होंने बांग्लादेश के खिलाफ खेल में पिच को सही तरीके से पढ़ा, मोईन अली के स्थान पर रीस टॉपले के रूप में एक अतिरिक्त तेज गेंदबाज को शामिल किया, जबकि बांग्लादेश ने एक तीसरा स्पिनर चुना। दिल्ली में, वे इस तथ्य पर विचार करते हुए उसी एकादश पर अड़े रहे कि भारत ने भी रविचंद्रन अश्विन को बाहर कर शार्दुल ठाकुर को चुना था।

### 141वें आईओसी सत्र

### ओलंपिक 2028 में शामिल होगा क्रिकेट

# नीता अंबानी ने क्रिकेट प्रशंसकों को दी बधाई

**एजेंसी। मुंबई**

अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) सदस्य नीता एम अंबानी ने कहा कि लॉस एंजेलिस 2028 के ओलंपिक खेलों में क्रिकेट को शामिल किया जाना एक स्वागत योग्य कदम है। इस फैसले से दुनिया में ओलंपिक आंदोलन को लेकर लिए नई रुचि और कई नए अवसर पैदा होंगे। मुंबई में चल रहे 141वें आईओसी सत्र में क्रिकेट को आधिकारिक तौर पर ओलंपिक खेल के रूप में शामिल किए जाने पर नीता अंबानी ने कहा, एक आईओसी सदस्य, एक गौरवान्वित भारतीय और एक क्रिकेट प्रशंसक के तौर पर मुझे खुशी है कि आईओसी सदस्यों ने, लॉस एंजेलिस ग्रीष्मकालीन ओलंपिक 2028 में क्रिकेट को शामिल करने के लिए वोट किया। क्रिकेट सन 1900 में ओलंपिक में खेला गया था तब केवल दो टीमों ने भाग लिया था। अम्बानी ने कहा, क्रिकेट विश्व स्तर पर सबसे अधिक पसंद किए जाने वाले खेलों में से एक है और दूसरा सबसे ज्यादा देखा जाने वाला खेल है। 1.4 अरब भारतीयों के लिए, क्रिकेट सिर्फ एक खेल नहीं है, एक धर्म है! इतिहास में ऐसा दूसरी बार है जब आईओसी सत्र भारत में आयोजित किया जा रहा है, 40 साल बाद इसकी देश में वापसी हो रही है। क्रिकेट को ओलंपिक में शामिल करने का ऐतिहासिक निर्णय, भारत में लिया गया है। नीता अंबानी ने कहा, मुझे खुशी है कि यह ऐतिहासिक प्रस्ताव हमारे देश में, मुंबई में हो रहे एक सौ इकतालीसवें आईओसी सत्र में पारित किया गया। नीता अंबानी ने उम्मीद जताई कि इस घोषणा से दुनिया भर में खेलों की लोकप्रियता काफी बढ़ जाएगी। ओलंपिक में क्रिकेट को शामिल करने से नए भौगोलिक क्षेत्रों में ओलंपिक आंदोलन को लेकर गहरा जुड़ाव पैदा होगा। और साथ ही क्रिकेट की बढ़ती अंतरराष्ट्रीय लोकप्रियता को भी बढ़ावा मिलेगा। आईओसी सदस्य बनने वाली पहली भारतीय महिला नीता अंबानी ने इस दिन को भारत के लिए बहुत खुशी का दिन बताया। उन्होंने कहा, मैं इस ऐतिहासिक निर्णय के लिए आईओसी और लॉस एंजेलिस आयोजन समिति को धन्यवाद और बधाई देती हूं। यह सचमुच बहुत खुशी और उल्लास का दिन है!



## हांगझोऊ एशियाई पैरा गेम्स का जल्द होगा आगाज

**हांगझोऊ।** हांगझोऊ एशियाई पैरा गेम्स का उद्घाटन समारोह और चीनी प्रतिनिधिमंडल का स्वागत समारोह सोमवार को आयोजित किया गया। शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, लगभग एक सप्ताह के परिवर्तन के बाद निवासियों के पहले बैच के स्वागत के लिए एशियाई खेल गांव को एशियाई पैरा खेल गांव में बदल दिया गया है। 325,000 वर्ग मीटर के क्षेत्र को कवर करने वाले इस गांव को हांगझोऊ एशियाई खेलों के मीडिया गांव से बदला गया है। यह एशियाई पैरा खेलों के दौरान प्रतिनिधिमंडलों के लिए 3,446 कमरे उपलब्ध कराएगा।